kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-17 ❒ शनिवार, 14 फरवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



नसीमुद्दीन सिद्दीकी के सपा में जाने से बीजेपी पर कोई असर नहीं होगा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दावा किया है कि 2027 में बीजेपी फिर से प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी। कांग्रेस और सपा पर उत्तर प्रदेश के लोगों को ठगने का आरोप लगाया।

ब्रजेश पाठक

भारतीय पर्यटन की सबसे बड़ी चुनौती सही जानकारी और प्रभावी व्याख्या की कमी : संसदीय समिति 11

पूर्णिया सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, परिसर पुलिस छावनी में तब्दील 12

ये नए भवन नागरिक-केंद्रित शासन तथा राष्ट्रीय प्रगति के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं


# सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन विकसित भारत की यात्रा के महत्वपूर्ण मील का पत्थर : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय का नया भवन 'सेवा तीर्थ' और केंद्रीय सचिवालय के 'कर्तव्य भवन 1 एवं 2' विकसित भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं। उन्होंने कहा कि ये नए भवन नागरिक-केंद्रित शासन तथा राष्ट्रीय प्रगति के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

नए प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' तथा केंद्रीय सचिवालय की इमारतों 'कर्तव्य भवन 1 और 2' का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये भवन भारत की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से बनाए गए हैं। उन्होंने कहा, सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन 1 और 2 विकसित भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। ये नागरिक-केंद्रित प्रशासन और राष्ट्र की प्रगति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं।ङ्क उन्होंने इस अवसर पर सेवा तीर्थ स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश एक नए इतिहास का निर्माण देख रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि विक्रम संवत 2082, फाल्गुन कृष्ण पक्ष, विजया एकादशी, माघ 24 और शक संवत 1947 के इस पावन अवसर, जिसे वर्तमान कैलेंडर के अनुसार 13 फरवरी के रूप में जाना जाता है, भारत



❒ रेलवे टिकट और तत्काल बुकिंग के नियम बदलेंगे, ट्रेन किराए में बढ़ोतरी होगी

की विकास यात्रा में एक नए आरंभ का साक्षी बन रहा है। शास्त्रों में विजया एकादशी का विशेष महत्व है और इस दिन लिया गया संकल्प विजय दिलाता है। विकसित भारत के संकल्प के साथ सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन में प्रवेश करना शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक से देश के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, किंतु ये भवन ब्रिटिश साम्राज्य के प्रतीक के रूप में निर्मित किए गए थे। उन्होंने कहा कि 1905 के बंगाल विभाजन के समय कोलकाता ब्रिटिश विरोधी आंदोलन का प्रमुख केंद्र बन गया था, जिसके बाद 1911 में अंग्रेजों ने राजधानी को कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित किया और औपनिवेशिक सोच के अनुरूप इन भवनों का निर्माण कराया। उन्होंने कहा कि रायसीना हिल्स का चयन इस उद्देश्य से किया गया था कि ये भवन अन्य सभी इमारतों से ऊपर और प्रभावशाली दिखें। इसके विपरीत सेवा तीर्थ परिसर जमीन से जुड़ा हुआ है और यह जनता की आकांक्षाओं ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री ने बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान को फोन कर दी संसदीय चुनाव में जीत की बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान से शुक्रवार को फोन पर बात की और उन्हें देश में हुए संसदीय चुनावों में जीत पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी साझा की और बताया कि उन्होंने बांग्लादेश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के बीएनपी अध्यक्ष के प्रयासों को अपनी शुभकामनाएं और समर्थन दिया। साथ ही गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों वाले दो निकट पड़ोसी देशों के रूप में दोनों देशों की जनता की शांति, प्रगति और समृद्धि के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर जीत के लिए बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान को बधाई दी थी। उन्होंने कहा था कि वे बांग्लादेश में हुए संसदीय चुनाव में बीएनपी को निर्णायक जीत दिलाने के लिए तारिक रहमान को हार्दिक बधाई देते हैं। यह परिणाम बांग्लादेश की जनता के नेतृत्व पर विश्वास का प्रतिबिंब है। भारत लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के लिए अपना समर्थन जारी रखेगा। उल्लेखनीय है कि बीएनपी नेता तारिक रहमान पूर्व ● शेष पेज 11 पर

### 'विश्व रेडियो दिवस' पर प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के लिए जनता से मांगे सुझाव

नई दिल्ली। 'विश्व रेडियो दिवस' के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को बधाई दी और रेडियो को सूचना व रचनात्मकता का सशक्त माध्यम बताया। इस दौरान उन्होंने 22 फरवरी को प्रसारित होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम के लिए जनता से सुझाव देने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को एक्स पर कहा, ल्विश्व रेडियो दिवस एक ऐसे माध्यम का जश्न मनाने का अवसर है जो दूरदराज के गांवों से लेकर हलचल भरे शहरों तक लोगों की विश्वसनीय आवाज है। वर्षों से रेडियो समय पर सूचना पहुंचाता रहा है, प्रतिभा को निखारता रहा है और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करता रहा है। यह दिन इस माध्यम से जुड़े ● शेष पेज 11 पर

शंकराचार्य मामले पर मुख्यमंत्री योगी ने सपा को घेरते हुए कहा-

# कानून सबके लिए बराबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर आए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि अब उत्तर प्रदेश उपद्रव प्रदेश नहीं उत्सव प्रदेश के नाम से जाना जाता है। वर्ष 2030 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था देश की नंबर एक की अर्थव्यवस्था बनेगी। मुख्यमंत्री माघ मेले में शंकराचार्य विवाद पर भी खुलकर बोले और कहा कि कानून सबके लिए बराबर है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में राज्यपाल अभिभाषण पर आए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी को अपराधियों और माफियाओं को बढ़ावा देने वाली पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि सपा प्रदेश में शंकराचार्य विवाद, एसआईआर, लोकमाता अहिल्याबाई के मुद्दे पर समाज को बिगाड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सपा ने प्रयागराज में शंकराचार्य विवाद को अनावश्यक तूल दिया गया।

मुख्यमंत्री योगी ने प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य मामले पर कहा कि कानून सबके लिए बराबर है। उन्होंने आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चारों पीठों का उल्लेख किया; चारों वेदों के मंत्रों को पढ़ते हुए इनकी मर्यादा को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य के लिए पात्र होना चाहिए और वैदिक परंपराओं के अनुसार उसकी मान्यता होनी चाहिए। सनातन धर्म में शंकराचार्य पद सर्वोच्च है



❒ वंदे मातरम का विरोध करने वालों को देश में रहने का हक नहीं

❒ 12 हजार एकड़ में बन रहा देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट,खेल स्टेडियम बन रहे हैं, खिलाड़ियों को नौकरी

❒ महिला सशक्तिकरण पर जोर, सामाजिक सुरक्षा,नौ साल में हमने कोई टैक्स नहीं लगाया

इसलिए मर्यादा का पालन करना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने सवाल किया कि अगर वे शंकराचार्य थे तो समाजवादी पार्टी की सरकार में उन पर लाठीचार्ज क्यों किया गया था और एफआईआर दर्ज कराई गई। अब सपा के लोग नैतिकता की बात करते हैं। एक जिम्मेदार व्यक्ति कभी भी अमर्यादित आचरण नहीं कर सकता है। हम कानून का पालन करना जानते हैं और करवाना भी जानते हैं। उन्होंने कहा कि माघ मेले में श्रद्धालुओं के जीवन से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण के समय समाजवादी पार्टी के सदस्यों द्वारा हंगामा करने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि राज्यपाल प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख हैं। उनके आने का कार्यक्रम, अभिभाषण सब पहले से तय था। कार्यमंत्रणा की बैठक में भी चर्चा हुई थी। इसके बावजूद मुख्य विपक्षी दल का आचरण न केवल संवैधानिक प्रमुख बल्कि मातृशक्ति का अपमान करने वाला रहा।

मुख्यमंत्री योगी ने सदन में कहा कि सपा-कांग्रेस के लोग वंदे मातरम का विरोध करते हैं। वंदे मातरम का विरोध करने वालों को भारत में रहने का कोई हक नहीं है। ऐसे लोगों को वहीं जाना चाहिए जहां पर वंदे मातरम का विरोध होता है। कांग्रेस और सपा को भी चाहिए कि वे वंदेमातरम का विरोध न करें और जो विरोध करे उसे कान पकड़ कर धक्का देकर बाहर कर देना चाहिए। कांग्रेस और सपा को इस बात की घोषणा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए सदन में कहा कि देश के सर्वाधिक एयरपोर्ट ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### सरकार राहुल के खिलाफ प्रस्ताव नहीं लाएगी, एक सदस्य पहले ही दे चुके हैं नोटिसः रिजिजू

नई दिल्ली । केंद्र सरकार संसद के बजट सत्र के दौरान असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं लाने जा रही है। इस संबंध में एक सदस्य पहले ही नोटिस दे चुके हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को मीडिया को बताया कि सरकार ने पहले राहुल गांधी के खिलाफ प्रस्ताव लाने का फैसला किया था, लेकिन अब सरकार प्रस्ताव नहीं लाने जा रही है। इसके पीछे कारण है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पहले ही इस मामले में एक 'सब्सटैंटिव प्रस्ताव' पेश कर चुके हैं। इसमें उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द करने और उन्हें आजीवन चुनाव लड़ने से रोकने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने नियमों का उल्लंघन किया और एक अप्रकाशित किताब का गैर-कानूनी तरीके से उल्लेख किया। उन्होंने अपने बजट भाषण में भी कई आपत्तिजनक बातें कहीं, जैसे 'देश बेच दिया' कहना और प्रधानमंत्री के लिए अनुचित शब्दों का प्रयोग करना है। ऐसे कई मुद्दे हैं जिन पर हम उन्हें नोटिस देना चाहते थे। रिजिजू ने कहा कि 'सब्सटेंटिव मोशन' स्वीकृत होने के बाद अध्यक्ष से चर्चा कर यह तय किया जाएगा कि इसे विशेषाधिकार समिति या आचार समिति को भेजा जाए या सीधे सदन में चर्चा के लिए लाया जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से चर्चा कर यह तय किया जाएगा कि इसे विशेषाधिकार समिति या आचार समिति को भेजा जाए या सीधे सदन में चर्चा के लिए लाया जाए।

### वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग तेज, शांता कुमार बोले ऐसे महान क्रांतिकारी का सम्मान न होना दुर्भाग्य

शिमला । पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने महान क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की जोरदार वकालत की है। शांता कुमार ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि विश्व इतिहास में यह अनूठा उदाहरण है कि एक ही मां के तीनों पुत्र स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए और काला पानी की सजा भुगती। उन्होंने बताया कि सावरकर ने न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी स्वतंत्रता आंदोलन को संगठित किया। गिरफ्तारी के बाद जब उन्हें समुद्री जहाज से भारत लाया जा रहा था, तब उन्होंने जहाज के शौचालय से निकलकर समुद्र में छलांग लगा दी और लगभग 11 किलोमीटर तैरकर फ्रांस के तट तक पहुंचे।

# वाराणसी कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी, परिसर में सघन तलाशी अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के जनपद वाराणसी में कचहरी परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी जिला जज के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर बीती रात करीब 1:30 बजे भेजी गई थी। पूर्वाह्न में जिला जज ने इस संबंध में सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिंह गौतम को जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गुरुवार देर रात प्राप्त ई-मेल में कचहरी परिसर को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और बम निरोधक दस्ता तत्काल पहुंच गया।

डीसीपी वरुणा प्रमोद कुमार और कैंट थाना प्रभारी के नेतृत्व में पूरे कचहरी परिसर की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। चप्पे-चप्पे की जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। धमकी की सूचना के बाद कचहरी परिसर में कुछ समय के लिए अफरातफरी का माहौल रहा। बनारस बार और सेंट्रल बार के पदाधिकारियों ने न्यायिक कार्य स्थगित कर आपात बैठक की। अधिवक्ताओं में भी घटना को लेकर सतर्कता देखी गई। यह ई-मेल तमिलनाडु के एक व्यक्ति द्वारा भेजे जाने की बात सामने आ रही है। फिलहाल पुलिस ई-मेल भेजने वाले की पहचान और स्रोत का पता लगाने में जुटी है। सुरक्षा व्यवस्था एहतियातन कड़ी कर दी गई है। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इस मामले में गहन छानबीन हो रही है।

बनारस बार एसोसियेशन के पूर्व महामंत्री अधिवक्ता नित्यानंद राय ने बताया कि जिला न्यायाधीश को ई-मेल के जरिए कचहरी परिसर को बम से उड़ाने की धमकी ● शेष पेज 11 पर

### वाराणसी के बाद लखनऊ, अयोध्या और मीरजापुर समेत कई अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिली

लखनऊ । वाराणसी के बाद लखनऊ, अयोध्या, मेरठ, मीरजापुर समेत उत्तर प्रदेश में कई जिलों की कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है। संबंधित अदालत परिसर की पुलिस टीमों ने बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड के साथ छानबीन की लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। कचहरी परिसरों में सुरक्षा बढ़ा दी गई हैं। एटीएस, एसटीएफ और सुरक्षा जांच एजेंसी सतर्क हो गई हैं। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ के सिविल कोर्ट, कचहरी परिसर में बम होने की सूचना एक ?ईमेल के जरिए भेजी गई थी। इसकी जानकारी होते ही पुलिस टीमें, डॉग स्क्वायड टीमों ने कचहरी परिसर में सभी स्थानों पर गहन छानबीन की। अधिवक्ताओं ने अपने बस्ते और आसपास की जगहों पर जांच की लेकिन कोई भी वस्तु नहीं मिली। इस दौरान कचहरी परिसर में अफरातफरी का माहौल रहा। घटना के मद्देनजर एहतियातन कहचरी ?परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस मामले की जांच के लिए टीमें गठित की गई हैं। इसी तरह ● शेष पेज 11 पर

# बाराबंकी में दिनदहाड़े अधिवक्ता शोएब की गोली मारकर हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कोतवाली नगर क्षेत्र में अयोध्या लखनऊ राजमार्ग पर बाईपास असेनी मोड पर शुक्रवार दोपहर कार सवार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर निर्मम हत्या की गई। घटना की सूचना मिलते ही यूपी-112 की पीआरवी टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई। मुख्यालय यूपी-112, उत्तर प्रदेश पुलिस की घटना आख्या के अनुसार 13 फरवरी को दोपहर 13:22 बजे कॉलर द्वारा सूचना दी गई कि एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पीआरवी 5480 को डिस्पैच किया गया, जो छह मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, लखनऊ-बाराबंकी हाईवे पर असेनी मोड़ के पास सर्विस लेन पर उतरते समय कार संख्या ठध्32-घ्क्क4610 के चालक मो शोएब किदवई 50 वर्ष को बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने ओवर टेक कर रोक लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग की।गोली लगने से चालक उक्त की मौके पर ही मौत हुई।



❒ बाइक सवार बदमाशों ने कार चालक शोएब को बनाया निशाना, मौके पर मौत

बताते हैं कि शोएब का घर सिविल लाइन में डीएम आवास के पास है। लखनऊ आवास से चलकर वह अपने बाराबंकी घर आ रहा था। शोएब किदवई का पहले कभी माफिया मुख्तार अंसारी के संबंध हुआ करते थे। मुक्तरपुर गर्दिश के दिनों में राजधानी पुलिस और एटीएस द्वारा शोएब की भी गहरी पड़ताल की थी। वर्तमान में उसके व्यवहार में रिकॉर्ड परिवर्तन हुआ। नगरवासी दबी जुबान कहते हैं,बाबी शरीफ बनकर जिंदा ● शेष पेज 11 पर

### कानून व्यवस्था ध्वस्त, सरकार हर मोर्चे पर विफल : शिवपाल

कानपुर। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और शासन-प्रशासन ठप नजर आ रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है और सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। यह बातें शुक्रवार को जनपद पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश की जसवंतनगर सीट से विधायक शिवपाल सिंह यादव ने कही। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव आज कानपुर में एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। शिवपाल यादव ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर भी सरकार को घेरा। उनका कहना था कि सरकार इन समस्याओं पर नियंत्रण पाने में असफल रही है, जिससे आम जनता परेशान है। प्रशासनिक तंत्र निष्क्रिय हो चुका है और अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। साथ ही उन्होंने भाजपा पर जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने ● शेष पेज 11 पर

## प्रत्येक नागरिक भारत के सतत एवं समग्र विकास में दे सकता है योगदान : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक कर्मयोग के माध्यम से भारत के सतत और समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। राष्ट्रपति ने आज यहां ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया तथा 'कर्मयोग द्वारा सशक्त भारत' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने गुरुग्राम स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर के रजत जयंती समारोह का भी शुभारंभ किया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि संतुलित और समग्र विकास के लिए नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता का भौतिक प्रगति के साथ समन्वय आवश्यक है। आर्थिक प्रगति समृद्धि को बढ़ावा देती है और तकनीकी उन्नति नवाचार, दक्षता तथा प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है, जो एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। किंतु नैतिकता के अभाव में आर्थिक और तकनीकी विकास सामाजिक असंतुलन उत्पन्न कर सकता है। उन्होंने



कहा कि अनैतिक आर्थिक प्रगति से संपत्ति और संसाधनों का केंद्रीकरण, पर्यावरणीय क्षति तथा कमजोर वर्गों का शोषण हो सकता है। इसी प्रकार, नैतिक मूल्यों के बिना प्रौद्योगिकी का उपयोग मानवता के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता हमें मूलभूत मूल्य और नैतिक ढांचा प्रदान करती है, जो कर्मयोग अर्थात निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। आध्यात्मिकता सत्यनिष्ठा, करुणा, अहिंसा और सेवा जैसे गुणों पर बल देती है, जो ● शेष पेज 11 पर

# राज्यसभा में खरगे के भाषण के अंश हटाने पर विवाद, बहाली की मांग

एजेंसी

नई दिल्ली। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि चार फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान दिए गए उनके भाषण का एक बड़ा हिस्सा बिना उचित कारण के कार्यवाही से हटा दिया गया। खरगे ने शून्यकाल के बाद सदन में कहा कि उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत में ही स्पष्ट किया था कि राष्ट्रपति का अभिभाषण राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों को उठाने का एक महत्वपूर्ण अवसर होता है, किंतु कई महत्वपूर्ण विषय उसमें शामिल नहीं होते। इसी संदर्भ में उन्होंने सामाजिक न्याय, संसदीय कार्यप्रणाली और सरकार की नीतियों पर अपने विचार रखे थे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा की वेबसाइट पर अपलोड भाषण के शब्दशः पाठ की समीक्षा करने पर उन्हें पता चला कि उनके भाषण के वे हिस्से



❒ राज्यसभा में उठी विचाराधीन कैदियों को मतदान अधिकार और पत्रकारों की रेल रियायत की बहाली की मांग

❒ लोकसभा की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित

हटाए गए हैं, जिनमें उन्होंने वर्तमान सरकार के कार्यकाल में संसदीय कामकाज पर तथ्यात्मक टिप्पणियां की थीं तथा प्रधानमंत्री की कुछ ● शेष पेज 11 पर

### संसद में राहुल गांधी का आचरण अमर्यादित, निंदनीयः भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के लोकसभा में आचरण को बेहद निंदनीय और अमर्यादित बताया है।भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि संसद के बजट सत्र में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं के आचरण से स्पष्ट है की वे संसद की मर्यादा, नियमावली को भी नहीं मानते। उन्होंने कहा कि राहुल के इशारे पर ही कांग्रेस की महिला सांसदों ने 'खुराफात' किया। राहुल जब भी विदेश जाते हैं तो भारत विरोधी काम करते हैं। विदेशों में राहुल का हमेशा से यही काम रहा है।प्रसाद ने कहा कि राहुल ने हमेशा ही सेना के ● शेष पेज 11 पर

### राहुल गांधी ने किसान नेताओं के साथ भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते पर की चर्चा

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर स्थित कार्यालय में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से शुक्रवार को मुलाकात की। उन्होंने बैठक में किसानों से भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवा जैसी फसलों पर किसानों के पक्ष को सुना। राहुल गांधी ने कहा कि इस व्यापार समझौते से कृषि आयात के दरवाजे खुल गए हैं और जल्द ही अन्य फसलें भी इसके दायरे में आ सकती हैं। उन्होंने किसानों और खेत मजदूरों की आजीविका बचाने के लिए बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय आंदोलन की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में शामिल किसान नेताओं में ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के सुखपाल एस. खैरा, जीकेएस राजस्थान के रंजीत एस संधू, भारतीय किसान मजदूर यूनियन हरियाणा के एडवोकेट अशोक बल्हारा, केएमएम केरल ● शेष पेज 11 पर

# आर्यावर्त एकेडमी का वार्षिकोत्सव बच्चों की प्रतिभा का मंच बना: नीरज त्रिपाठी

❒ आर्यावर्त एकेडमी में आठवां वार्षिकोत्सव चहक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव, प्रयागराज। हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी आर्यावर्त एकेडमी कोरांव के प्रबंधक धीरज पांडेय द्वारा 13 फरवरी 2026 को 8वां वार्षिकोत्सव ''चहक-2026'' आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नीरज त्रिपाठी, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व अपर महाधिवक्ता, उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। नीरज त्रिपाठी ने अपने संबोधन में शिक्षा और संस्कार के महत्व पर जोर दिया और बच्चों को प्रेरित किया श।इस वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रतिभा और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की गई। नीरज त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार आवश्यक है, और आर्यावर्त एकेडमी का वार्षिकोत्सव बच्चों की प्रतिभा का मंच बन गया। त्रिपाठी ने छात्र छात्राओं को पुरस्कार भी वितरण किया मुख्य अतिथि के अलावा अपर शासकीय अधिवक्ता अनिल मिश्र, प्रमोद मिश्र पयासी, चंद्र भूषण तिवारी अधिवक्ता, शशि द्विवेदी अधिवक्ता, विजय शंकर मिश्र ,राहुल सिंह समेत अन्य क्षेत्र के सम्मानित लोग कार्यक्रम में पहुंचकर शोभा बढ़ाए

# श्रृंगवेरपुर में बन रहा भव्य निषादराज सांस्कृतिक केंद्र,70 प्रतिशत कार्य पूर्ण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । रामनगरी अयोध्या की तर्ज पर श्रृंगवेरपुर में निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण तेजी से चल रहा है। 19.61 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना का लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

सांस्कृतिक केंद्र में आधुनिक म्यूजियम ब्लॉक बनाया जा रहा है, जहां श्रीराम और निषादराज की ऐतिहासिक मिलन कथा को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। 400 क्षमता वाले आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण भी अंतिम चरण में है। परिसर में बाउंड्री वॉल, लैंडस्केपिंग, मुख्य द्वार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सेप्टिक टैंक और अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि श्रृंगवेरपुर त्याग और समरसता की प्रतीक भूमि है। यह केंद्र निषाद समाज के गौरव को राष्ट्रीय पहचान दिलाएगा और नई पीढ़ी को रामराज्य की भावना से जोड़ेगा।लगभग 45 किमी दूर स्थित यह ऐतिहासिक स्थल धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## नैनी में युवक की हत्या, कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनानगर जोन के नैनी थाना क्षेत्र में राजेश निषाद की बदमाशों द्वारा हत्या किए जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना खुलेआम होने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। नैनी थाना प्रभारी पर कानून व्यवस्था संभालने में विफल रहने के आरोप भी लग रहे हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

## धूमनगंज में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के भोला का पुरा निवासी 20 वर्षीय राज शर्मा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह शादी–विवाह कार्यक्रमों में डेकोरेशन का कार्य करता था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग स्तब्ध रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है।

## कैंट में ज्वेलरी शॉप से लाखों की चोरी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कैंट थाना क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित एक ज्वेलरी शॉप में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। दुकान मालिक के अनुसार करीब 20 किलो चांदी और लगभग 100 ग्राम सोने के जेवरात चोरी हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने में लगी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। पुलिस ने जल्द खुलासे का दावा किया है।

## महाशिवरात्रि पर कड़े सुरक्षा प्रबंध

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए नगर जोन में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रमुख मंदिरों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई गई है। पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो।

## गर्भवती महिला की इलाज के दौरान मौत, पुलिस जांच में जुटी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंगानगर थाना फूलपुर क्षेत्र के ग्राम आटा निवासी एक गर्भवती महिला की इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू की।सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर विवेक कुमार यादव ने 13 फरवरी 2026 को जानकारी देते हुए बताया कि महिला की मृत्यु उपचार के दौरान हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है, जिससे मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सके।उन्होंने बताया कि परिजनों से पूछताछ की जा रही है तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

## सूबेदार मेजर रामपाल सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के खेरवा गांव स्थित सूबेदार मेजर रामपाल सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक एमएलसी उमेश कुमार द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर धूप, दीप एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आपको बता दें कि, अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि उमेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि, खेरवा गांव का यह विद्यालय किसी महल की तरह नहीं, बल्कि वास्तविक अर्थों में ्शिक्षा का मंदिर् है। यहां चरित्र निर्माण, संस्कार निर्माण के साथ–साथ वैज्ञानिक, अर्थशास्त्री और राजनेता तैयार होते हैं। विद्यालय समाज की नींव गढ़ने वाला केंद्र है, जिसे व्यक्तिगत दृष्टिकोण से नहीं बल्कि सामाजिक विकास के आधार के रूप में देखना चाहिए।

# कोडिन सिरप मुद्दे की सीबीआई जांच हो: उज्जवल




❒ मृतक परिजनों को पांच–पांच लाख का मुआवजा सरकार दें।कोडिन सिरप का मुद्दा लोकसभा में गूंजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने आज लोकसभा में कोडिन कफ सिरप के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में जहरीली कफ सिरप से हुई मौतों की सीबीआई जांच होनी चाहिये ।सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह ने अधिष्ठाता महोदया को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिन परिवार के बच्चों की मौत हुई हैं सरकार उनके परिजनों को पांच -पांच लाख का मुआवजा दें,और सीबीआई जांच करा कर दोषियों को सजा दिलाने का काम हो जिससें एक नाजिर बनें।

# 15 को पियरीया महराज के आश्रम में मनाया जाएगा पांचवां वर्षगांठ , होगा भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के विकास खंड कोरांव में स्थित हंडिया गांव में परमानंद नर्वदेश्वर महादेव शिव मंदिर का पांचवां वर्षगांठ 15 फरवरी को मनाया जाएगा। यह मंदिर पहाड़ी से आक्षादित है और क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है।

इस अवसर पर क्षेत्र के जन प्रतिनिधि और भक्तगण प्रसाद ग्रहण करेंगे। प्रसाद देशी घी से शुद्ध बनाया जाता है। यह कार्यक्रम गुरुपूर्णिमा का 47 वा वर्ष है, जो 1990 से 2017 तक मानपुर (पुरवा) में छोटे लाल सिंह के यहां होता था, लेकिन 2018 से पियरिया महराज आश्रम हंडिया में आयोजित किया जा रहा है। आश्रम में क्षेत्र के भक्तगण अपनी स्वेच्छा से दान भी करते हैं। कार्यक्रम को संपन्न कराने में मुख्यरूप से , सूबेदार सिंह , विक्रजित सिंह ,हरदेव सिंह, श्याम सिंह ,समेत अन्य भक्तगण का सहयोग रहेगा प्रयागराज के विकास खंड कोरांव में स्थित हंडिया गांव में परमानंद नर्वदेश्वर महादेव शिव मंदिर का पांचवां वर्षगांठ 15 फरवरी को मनाया जाएगा। यह मंदिर पहाड़ी से आक्षादित है और क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। इस अवसर पर क्षेत्र के जन प्रतिनिधि और भक्तगण प्रसाद ग्रहण करेंगे। प्रसाद देशी घी से शुद्ध बनाया जाता है। यह कार्यक्रम गुरुपूर्णिमा का 47 वा वर्ष है, जो 1990 से 2017 तक मानपुर (पुरवा) में छोटे लाल सिंह के यहां होता था, लेकिन 2018 से पियरिया महराज आश्रम हंडिया में आयोजित किया जा रहा है। आश्रम में क्षेत्र के भक्तगण अपनी स्वेच्छा से दान भी करते हैं। कार्यक्रम को संपन्न कराने में मुख्यरूप से , सूबेदार सिंह , विक्रजित सिंह ,हरदेव सिंह, श्याम सिंह ,समेत अन्य भक्तगण का सहयोग रहेगा

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें त्योहार व पंचायत चुनाव

बिसवां, सीतापुर। आगामी महाशिवरात्रि पर्व एवं रमजान त्योहार तथा पंचायत चुनावों के मद्देनजर सदरपुर थाना परिसर में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी महमूदाबाद की अध्यक्षता में एक पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई जिसमें क्षेत्र के कई दर्जन हिन्दू, मुस्लिम धर्मावलंबियों के अलावा तमाम संभ्रांत लोग शामिल हुए।

## सूचना

सार्वजनिक सूचनासर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र में नाम आद्धवन सिंह अंकित हो गया था, जो कि त्रुटिपूर्ण है। वास्तव में मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम पार्थ सिंह है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र को पार्थ सिंह के नाम से ही जाना जाए। सुनील कुमार सिंह, पिता श्री राज नारायण सिंह, निवासी-मकान सं. 112, हमजाबाद, जिला-सुल्तानपुर, उ.प्र.-228132


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | Catering1205 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at PYGS station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.02.2026 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.02.2026 at 12:30 hrs.. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-49-24-1 | PYGS/PF-4&5/109/ New | 23.02.2026 at 12:30 hrs. | SMU | SC |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 477/26


# डीएम ने ग्राम चौपाल लगाकर सुनीं लोगों की समस्याए

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सरकार के मंसानुसार वि.ख. अमावां की ग्राम पंचायत बहादुर नगर के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित ग्राम चौपाल में लोगों की समस्याएं सुनी। जिसमें उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के सामने बिजली, सड़क, पेंशन आदि संबंधित मामले आए। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याएं शीघ्र ही निस्तारित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामवासियों से केन्द्र व राज्य सरकार की मिल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी ली। जिसके संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें उक्त योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन आदि योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित कराया जाये कि सभी पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ मिलें और कोई भी पात्र लाभार्थी लाभ परक योजनाओं से वंचित न रहे।

चौपाल में ग्रामीण विद्युतीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, स्वच्छ पेयजल कार्यक्रम, राशन वितरण प्रणाली, पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उप्र स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन योजना-ग्रामीण, राज्य/केन्द्रीय वित्त योजना, मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित आदि योजनाओं पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की हेल्प डेस्क लगाकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया गया एवं स्वास्थ्य कैंप का भी आयोजन किया गया ।चौपाल में व्यापक रूप से विकसित भारत ग्रामीण गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका योजना के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया गया । इससे पूर्व जिलाधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय बहादुर नगर में बच्चों के लिए मनरेगा योजना अंतर्गत निर्मित मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) शेड और एक अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह पहल बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल और सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी दौरान जिलाधिकारी ने आयोजित ग्राम चौपाल में विज्ञान क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कक्षा-8 की छात्रा सुश्री शिवांशी को साइकिल एवं कक्षा-08 के उमेश, विशाल, आदर्श, कक्षा-07 के सुरजीत को किट का वितरण कर सम्मानित किया तथा हौसिला स्वयं सहायता समूह , छाया स्वयं सहायता समूह , ज्ञान स्वयं सहायता समूह एवं राग स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सामुदायिक निवेश निधि का 1.5 लाख धनराशि के डेमोचेक एवं ममता व शर्मिला को लखपति दीदी के रूप में आजीविका संवर्धन में उक्त कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र तथा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत दयाराम, रामचरन, रामफ़ेर एवं सविता को डीजल पम्प सेट का वितरण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय के समस्त बच्चों को स्टेशनरी किट भी वितरित किया ।

# खड़ी सरसों की फसल को अराजक तत्वों ने कीट नाशक दवा छिड़क कर नष्ट करने का किया प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। तहसील क्षेत्र के राजस्व गांव मऊ में एक चिंताजनक और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। गांव के ही एक किसान की तैयार खड़ी सरसों की फसल को अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा फसल-नाशक दवा का छिड़काव कर नष्ट करने का प्रयास किया गया। इस घटना से न केवल पीड़ित किसान को आर्थिक क्षति हुई है, बल्कि पूरे क्षेत्र के किसानों में रोष और असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गई है। आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के अनुसार, मऊ सर्की गांव निवासी किसान अजीत प्रताप सिंह ने महराजगंज-इन्हौना मार्ग पर बड़ी नहर और मऊ बाजार के मध्य स्थित भूमि गाटा संख्या 4371(ख) में सरसों की फसल बोई थी। इस समय फसल पूरी तरह से विकसित अवस्था में थी–खेत पीले फूलों से लहलहा रहा था और अच्छी पैदावार की उम्मीद जताई जा रही थी। इसी बीच, अज्ञात व्यक्तियों द्वारा खेत के लगभग दो बिस्वा क्षेत्र में किसी अज्ञात फसल-नाशक रसायन का छिड़काव कर दिया गया। परिणामस्वरूप, उस हिस्से की सरसों की फसल झुलसकर सूख गई। प्रभावित क्षेत्र में पौधों की पत्तियां काली पड़ गईं और कुछ ही दिनों में पूरी फसल नष्ट हो गई। किसान अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि, फसल पूरी तरह तैयार थी और उन्हें इस बार अच्छी आमदनी की उम्मीद थी। लेकिन अज्ञात लोगों की इस हरकत ने उनकी मेहनत पर पानी फ़ेर दिया। उन्होंने कहा कि, जहां-जहां दवा का छिड़काव किया गया है, वहां की पूरी फसल बर्बाद हो चुकी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि, मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच कराई जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी किसान ऐसी घटना का शिकार न हो। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के किसान भी आहत हो उठे। उनका कहना है कि, यह कृत्य किसानों की मेहनत और जीविका पर सीधा प्रहार है। एक ओर केंद्र और प्रदेश सरकारें किसानों की आय दोगुनी करने तथा आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने की बात कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर समाज में छिपे कुछ असामाजिक तत्व इस प्रकार की हरकतों से किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।


# कार्यालय ग्राम पंचायत खानपुर विकास खण्ड हैदरगढ़ जिला बाराबंकी

पत्रांक मेमो / ग्रा0पं0/ सामग्री आपूर्ति /निविदा सूचना / 2025–26 दिनांक 14/02/2026

## निविदा सूचना

विकास खंड हैदरगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खानपुर मे पंचम राज्य वित्त / केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत जनहित मे निम्नलिखित कार्य कराया जाना है जिसके लिए संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु GST पंजीकृत फार्म मालिक / ठेकेदार / आपूर्तिकर्तावों से स्वीकृत दरों के अधीन निम्नलिखित शर्तों एंव प्रतिबंधों के आधीन निविदा आमंत्रित कि जाती है। निविदा फार्म ग्राम पंचायत खानपुर कार्यालय से दिनांक 20/02/2026 से 06/03/2026 तक किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त किए जा सकते है ।मोहरबंद निविदायें दिनांक 06/03/2026 को सुबह 10 बजे से 2 बजे अपरहन तक निविदा बाक्स मे डाली जाएगी तथा06/03/2026 को ही ग्राम पंचायत कि निविदा सीमित द्वारा ग्राम में प्रा वि बड़ी चौकी में पंजीकृत फार्म मालिक / ठेकेदार / आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष 3:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य कि मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण कि आवधि | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मिडिल स्कूल खानपुर की बॉउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 749778/– | 500 रुपये | 3 माह | |
| 2 | प्राइमरी स्कूल बड़ी चौकी खानपुर का कायाकल्प कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 749661/– | 500 रुपये | 3 माह | |
| 3 | पक्की रोड से प्राइमरी स्कूल बड़ी चौकी तक खड़ंजा मरम्मत कार्य । | प्राक्कलन के अनुसार | 196078/– | 500 रुपये | 3 माह | |
| 4 | मिडिल स्कूल खानपुर का कायाकल्प कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 749591/– | 500 रुपये | 3 माह | |
| 5 | हैन्ड पम्प रिबोर कार्य ग्राम पंचायत में | प्राक्कलन के अनुसार | 370010/– | 500 रुपये | 3 माह | |

01– आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप आपूर्ति करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।
02– आपूर्ति की गयी सामग्री का भाड़ा व किराये का भुगतान अलग से दे नहीं होगा ।
03– आपूर्तिकर्ता को संलग्न बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री को की आपूर्ति संबंधित सचिव / प्रधान के द्वारा बताए गए निर्दिष्ट स्थान पर करना होगा
04– बिना कारण बताये किसी भी निविदा कोअस्वीकार करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान / निविदा समिति ग्राम पंचायत खानपुर का सुरक्षित होगा।
05– निविदा से संबंधित नियम व शर्तें निविदा फार्म खरीदते समय कार्यालय से प्राप्त करें।

चंद्र भानु पाण्डेय
पंचायत सचिव – खानपुर
वि ख –हैदरगढ़ जनपद – बाराबंकी

विजय कुमार सैनी
प्रशासक– खानपुर
वि ख –हैदरगढ़ जनपद – बाराबंकी

# बजट का विशाल आकार देश की मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत है: डा. नीरज बोरा

❒ यह बजट देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम सिद्ध होगा : विधायक



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार के बजट से संबंधित जनसंवाद के उद्देश्य से पुरनिया स्थित विधायक कार्यालय पर बजट चौपाल का आयोजन किया गया।

चौपाल में वक्ताओं ने केंद्रीय एवं प्रदेश सरकार के बजट के प्रमुख प्रावधानों, नई योजनाओं तथा जनकल्याणकारी घोषणाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर विधायक डा. नीरज बोरा ने कहा कि प्रस्तुत बजट जनकल्याण की मजबूत आधारशिला है जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान का ध्यान रखा गया है। बजट का विशाल आकार देश की मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत है और यह भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम सिद्ध होगा। चौपाल में किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों तथा वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े विषयों पर विशेष चर्चा की गई तथा उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, चन्द्रशेखर गुप्ता, रमन निगम, अनुराग मिश्रा, सी.बी.सिंह, पृथ्वी गुप्ता, राघवराम तिवारी, स्वदेश सिंह, अवधेश त्रिपाठी, मान सिंह यादव, सुदर्शन कटियार, सौरभ तिवारी, राजकुमार मौर्या, मुसव्विर अली मंशू, राकेश पाण्डेय, अनूप सिंह, सतीश वर्मा, कृपाशंकर मिश्र व अनुराग साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 'लो भारत अपने हाथ में, निकलों बंद मकानों से' के नारों से गूंजा कॉल्विन कॉलेज का मैदान

❒ वीरांगना वाहिनी के द्वितीय सम्मेलन में शामिल हुईं प्रदेशभर की 5 हजार उभरती नेतृत्वकारी युवतियां

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ । राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कॉल्विन तालुकेदार कॉलेज प्रदेशभर से आई 5 हजार वीरांगनाओं के नारों से गूंज उठा। महिलाओं की सामूहिक शक्ति के माध्यम से उनके हक-अधिकार और सुरक्षा की बात करते हुए, वीरांगना वाहिनी का यह द्वितीय सम्मेलन शुक्रवार को आयोजित हुआ।

वीरांगना वाहिनी की संस्थापक ऊषा विश्वकर्मा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुआ कहा कि वीरांगना वाहिनी नौजवान लड़कियों और महिलाओं की सामूहिक शक्ति तथा नेतृत्व को खड़ा करने के लिए समर्पित संगठन है। इसका उद्देश्य है कि हर महिला सुरक्षित बने, स्वावलंबी बने और समाज के सभी क्षेत्रों में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन में नेतृत्वकारी भूमिका निभाए। यह नेतृत्वकारी शक्ति केवल महिला सशक्तिकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि नए समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। अन्य वक्ताओं ने सभा में कहा कि वीरांगना वाहिनी एक सामाजिक-सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में तेजी से बढ़ रही है। लैंगिक, जातीय और धार्मिक संवाद के माध्यम से यह समता-मूलक समाज का सपना साकार का प्रयास कर रही है। प्रकृति और जीवन-निर्वाह से गहरे जुड़ाव के कारण महिलाएँ आज के पर्यावरण संकट का जवाब देने और सतत ज्ञान-प्रणालियों को पुनर्जीवित करने के लिए सबसे उपयुक्त हैं।

ऊषा विश्वकर्मा ने बताया कि वीरांगना वाहिनी की दिशा में 2018 से निरंतर संवाद, बैठकें, शिविर और यात्राएँ चल रही थीं। परंतु इसकी औपचारिक स्थापना सम्मेलन राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 13 फरवरी 2025 को आयोजित हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश के 40 जिलों से लगभग एक हजार लड़कियाँ शामिल हुईं।

### ... मेरी दूसरी मां हैं ऊषा विश्वकर्मा

सम्मेलन के दौरान अचानक से सभी की आंखों में आंसू आ गए। जब वीरांगना वाहिनी की आयशा ने मंच से अपनी कहानी सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार ऊषा विश्वकर्मा ने उसे अनाथ आश्रम से निकालकर एक नई जिंदगी दी। कई साल पहले अपनी मां को खो चुकी आयशा ने ऊषा को अपनी दूसरी मां कहा और कहा कि वह अपनी इस मां के लिए जान भी दे सकती है। ऐसा कहते-कहते वो मंच से उतरी और अपनी इस मां के गले लगकर जोर से रो पड़ी। उस दौरान आंसू सिर्फ उन दोनों की आंखों में नहीं थे बल्कि वहां मौजूद हर कोई अपनी आंखों में नमी महसूस कर रहा था।

## बुजुर्ग की मौत मामले में अज्ञात ट्रक चालक पर एफआईआर, सीसीटीवी से तलाश जारी

**बख्शी का तालाब, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** सीतापुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैरपुर थाने के ठीक सामने हुए दर्दनाक हादसे में बुजुर्ग की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बीकेटी थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी रामचन्द्र मौर्य (82) गुरुवार दोपहर साइकिल से बीकेटी जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े और ट्रक का पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी।हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।एसओ मनोज कोरी ने बताया कि अज्ञात ट्रक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही वाहन और चालक को चिन्हित कर गिरफ्तारी की जाएगी।घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने हाइवे पर बढ़ती तेज रफ्तार और लापरवाही पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## यात्री हितैषी लाइव ट्रेन सूचना वेबपेज की शुरुआत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रेल के लखनऊ मंडल ने गोरखपुर जंक्शन पर ट्रेन स्थिति प्रदर्शन प्रणाली के डिजिटलीकरण हेतु एक इन-हाउस वेब एप्लिकेशन का विकास किया है, जिसे बिना किसी अतिरिक्त व्यय के तैयार किया गया है। इस पहल के अंतर्गत पूछताछ काउंटर पर मैन्युअल रूप से अद्यतन किए जाने वाले व्हाइटबोर्ड के स्थान पर रियल-टाइम डिजिटल इंटरफ़ेस स्थापित किया गया है, जिससे यात्रियों को सटीक एवं पारदर्शी ट्रेन सूचना उपलब्ध हो सके। यह वेबपेज अगले चार घंटों में गोरखपुर से प्रस्थान करने वाली सभी ट्रेनों की लाइव स्थिति प्रदर्शित करता है। ट्रेनों को दिशा-वार प्रदर्शित किया गया है, जिससे विशेषकर दैनिक यात्रियों एवं अनारक्षित यात्रियों को जानकारी समझने में सुविधा हो। डायवर्ट, रेगुलेट तथा निरस्त ट्रेनों को विशेष रूप से हाइलाइट किया गया है, ताकि किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति अथवा अंतिम समय की असुविधा से बचा जा सके। यात्री स्टेशन पर प्रदर्शित 'क्यूआर कोड' स्कैन कर सीधे वेबपेज तक पहुंच सकते हैं। वेबपेज में ऑटो-रिफ्रेश एवं ऑटो-स्क्रोल की सुविधा उपलब्ध है।

## संरक्षा विभाग ने किया संरक्षा वेबीनार का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल में संरक्षा जागरूकता बढ़ाने एवं दुर्घटना मुक्त संचालन सुनिश्चित करने की दिशा में मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में अपर मण्डल रेल प्रबन्धक(इंफ्रा0) भुवनेश सिंह, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक(परिचालन) नीतू तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया की उपस्थिति में संरक्षा विभाग द्वारा एक संरक्षा वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार में परिचालन एवं इंजीनियरिंग विभाग के 60 से अधिक लाइन कर्मचारियों ने सक्रिय रूप भाग लिया। वेबीनार का मुख्य उद्देश्य लाइन स्टाफ को संरक्षा नियमों, प्रक्रियाओं एवं सावधानियों की गहन जानकारी प्रदान करना था। संरक्षा सलाहकारों द्वारा विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

## तृतीय सरंई गुदौली युवा ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट लीग का आगाज आज से

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के सरंई गुदौली में आज से तृतीय सगाई रुदौली युवा ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट लीग का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा (डिम्पल) द्वारा कराया जा रहा है। खास बात यह है कि ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा द्वारा आयोजित यह तीसरा क्रिकेट टूर्नामेंट है, जिससे क्षेत्र के युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे मुकाबले बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है, साथ ही खेल के माध्यम से युवाओं को निखारने और आगे बढ़ाने का कार्य होता है। क्षेत्रवासियों में टूर्नामेंट को लेकर उत्साह का माहौल है और क्रिकेट प्रेमियों को शानदार मुकाबलों का इंतजार है।

## महादेव मंदिर से निकलेगी कावड़ यात्रा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र के गांव जगमोहन सिंह का पुरवा मेंमहाशिवरात्रि पर्व काशेस्वर महादेव मंदिर से कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी देते हुए प्रदीप कुमार ने बताया कि 15 फरवरी को सुबह 10:00 बजे यात्रा निकलेगी। इस कार्यक्रम में सभी भक्त ढोल बाजे के साथ नाचते गाते हुए भवरेश्वर मंदिर तक जाएंगे। प्रदीप ने बताया कि यह यात्रा प्रति वर्ष निकाली जाती है। इसमें क्षेत्र के लोग बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

# वॉटर टैंक-ट्रैक्टर से भिड़ी बाइक चालक की मौके पर मौत

❒ मृतक प्राइवेट नौकरी कर चलाता था परिवार, घायल का अस्पताल में चल रहा इलाज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब, लखनऊ। महिंगवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीकेटी कुम्भरावां रोड स्थित दरियापुर चौराहा पर शुक्रवार सुबह करीब दस बजे एक भीषण सड़क हादसे ने क्षेत्र को दहला दिया। महिंगवां थाना क्षेत्र में वॉटर टैंक-ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम छा गया।जानकारी के अनुसार, मुसपिपरी निवासी संजय उर्फ संजू (35) छठामील क्षेत्र में प्राइवेट नौकरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। शुक्रवार सुबह वह अपने साथी सुरेश चंद्र के साथ किसी कार्य से बीकेटी की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक दरियापुर चौराहे के पास पहुंची, सामने से आ रहे वॉटर टैंक-ट्रैक्टर से जोरदार भिड़ंत हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। संजय के सिर में गंभीर चोट आई और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं सुरेश चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही महिंगवां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्ता ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पीछे पत्नी और बच्चों को छोड़ गए हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

# स्टूडेंट्स के लिए आयोजित हुआ ओरल हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम और डेंटल स्क्रीनिंग कैंप



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । इंटरनेशनल ओरल एंड मैक्सिलोफ़ेशियल सर्जरी डे के मौके पर लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज के डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट ने स्टडी हॉल स्कूल में क्लास-4 के स्टूडेंट्स के लिए एक ओरल हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम और डेंटल स्क्रीनिंग कैंप ऑर्गनाइज़ किया। यह इनिशिएटिव डायरेक्टर, डॉ. सी. एम. सिंह, डीन, प्रो. प्रद्युम्न सिंह और सीएमएस प्रो. विक्रम सिंह की गाइडेंस से किया गया। प्रोग्राम का मकसद बच्चों में ओरल हेल्थ के बारे में जल्दी अवेयरनेस बढ़ाना और प्रिवेंटिव डेंटल केयर की इंपॉर्टेंस पर ज़ोर देना था। सेशन के दौरान, प्रो. और हेड डेंटिस्ट्री, डॉ. शैली महाजन ने बेसिक ओरल हाइजीन प्रैक्टिस और टूथ-ब्रश करने की सही टेक्नीक दिखाई, और स्टूडेंट्स को कम उम्र से ही हेल्दी आदतें अपनाने के लिए बढ़ावा दिया, जिससे लंबे समय तक चलने वाली कॉम्प्लीकेशंस को रोकने में समय पर इंटरवेंशन की इंपॉर्टेंस पर ज़ोर दिया गया।

**रंगोली प्रतियोगिता में देखने को मिली विद्यार्थियों की रचनात्मकता**

# पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज अनैया में आयोजित हुआ विदाई समारोह , भावुक हुए छात्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के अनैया स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में इंटर मीडियट के छात्रों का विदाई समारोह का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगोली, नाटक और नृत्य जैसी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा और विदाई समारोह को यादगार बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की रचनात्मकता देखने को मिली, वहीं नाटक प्रस्तुति के माध्यम से सामाजिक संदेश भी दिया गया। नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह भर दिया और तालियों की गूंज पूरे परिसर में सुनाई देती रही। आयोजन के दौरान जलपान एवं भोजन की भी उत्तम व्यवस्था रही, जिससे सभी अतिथियों और विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। विदाई के अवसर पर विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिससे माहौल भावुक हो गया। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु मिश्र, प्रधानाचार्य प्रेमशंकर अवस्थी, उप प्रधानाचार्य मिथिलेश तिवारी सहित शिक्षक देशबंधु मिश्रा, शैलेंद्र त्रिवेदी, शैलेंद्री, अजीत अवस्थी, अनूप कुमार, अंकित सिंह, सोनी, अनुराग तिवारी, हरीश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। सभी शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुशासन और मेहनत से सफलता निश्चित है। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास, सम्मान और यादगार पलों के साथ हुआ।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए नेपाल से चले तो साइकिल यात्रियों को मिला सम्मान




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । गोमती नगर के विभूति खंड स्थित राज्य महिला आयोग कार्यालय में उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव ने काठमांडू नेपाल निवासी शुभ प्रसाद शर्मा एवं यमुना ढकाल द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए नेपाल होते हुए उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या होते हुए लखनऊ आगमन हुआ। इस दौरान महिला आयोग कार्यालय में दोनों साइकिल यात्रियों को अपर्णा यादव द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर सनातन गोरखा कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव सिंह व शानूमल्ल कौशल, ओगकार नाथ चौरसिया, राजेश कुमार, मोनिका मिश्रा, हिमांशु जैसवाल, चांदनी, अंजू चौधरी मौजूद रही।

# डीपीएस जूनियर ब्रांच में दो दिवसीय अंतर विद्यालयी उत्सव ''वॉइला एनकैंटो 2.0'' का हुआ शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ । गोमती नगर विस्तार स्थित डीपीएस जूनियर ब्रांच में दो दिवसीय अंतर-विद्यालयी उत्सव 'वॉइला एनकैंटो 2.0 का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। जिसमें आयोजन के पहले दिन डॉ. शिशिर के. श्रीवास्तव(फाउंडर एंड सीईओ, यूनिफ्यूजन कंसल्टेंट्स), डॉ. सुमन भानोत सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर(पूर्व डीन और हेड, होम साइंस कॉलेज) व गरिमा मलिक(चीफ ऑफ ऑपरेशंस, लैब्रिंथ प्राइवेट) मौजूद रहे।

इस दो दिवसीय आयोजन में शहर के 20 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों के 250 से अधिक विद्यार्थियों ने शिरकत की और रचनात्मकता व समग्र शिक्षा का उत्सव मनाया। आयोजन में द मैजिक ऑफ वॉइला एनकैंटो जो कलात्मक और नाटकीय प्रस्तुतियों का मंत्रमुग्ध कर देने वाला प्रदर्शन रहा। अंडरवॉटर थीम वाली फैंसी ड्रेस जो एक रचनात्मक शोकेस जहाँ नन्हे बच्चों ने समुद्री जीवन को मंच पर जीवंत कर दिया। तो वहीं वैज्ञानिक नवाचार और कला जो विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण और कलात्मक गहराई को दर्शाती प्रदर्शनियाँ रही। संगीत और नृत्य प्रस्तुतियाँ जो लखनऊ की युवा प्रतिभाओं के सांस्कृतिक कौशल को प्रदर्शित करने वाला शानदार प्रदर्शन रहा। इस मौके पर प्रधानाचार्या रूपम सलूजा और उप प्रधानाचार्या वरिंदर कौर ने सभी प्रतिभागी स्कूलों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डिपो की ई-बस में छूटा मोबाइल परिचालक की ईमानदारी से यात्री को मिला वापस

दुबग्गा, लखनऊ । उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के दुबग्गा डिपो से संचालित इलेक्ट्रिक बस संख्या यूपी-32 टग 1508 में सफर के दौरान एक यात्री का मोबाइल फोन छूट गया। जानकारी के अनुसार, यात्री प्रदीप यात्रा के बाद अपना मोबाइल बस में ही भूल गए थे।बस के परिचालक को मोबाइल मिलने पर उन्होंने ईमानदारी का परिचय देते हुए उसे दुबग्गा डिपो में जमा करा दिया। इस बीच जब यात्री प्रदीप ने अपने मोबाइल पर कॉल की तो मामले की जानकारी डिपो प्रशासन को हुई।दुबग्गा डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी अनिल तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित यात्री को डिपो बुलाया और सत्यापन के बाद उनका मोबाइल सही अवस्था में सुपुर्द कर दिया।मोबाइल सुरक्षित वापस मिलने पर यात्री ने डिपो प्रशासन और परिवहन निगम के कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस घटना से निगम कर्मचारियों की ईमानदारी और जिम्मेदारी की भावना एक बार फिर उजागर हुई है।

# ब्लॉक सभागार में हमारा- आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम संपन्ननन्हे मुन्नों ने मचाया जमकर मचाया धमाल



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । ब्लॉक गोसाईगंज क्षेत्र परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में जमकर धमाल मचाया। यह कार्यक्रम गोसाईगंज विकासखंड के सभागार में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा उर्फ डिम्पल का खंड शिक्षा अधिकारी रामराज ने पुस्तके भेंटकर स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी के बाद पश्चात बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। चौरासी स्कूल के बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित मन को मोह लेने वाली नाटक प्रस्तुत की । खंड शिक्षा अधिकारी ने विस्तार से सभी को विभागीय प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी दी। सभी बच्चों को उपहार आदि देकर उत्साहवर्धन करने के साथ ही अध्यापकों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया गया। आए हुए सभी आगंतुकों को भोजन भी कराया गया।इस इस आयोजन में मुख्य। खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कमल किशोर शुक्ला, पंचायत सचिव प्रशांत सक्सेना शिक्षक -शिक्षिकाएं , व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्यसभा सांसद ने उठाई जिला अस्पताल बनाए जाने व डॉक्टरों व नर्सों की तैनाती करने की मांग

❒ सांसद ने कहा कि शाहजहांपुर जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज की ओपीडी चलाए जाने के कारण जिला अस्पताल का अस्तित्व समाप्त हो गया है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने तथा जनपद वासियों की वर्षों पुरानी पीड़ा को दूर करने की दिशा में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने आज राज्यसभा में शून्य काल के दौरान शाहजहांपुर में जिला अस्पताल बनाए जाने तथा स्वास्थ्य विभाग संबंधी अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की है।

सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने राज्यसभा में शून्य काल में कहा कि शाहजहांपुर जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज की ओपीडी चलाए जाने के कारण जिला अस्पताल का अस्तित्व समाप्त हो गया है। जबकि प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एक जिला अस्पताल होना अति आवश्यक है। जो पहले का जिला अस्पताल है, जिसमें मेडिकल कॉलेज की ओपीडी चलाई जा रही है। उससे मेडिकल कॉलेज की दूरी लगभग 08 किलोमीटर है। जिससे मेडिकल कॉलेज के प्रोफ़ेसर तथा छात्रों को आने जाने में काफी दिक्कत होती है। शाहजहांपुर के जिग्नेरा में मेडिकल कॉलेज बना है। वहां पर जमीन भी खाली पड़ी है। जहां मेडिकल कॉलेज का ओपीडी तथा अन्य भवन बनाया जाना आवश्यक है। जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज की ओपीडी चलाए जाने के कारण शाहजहांपुर के लोगों का निःशुल्क इलाज नहीं हो पा रहा है। मेडिकल कॉलेज का भवन बन जाने से जिला अस्पताल पूर्व की भांति अपने स्वरूप में आ जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से जनहित में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए शाहजहांपुर में मेडिकल कॉलेज की खाली पड़ी जमीन पर मेडिकल कॉलेज की ओपीडी तथा अन्य आवश्यक भवन बनाए जाने तथा शाहजहांपुर में बने नए मेडिकल कॉलेज में सीसी यूनिट, न्यूरो विभाग, हृदय रोग विभाग, एमआरआई, सीटी स्कैन, कैंसर संबंधी विभाग खोलने के साथ आधुनिक सुविधाओं की कमी को पूरा करते हुए डॉक्टर तथा नर्सों की तैनाती कराने की मांग की है।

## डीएम की अध्यक्षता में बेड एंड ब्रेकफास्ट होमस्टे नीति की बैठक संपन्न



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में बेड एंड ब्रेकफास्ट होमस्टे नीति 2025 के संबंध में कैंप कार्यालय पर बैठक की गई। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर गिरी ने अवगत कराया कि उक्त नीति के द्वारा जनपद में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अपने भवन के कम से कम एक तथा अधिकतम 6 कमरों को पर्यटकों को किराए पर दिए जाने की नीति है जिससे जनपद में आने वाले पर्यटकों को कोई असुविधा न हो। इसके आवेदन के लिए uptourismportal.in के पोर्टल पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस मौके पर अग्निशमन अधिकारी मनीराम सरोज, क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह, प्रधान रामेश्वरी उपस्थित रहे।

# बेहमा, सिधौली में स्वास्थ्य और शिक्षा का संगम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ बेहमा, सिधौली में स्वास्थ्य और शिक्षा का संगम

सीतापुर । के विकास खण्ड पहला क्षेत्र के ग्रामीण अंचल बेहमा, सिधौली में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। यूथ फार्मासिस्ट फ़ेडरेशन के जिला अध्यक्ष रंजीत यादव 'रिशू' के नेतृत्व में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) लखनऊ के ओरल एवं मैक्सिलोफ़ेशियल सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा एक विशाल निःशुल्क दंत एवं मुख कैंसर जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया।

यह शिविर इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित था।शिविर में क्षेत्र के कुल 248 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर उन्हें विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया गया। चिकित्सकों ने मुख कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, बचाव के उपायों और समय पर जांच की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीणों को तंबाकू, गुटखा और धूम्रपान से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा नियमित दंत जांच कराने की सलाह दी गई।शिविर में आए सभी मरीजों को निःशुल्क मंजन, माउथवॉश एवं आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। जिन मरीजों में गंभीर लक्षण पाए गए, उन्हें आगे की जांच और उपचार हेतु उच्च संस्थानों में रेफर किया गया।सहयोग छात्र शिक्षा समिति की सराहनीय पहलइस आयोजन की एक विशेष उपलब्धि रही सहयोग छात्र शिक्षा समिति की सक्रिय भागीदारी। समिति के प्रबन्धक धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में जरूरतमंद विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, पुस्तिकाएं एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।

ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बन रही थी। समिति की इस पहल ने यह संदेश दिया कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों ही समान रूप से आवश्यक हैं। उपस्थित अभिभावकों और ग्रामीणों ने समिति के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

# ग्राम प्रधान–प्रधानाध्यापक का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कमलापुर, सीतापुर। बी आर सी कसमंडा प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अजय गुप्त मौर्य तथा ब्लॉक प्रमुख कसमंडा मुन्नी देवी व जनपद के एस आर जी मदनेश मिश्र सहित स्टाफ ने दीप प्रज्वलित कर देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी एवं खंड विकास अधिकारी कसमंडा पहुंचने पर खंड शिक्षा अधिकारी कसमंडा द्वारा पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम प्रधानों तथा प्रधानाध्यापकों के मध्य समन्वय स्थापित करना था जिससे विद्यालयों का और विकास हो सके।मंच का संचालक आशुतोष अवस्थी तथा नाजिश फातिमा ने किया।कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय कमलापुर तथा कंपोजिट विद्यालय बरेठी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गयाखंड शिक्षा अधिकारी अजय गुप्त मौर्य, ए आर पी अमिताभ दुबे,मदनेश मिश्र एस आर जी खंड विकास अधिकारी कसमंडा राकेश कुमार श्रीवास्तव तथा ब्लॉक प्रमुख कसमंडा मुन्नी देवी ने उपस्थित के घर प्रधान एवं शिक्षकों के सामने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय दरिया पुर, प्राथमिक विद्यालय उमरिया, कंपोजिट विद्यालय भिठौली,प्राथमिक विद्यालय कमलापुर प्राथमिक विद्यालय रामूवा पुर द्वारा टी एल एम का प्रदर्शन किया गया।जिसका निरीक्षण खंड शिक्षा अधिकारी अजय गुप्त मौर्य तथा ब्लॉक प्रमुख कसमंडा मुन्नी देवी ने किया।इस अवसर पर ए आर पी राजदीप गुप्ता ऋतु मिश्र, के आर पी विनय मेहरोत्रा, प्रधानाध्यापक दीक्षांत अवस्थी,ज्ञानेश बाजपेई, विनोद बिहारी दीक्षित,अनूप शुक्ला प्राध्यापिका काजल द्विवेदी ,शालिनी त्रिपाठी,निशि सिंह,सीखो सिखाओ फाउंडेशन से कोशिकी चौहान,प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष कसमंडा गिरजेश अवस्थी,तथा समस्त बीआरसी स्टाफ मौजूद रहा।

## आम के पेड़ में फंदे से युवक का शव लटकता मिलने से हड़कंप

रायबरेली। क्षेत्र के चंदापुर थाना क्षेत्र के जनई गांव के बाहर आम के पेड़ में फंदे से युवक का शव लटकता मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना जानकारी मिलते ही परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे की है। गुरुवार शाम करीब छः बजे जनई गांव निवासी उमेश कुमार शुक्ला उर्फ लाल जी 44 वर्ष पत्नी ललिता से गांव में ही निमंत्रण में जाने को कहकर निकले थे। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने इधर उधर खोजबीन भी की लेकिन पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह आठ बजे ग्रामीणों ने गांव से एक किलोमीटर दूर आम पेड़ में रस्सी के सहारे फंदे से लाल जी के शव को लटकता देखा तो जानकारी परिजनों को दी। आनन-फानन परिजन भी मौके पर पहुंचे। मौके से परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि पृथम दृष्टया तो मामला आत्महत्या का प्रतीक हो रहा है।

# बार एसोसिएशन के सरनाम सिंह अध्यक्ष, राजेश अवस्थी महासचिव व दिनेश दीक्षित कोषाध्यक्ष बने

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





शाहजहांपुर। सेंट्रल बार एसोसिएशन के चुनाव में मतगणना के बाद बृहस्पतिवार रात परिणाम घोषित किए गए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सरनाम सिंह यादव ने 153 वोटों से जीत हासिल की और राजेश अवस्थी 21 वोटों से जीतकर महासचिव बने। जबकि दिनेश दीक्षित 56 वोटों से जीतकर कोषाध्यक्ष बने और रामेंद्र कुमार मिश्रा 87 वोटों से जीतकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए।

जीत मिलने पर समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी और आतिशबाजी कर जश्न मनाया।सेंट्रल बार एसोसिएशन के कुल 22 पदों के लिए 58 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। बृहस्पतिवार सुबह करीब 09:30 बजे मतदान शुरू हुआ। अधिवक्ताओं ने लाइन में लगाकर मतदान किया। शाम करीब 05 बजे तक मतदान हुआ। जिसमें कुल 1692 में से 1537 सदस्यों ने वोट डाला। इसके बाद मतगणना शुरू हुई। सबसे पहले अध्यक्ष पद का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें सरनाम सिंह यादव को 681 वोट मिले। जबकि दूसरे स्थान पर रहे सतेंद्र प्रकाश शुक्ला को 528 मत प्राप्त हुए। सर्वेश चंद्र मिश्रा धांधू को 283, हरेंद्र कुमार राजवंशी को 16 वोट मिले। सरनाम सिंह ने 153 वोटों से जीत हासिल की।वहीं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए रामेंद्र कुमार मिश्रा ने 487 वोट पाकर अहमद दराज खां को 87 वोटों से हराया। महासचिव पद पर राजेश उर्फ नंदकिशोर अवस्थी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी दीपक सक्सेना को 21 वोटों से हराया। राजेश अवस्थी को 500 वोट और दीपक को 479 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद के लिए दिनेश कुमार दीक्षित ने 589 वोट पाकर 523 वोट प्राप्त करने वाले अमित कनौजिया को 56 मतों से हरा दिया। शुक्रवार को खबर लिखे जाने तक उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, सदस्य कार्यकारिणी वरिष्ठ, सदस्य कार्यकारिणी कनिष्ठ पद के परिणाम घोषित जा रहे थे।

# एडिशनल एसपी ने पुलिस बल को दी विशेष ब्रीफिंग महाशिवरात्रि ड्यूटी में सतर्क रहने के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जनपद के गोला गोकर्णनाथ, जिसे छोटी काशी के नाम से भी जाना जाता है, में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

एडिशनल एसपी अमित कुमार राय एवं सीओ गोला रमेश कुमार तिवारी द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को विशेष ब्रीफिंग दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी अपनी-अपनी ड्यूटी पूर्ण सतर्कता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ निभाएं। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।मंदिर परिसर और कॉरिडोर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने हेतु अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, बैरिकेडिंग, प्रवेश और निकास मार्गों का सुव्यवस्थित प्रबंधन तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्लान तैयार किया गया है।श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए लंबी कतारों को व्यवस्थित करने, बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों की सहायता करने तथा भीड़ में किसी प्रकार की अफरा-तफरी न हो, इसके लिए पुलिस बल को संवेदनशील और सहयोगात्मक व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए गए हैं।प्रशासन का उद्देश्य है कि महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो। पुलिस विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि वे प्रशासन का सहयोग करें और निर्धारित व्यवस्थाओं का पालन करें।

# सोहरिया में प्रगतिशील जनता इंटर कॉलेज का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महमूदाबाद, सीतापुर। सोहरिया गांव स्थित प्रगतिशील जनता इंटर कॉलेज में वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यालय परिसर शिक्षाप्रेम, अनुशासन और उमंग से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री उपेंद्र यादव रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री विनय यादव एवं सहयोग छात्र शिक्षा समिति के प्रबंधक श्री धर्मेंद्र कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधक सर्वेश यादव एवं राजेपाल सिंह यादव द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया गया।समारोह के दौरान हाईस्कूल एवं कक्षा 12 के मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा शील्ड व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करते समय विद्यार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास और प्रसन्नता की झलक साफ दिखाई दी।अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही सफलता की सच्ची कुंजी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार की सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेपाल सिंह, संरक्षक सर्वेश कुमार, शिक्षकगण सत्येंद्र कुमार, लाल बहादुर, कमलेश सिंह, कुलदीप कुमार, कदीर अहमद, अनूप कुमार, तथा शिक्षिकाएं पूजा यादव, शीलू यादव, निशा यादव, सलमा बानो की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही।समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई।पूरा कार्यक्रम प्रेरणा, उत्साह और सम्मान के भाव से ओत-प्रोत रहा। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्रों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

## दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग, बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन, बिसवां के अध्यक्ष श्री आनंद कुमार मेहरोत्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज उपजिलाधिकारी बिसवां सुश्री शिखा शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संघ द्वारा हालिया घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कार्यवाही की मांग की गई।संघ ने अपने ज्ञापन में पीड़ित अधिवक्ता के परिवार को न्यायोचित सहायता प्रदान किए जाने की मांग करते हुए परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा 50,00,000 (पचास लाख रुपये) की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई। साथ ही अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।अध्यक्ष श्री आनंद कुमार मेहरोत्रा ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है और अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं सम्मान से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की।इस अवसर परदिनेश श्रीवास्तव रजनीश मिश्रा, राजकिशोर मिश्रा, सुशील शुक्ला मोहम्मद शोएब, अनिल अवस्थी, बरखा सिंह, कमलेंद्र कुमार बाजपेई, दिनेश श्रीवास्तव, नागेंद्र प्रताप, बृजेश नारायण गुप्ता, सरोज वर्मा विपिन यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थिति रहे।

## स्मैक के साथ तीन मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार



**शाहजहांपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना खुटार पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मैलानी हाईवे से ग्राम चांदपुर जाने वाले रास्ते से स्मैक के साथ तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 106.54 ग्राम स्मैक बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्त जनपद लखीमपुर खीरी के थाना पढुआ क्षेत्र के गांव मजरा पूरब का रहने वाला परमजीत सिंह पुत्र सिंगारा सिंह, बलजीत सिंह पुत्र परमजीत सिंह और उत्तराखंड राज्य के जनपद ऊधमसिंह नगर के थाना नानकमत्ता क्षेत्र का रहने वाला सुखदेव सिंह पुत्र कुलवंत सिंह हैं। पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया अभियुक्त परमजीत सिंह इससे पहले भी थाना खुटार में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में पकड़ा जा चुका है और इस पर जनपद लखीमपुर खीरी के थाना पढुआ और थाना थाना तिकोनिया में भी मादक पदार्थों की तस्करी के मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना खुटार के उपनिरीक्षक अंकुर कुमार के साथ उपनिरीक्षक टिन्कू कुमार, हेड कां. संजीव कुमार, राजपाल सिंह, कां. राहुल दयाल, सिकन्दर सिंह मलिक, हरिओम सिंह, फिरोज हसन मौजूद रहे।

## त्यौहार/पर्व आपसी सद्भाव अमन चैन के साथ मनाया जाए : डीएम



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में आगामी त्यौहार/पर्व को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों, धर्मगुरूओं, मौलवी/मुअज्जिज/व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों/संभ्रांत नागरिकों के साथ सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी दिनो में होने वाले महाशिवरात्रि, रमजान एवं होली के पर्व को जनपद में शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के मतावलम्बियों को एक दूसरे का सम्मान करने के साथ ही भाई चारे की भावना के साथ पर्व मनाया जाना चाहिए। उपद्रव करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायें। उन्होंने जिला प्रशासन के समस्त अधिकारियों से त्योहारों के अवसर पर विशेष रूप से सतर्कता बरतने के निर्देश दिये और कहा कि शिवरात्रि, शिवमन्दिरों में जलाभिषेक, गंगा स्नान त्यौहार/पर्व में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत नगर मजिस्ट्रेट/समस्त उपजिला मजिस्ट्रेट अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत थानावार पीस कमेटी की बैठक मौलवी/मुतवल्ली से समस्याओं/विवाद की जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से शीघ्र उसका समाधान करा लें। समस्त कार्यक्रम परम्परागत ढंग से ही सम्पन्न कराये जाये एवं कोई नवीन परम्परा को उत्पन्न न होने दिया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा स्नान घाट, शिवमन्दिरों पर जलाभिषेक/होलिका दहन, होली जुलूस हेतु जाने वाले आवागमन मार्गों का पूर्व निरीक्षण कर लिया जाये और मार्गों पर पड़ने वाली बाधाओं जैसे बिजली/टेलीफोन के तारों का लटकना, मार्गों पर गड्ढे होना, जलभराव होना आदि का पूर्व से निराकरण कर

# पुरानी रंजिश के चलते गोली मारने का वांछित गिरफ्तार, तमंचा–कारतूस बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। थाना पुवायां पुलिस ने पुरानी रंजिश के चलते तमंचे से गोली मारने के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने तमंचा-कारतूस भी बरामद किया है।बीती 06 फरवरी को थाना पुवायां क्षेत्र के गांव खिरिया पाठक में मोमीन खां और अजमेरुल हसन आदि में पुरानी रंजिश के चलते विवाद हो गया। जिसके चलते दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चले। जिसमें अजमेरुल हसन आदि ने तमंचे से फायर झोंक दिया। जिसमें एक गोली मोमीन खां के पुत्र के लगी। परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। मोमीन खां की तहरीर पर अजमेरुल हसन, रबील हसन, अमन अली, समीर हसन, रोजे अली, आसिफ, शहीद हसन, आमिर हसन, शमशुल हसन उर्फ छुटक्के, इसरत अली और शब्बीर के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त अजमेरुल हसन को बगडेर तिराहे से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने एक तमंचा, कारतूस बरामद किया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि मामीप खां के परिवार से पुरानी रंजिश को लेकर झगडा हो गया था। ममनून खां आदि ने उसके और उसके परिवार वालो के साथ मारपीट की थी। इसी बात पर उसने तमंचे से फायर कर दिया था। जोकि मोमीन खां के पुत्र के लगा था। फिलहाल, पुवायां पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अजमेरुल हसन को जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां की महिला उपनिरीक्षक साक्षी त्यागी के साथ हेड कां. सतीश कुमार, सोहित मिश्रा और हरपाल सिंह मौजूद रहे।

# एसपी खीरी डा. ख्याति गर्ग ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जनपद की पुलिस अधीक्षक डा0 ख्याति गर्ग द्वारा शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन खीरी के परेड ग्राउंड में आयोजित साप्ताहिक परेड का विधिवत निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन में तैनात समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मी तथा प्रशिक्षु रिक्रूट आरक्षी उपस्थित रहे।

परेड के दौरान पुलिस बल की अनुशासनबद्ध ड्रिल कराई गई तथा शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के महत्व पर बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने जवानों की टुकड़ियों का निरीक्षण करते हुए उनकी वर्दी, शस्त्र संचालन, कदमताल, सलामी एवं अनुशासन की बारीकी से जांच की। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को स्वच्छ एवं सुसज्जित वर्दी धारण करने, नियमानुसार टर्नआउट बनाए रखने तथा ड्यूटी के दौरान उच्च स्तर की पेशेवर प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का भ्रमण किया गया। इस दौरान अभिलेखों का गहन अवलोकन करते हुए प्रतिसार निरीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, समयानुसार अद्यतन प्रविष्टि, अभिलेखों की सुरक्षित संधारण व्यवस्था तथा कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण करते हुए मेस का भी जायजा लिया। उन्होंने भोजनालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था एवं भोजन की गुणवत्ता की समीक्षा की तथा संबंधित कर्मियों को साफ-सफाई बनाए रखने, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि पुलिस बल की कार्यक्षमता, अनुशासन एवं सेवा भावना को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु इस प्रकार के निरीक्षण निरंतर जारी रहेंगे, जिससे जनपद में कानून-व्यवस्था और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनी रहे।

# महाशिवरात्रि मेले की सीसीटीवी कैमरे से की जाए निगरानी:डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❑ बहजोई में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आगामी त्योहार महाशिवरात्रि, होली ,रमजान आदि के दृष्टिगत हुई पीस कमेटी के साथ बैठक
- ❑ सुरक्षा की दृष्टि से मेला स्थल का किया जाए स्थलीय निरीक्षण: पुलिस अधीक्षक

सम्भल, बहजोई। आज कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में आगामी त्योहार महाशिवरात्रि, होली ,रमजान आदि के दृष्टिगत पीस कमेटी के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा जनपद के प्रमुख मंदिरों, प्राचीन सादातबाड़ी मंदिर, प्राचीन बेरनी मंदिर तथा जनपद के प्रमुख अन्य मंदिरों जिन पर श्रद्धालुओं द्वारा महाशिवरात्रि के दृष्टिगत रात्रि जलाभिषेक किया जाएगा,उनके विषय में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने प्रमुख मंदिरों के पुजारी या महंत या उनके प्रतिनिधि एवं पीस कमेटी के सदस्यों से प्रमुख मंदिरों के क्षेत्र में विद्युत तारों वहां के मार्गो से संबंधित समस्या या सुझाव तथा होलिका दहन, मंदिरों के प्रवेश मार्ग, एवं आगामी अन्य त्योहारों को लेकर समस्या एवं सुझाव प्राप्त किये। पीस कमेटी के सदस्यों द्वारा सादातबाड़ी के प्राचीन मंदिर को जाने वाले मार्ग को सही कराने तथा पातालेश्वर मंदिर सम्भल को लेकर पॉलिथीन चढ़ाने, टूटे मार्ग की मरम्मत कराने तथा मंदिर के आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई तथा मार्ग से घूरे हटवाने तथा मंदिर समिति से संबंधित विद्यालय को लेकर भी सदस्यों ने समस्या रखी तथा प्राचीन बेरनी शिव मंदिर के पास त्योहार के मार्गों के पास घूरे को हटवाने, सम्भल नगर में सड़कों पर कार पार्किंग की समस्या आदि की समस्या एवं सुझाव रखें। जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा के दौरान कोई भी लाउडस्पीकर अधिक आवाज में ना बजे उसको प्रत्येक दशा में देख लें और जिलाधिकारी में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिस मैरिज होम के आसपास पार्किंग व्यवस्था नहीं है मैरिज होम पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के मेले में प्लास्टिक पॉलिथीन प्रत्येक दशा में प्रतिबंधित रहे और उन्होंने कहा कि मेले में पार्किंग व्यवस्था को भी देख लिया जाए इसमें किसी प्रकार के लापरवाही संज्ञान में ना आए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कोई पेशेवर व्यक्ति भीख मंगवाता हो तो उसकी सूचना संबंधित को दें उसके खिलाफ कार्यवाही संज्ञान में लाई जाएगी और उन्होंने कहा कि जनपद में भी भीख से सीख का एक अभियान चलाया जा रहा है जिसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें भीख मांगने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जाए उन्होंने कहा की मंदिरों पर वालंटियर लगाया जाए जिससे जलाभिषेक करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े जिलाधिकारी ने कहा कि वॉलिंटियर की सूची उपलब्ध करा दें जिससे उनका कार्ड बन सके। जिलाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर साफ सफाई के विशेष ध्यान रखा जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व एवं अन्य त्योहारों के दृष्टिगत किसी भी डीजे पर दो स्पीकर से ज्यादा न लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि दोनों समुदाय की जिम्मेदारी है शांति व्यवस्था से सभी त्योहार मनाए जाएं और उन्होंने पीस कमेटी के सभी सदस्यों से अनुरोध करते हुए कहा कि शांति व्यवस्था को बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को संज्ञान में लेते हुए समस्त संबंधित अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी प्रमुख जनपद के मंदिरों गांव का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का ज्याजा ले। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, क्षेत्राधिकारी संभल एवं क्षेत्राधिकार गुन्नौर एवं समस्त क्षेत्राधिकार तथा समस्त पीस कमेटी के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# एसओ समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित,मनोज कुमार वर्मा नए प्रभारी निरीक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। बिना रिपोर्ट दर्ज किए और उच्चाधिकारियों को सूचना दिए बिना दूसरे जिले में दबिश देने का मामला थाना फैजगंज बेहटा पुलिस पर भारी पड़ गया है। बीती तीन फरवरी को जनपद संभल के थाना कैलादेवी क्षेत्र में दी गई दबिश के दौरान एक व्यक्ति की हार्टअटैक से मौत हो जाने के बाद एसएसपी ने सख्त रुख अपनाते हुए थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। फैजगंज बेहटा थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बीती तीन फरवरी को पुलिस टीम के साथ संभल जनपद के थाना कैलादेवी क्षेत्र में दबिश दी।

इसी दौरान हैवतपुर निवासी हरचरन की अचानक तबीयत बिगड़ गई। पुलिस के अनुसार उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मामला गंभीर हो गया और उच्चाधिकारियों ने पूरे घटनाक्रम का संज्ञान लिया। प्रथम दृष्टया प्रक्रिया का पालन न किए जाने और बिना अनुमति दूसरे जनपद में कार्रवाई करने को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए थाना प्रभारी राजकुमार सिंह, उपनिरीक्षक मामराज सिंह, उपनिरीक्षक लियाकत अली तथा मुख्य आरक्षी संजय कुमार को एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार की रात तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच क्षेत्राधिकारी सहसवान अशोक कुमार सिंह को सौंपी गई है। जांच में यह भी परखा जाएगा कि दबिश की परिस्थितियां क्या थीं, आवश्यक विधिक औपचारिकताओं का पालन हुआ या नहीं। युवक की मृत्यु किन हालात में हुई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय एवं विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं तेजतर्रार एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि एसओ समेत चार पुलिसकर्मी को निलंबित की कार्रवाई की गई है, जांच सीओ सहसवान को सौंपी, और साथ ही प्रभारी यूपी 112 से मनोज कुमार वर्मा को प्रभारी निरीक्षक थाना फैजगंज बेहटा नियुक्त किया है।

## राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखने हेतु कड़े निर्देश

बदायूँ। भारत सरकार के गृह मंत्रालय (पब्लिक अनुभाग) ने भारतीय झंडा संहिता, 2002 (2021 एवं 2022 में यथासंशोधित) तथा राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में सभी राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों और केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। यह जानकारी डीएम अवनीश राय ने दी है। भारतीय झण्डा संहिता 2002 में निहित मुख्य दिशा निर्देश के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह ध्वज के प्रदर्शन, उपयोग और संरक्षण से जुड़े नियमों का पालन करे। विशेष रूप से राष्ट्रीय पर्वों, सांस्कृतिक एवं खेल आयोजनों के दौरान कागज से बने राष्ट्रीय ध्वजों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। ऐसे ध्वजों का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सम्मानजनक तरीके से निस्तारण किया जाए तथा उन्हें जमीन पर फेंकने या अपमानजनक स्थिति में छोड़ने से बचा जाए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढ़ाने के दिए निर्देश**

मुरादाबाद। डीएम जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन के बापू सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा की गई, जिसमें विद्यालयों द्वारा फार्म जमा न करने एवं छात्रों के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि विद्यालयों में जाकर जांच करें और छात्रों के फार्म जमा कराकर योजना से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें।

जनपद में फैमिली आईडी बनाने के लिए विभागवार निर्धारित लक्ष्य की समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और कहा कि फैमिली आईडी कार्य में तेजी लाएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित करा दिए जाएं साथ ही उन्होंने गौशालाओं में हरे चारे की उपलब्धता, गौवंश में टीकाकरण तथा जल भराव की समस्याओं के समाधान को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी नियमित रूप से गौशालाओं का भ्रमण करते रहें और डाक्टर की भी उपलब्धता बनी रहें। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान विद्युत कनेक्शन और खराब ट्रांसफार्मर को लेकर विभाग स्तर से की जा रही लापरवाही और आमजन शिकायतों पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारी को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्युत कनेक्शन को लेकर जो लापरवाही बरती जा रही है, उससे आम जनमानस को समस्या हो रही है।जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को जांच कर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को समय से कृषि बीज उपलब्ध कराये जाएं। उन्होंने कहा कि फसल बीमा के तहत जिन कृषकों द्वारा आवेदन किया गया है उनकी क्षतिग्रस्त हुई फसलों का आंकलन कर लक्ष्य के सापेक्ष लाभान्वित किया जाये। बीमा कंपनी किसानों के भुगतान में लापरवाही न बरते तथा बैंकों द्वारा किसानों का भुगतान रोके जाने पर एलडीएम को उन बैंको का चिन्हीकरण कर कार्यवाही के निर्देश दिए। श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि श्रम विभाग के अधिकारी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराएं तथा पात्रता के आधार पर अधिकतम लोगों को योजना से लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत पात्रों को चिन्हित करके लाभान्वित किया जायें। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत का संतोषजनक निस्तारण कर फीडबैक अवश्य लें, डिफाल्टर की श्रेणी में न रहें इसको सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम, आईसीडीएस, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पारिवारिक लाभ योजना, गन्ना मूल्य भुगतान, भवन निर्माण, सड़क निर्माण आदि के बारे में भी विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय समेत अन्य लोग मौजदू रहे।

# जिला कारागार में महिला बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित हुआ जागरुकता शिविर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में अमोद कंठ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सचिव द्वारा जिला कारागार में स्थित पाकशाला के अतिरिक्त महिला बन्दियों के बैरक का निरीक्षण कर महिला बन्दियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा महिला बन्दियों से उनके मुकदमें में पैरवी के सम्बन्ध में अधिवक्ता की उपलब्धता के बाबत जानकारी ली गयी। निरीक्षण के पश्चात महिला बन्दियों को विधिक रुप से जागरुक करने हेतु विधिक जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित महिला बन्दियों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा यह भी बताया गया कि जिन महिला बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो वह जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकती है। निरीक्षण के दौरान व विधिक जागरुकता कार्यक्रम में जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, जेलर हिमाशुँ रौतेला, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिंल जयसिंह यादव, जेल चिकित्साधिकारी डा0 सुनील अग्रवाल व उपकारापाल अंकित गौतम व धर्मपाल सिंह उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यो का निरीक्षण

**सम्भल, बहजोई, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा कलक्ट्रेट परिसर स्थित विकासखण्ड बहजोई कार्यालय का विशेष गहन पुनरीक्षण ( एस आई आर) कार्यों को लेकर निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अनुपस्थित कर्मचारियों के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विकासखण्ड कार्यालय परिसर में साफ सफाई को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत सरस हॉट शोरूम एवं कलक्ट्रेट के बाहर भी निरीक्षण किया संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक

**संभल, बहजोई, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने जनगणना की रूपरेखा के विषय में समिति को विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसके प्रथम चरण में मकान की गणना की जाएगी, जो दिनांक 22 मई से 20 जून, 2026 तक चलेगी। इसके लिए संबंधित विभागों से कर्मचारियों व शिक्षकों की सूची संबंधित तहसीलों व नगरीय निकायों को भेज दी जाए, जिससे समय रहते प्रगणक व सुपरवाइजर की नियुक्ति व उनकी ट्रेनिंग आदि संपन्न की जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज,उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार,डिप्टी कलक्टर विकास चंद्र,डिप्टी कलक्टर नीतू रानी, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, तहसीलदार चंदौसी, जिला अर्थ एवं सांख्या अधिकारी रत्नेश कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संभल सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में आईजीआरएस की बैठक सम्पन्न

**सम्भल, बहजोई, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आईजीआरएस बैंकिग में चंदौसी तहसील प्रदेश में नंबर वन होने को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों की प्रशंसा की और उनसे निस्तारण के विषय में जानकारी प्राप्त की। डिफाल्टर संदर्भ को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी डिफाल्टर संदर्भ पोर्टल पर न दिखे। विभिन्न विभागों के लंबित सन्दर्भों पर चर्चा की गयी तथा अपर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित सन्दर्भों की समय से आख्या देना सुनिश्चित करें तथा संदर्भ समय से निस्तारित हों तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। संतोषजनक एवं असंतोषजनक फीडबैक को लेकर भी चर्चा की गयी । अपर जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस शिकायतों को गंभीरता से लें एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। अपर जिलाधिकारी ने आईजीआरएस एवं हेल्पलाइन संदर्भ में संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक के विषय में विभाग बार जानकारी दी और उसके विषय में अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चंदौसी तहसील के पैटर्न के आधार पर ही संबंधित शिकतों का निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरुण पाठक, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, डिप्टी कलेक्टर विकास चंद्र, डिप्टी कलेक्टर नीतू रानी, उप जिलाधिकारी संभल रामानुज, जिला अग्रणी प्रबंधक केनरा बैंक ललित कुमार राय,अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष कुमार,आईजीआरएस पटल सहायक विलियम फातिमा एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रेशम उत्पादन उत्तर प्रदेश में बना उभरता हुआ उद्योग

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रेशम उद्योग तकनीकी प्रकृति का कार्य है जिसमें गरीब, मजदूर कृषक के साथ बडे-बड़े उद्यमी भी कार्यरत हैं। जलवायु एवं भौगोलिक दृष्टि से उत्तर प्रदेश में रेशम उत्पादन एवं विकास की अपार संभावनायें हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के उददेश्य से रेशम विभाग द्वारा एक नई सोच के साथ रणनीति तैयार कर कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। प्रदेश सरकार ने केन्द्र एवं राज्य पोषित संचालित योजनाओं से लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के लिये पारदर्शी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु ष्रेशम मित्र पोर्टलष तैयार कराकर ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा लागू कर दी है। प्रदेश में मार्केटिंग मॉड्यूल के अन्तर्गत रेशम कोया उत्पादक व कृषकों को उचित मूल्य, समयबद्ध विक्रय एवं पारदर्शी भुगतान की व्यवस्था तैयार की जा रही है तथा ककून की गुणवत्ता के अनुसार न्यूनतम विक्रय मूल्य निर्धारण हेतु केन्द्रीय रेशम बोर्ड (भारत सरकार) के वैज्ञानिकों/अधिकारियों के समन्वय से जनपद स्तर पर कमेटियों के गठन की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। इसी तरह से राजकीय रेशम फर्मों की क्षमता के अनुसार प्रभावी बनाने एवं बेहतर प्रबंधन के लिए फार्म मैनेजमेन्ट मॉड्यूल तैयार किया जा रहा है। प्रदेश में उत्पादित ककून का रेशमी धागा उत्तर प्रदेश में ही तैयार हो सके तथा प्रदेश में ही खपत हो इसके लिए विभाग द्वारा रेशम धागाकरण कार्य के लिये मल्टीइण्ड रीलिंग इकाईयों की स्थापना की जा रही हैं। उत्तर प्रदेश में रेशम उद्योग के प्रचार-प्रसार तथा आम जनमानस में शुद्ध रेशमी वस्त्रों की पहचान तथा रेशम उत्पादन से सम्बन्धित सभी क्रियाकलापों से परिचित कराने के उद्देश्य से रेशम निदेशालय स्तर पर केन्द्रीय रेशम बोर्ड (भारत सरकार) एवं राज्य सरकार के सहयोग से ष्सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्सष स्थापित किये जाने की नई पहल की गयी है। इस केन्द्र में सोइल टू सिल्क प्रदर्शनी के साथ शुद्ध रेशमी वस्त्रों/परिधानों के विक्रय हेतु शोरूम भी उपलब्ध रहेगा। एन0जी0ओ0. एफ0पी0ओ0 समितियां एवं स्वयं सहायता समूहों को रेशम उत्पादन से जोड़ने के प्रबल प्रयास किये जा रहें हैं। प्रदेश के वन विभाग, पंचायती राज विभाग, सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग एन0एच0ए0आई0 ग्राम विकास विभाग के साथ एम0ओ0यू0 कर रेशम कृषि को विस्तार प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। विभाग के अथक प्रयासों का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश के पिछले 9 वर्षों में रेशम का निर्यात रू0 9.11 करोड़ से बढ़कर रू0 251.65 करोड हो गया है। यह उल्लेखनीय है कि रेशम निर्यात में 28 गुना की वृद्धि अन्य सेक्टरों के मुकाबले सर्वाधिक है। रेशम उद्योग कृषि पर आधारित कुटीर उद्योगों में अग्रणी स्थान रखता है। उत्तर प्रदेश की उर्वरा भूमि भौगोलिक स्थिति, जलवायु एवं जैव विविधता रेशम उद्योग हेतु सर्वथा अनुकूल एवं उपयुक्त है। प्रदेश में तीन प्रकार यथा शहतूती, टसर एवं अरण्डी का रेशम उत्पादन किया जा रहा है। प्रदेश में रेशम उद्योग की प्रबल सम्भावनाओं को ध्यान में रखते हुए वर्ष 1987 में एक अलग रेशम निदेशालय की स्थापना हुई। जो वर्ष 1988 से रेशम निदेशालय लखनऊ में कार्य प्रारम्भ किया गया। प्रदेश में रेशम उद्योग के विकास हेतु 231 राजकीय रेशम फार्म स्थापित है। वर्तमान में प्रदेश का जितना रेशम उत्पादन है, उससे अधिक रेशम की खपत है। इसके दृष्टिगत प्रदेश में रेशम उत्पादन, धागाकरण, बुनाई डिजाइनिंग, निर्यात की अपार सम्भावनायें हैं। उच्च गुणवत्ता युक्त रेशम उत्पादन के लिए रेशम उत्पादकों को सहयोग भी दिया जाता है। प्रदेश में मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना वर्ष 2025-26 से आरम्भ की गई है, जिसके अन्तर्गत कृषकों की निजी भूमि पर शहतूत वृक्षारोपण कर रेशम धांगे का अतिरिक्त उत्पादन किया जायेगा।

## कोषागार में भौतिक स्टाम्प पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

**बदायूँ , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चौधरी ने जनसाधारण एवं जनपद बदायूँ के स्टाम्प वेण्डर्स को जानकारी देते हुए बताया कि कोषागार बदायूँ में धनराशि रू0 50, 100, 500, 1000 एवं 5000 तक के जनरल भौतिक स्टाम्प पर्याप्त मात्रा में बिक्री हेतु उपलब्ध हैं।उन्होंने बताया कि किसी भी कार्यदिवस में चालान द्वारा धनराशि भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा में जमा कर कोषागार बदायूँ के माध्यम से स्टाम्प का क्रय नियमानुसार किया जा सकता है।

# कछला गंगा घाट पर डीएम एसएसपी का निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत एसएसपी द्वारा कछला गंगा घाट एवं कांवड़ यात्रा मार्ग का भ्रमण/निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुविधा,सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी द्वारा क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ0 देवेन्द्र कुमार तथा प्रभारी निरीक्षक उझानी प्रवीण कुमार एवं पुलिस बल के साथ महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत कछला गंगा घाट एवं कांवड़ यात्रा मार्ग का भ्रमण/निरीक्षण निरीक्षण किया गया इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा,सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । निरीक्षण के दौरान कांवड़ यात्रा/गंगा घाट पर बढ़ रही महिला श्रद्धालुओं की संख्या के दृष्टिगत सुरक्षा/कानून व्यवस्था पर सतर्क दृष्टि रखी जाये व कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं को कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े,इसके लिए डियूटी में लगे अधि0/कर्म0गण को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये । श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन, पार्किंग/यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये । सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने,भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाए रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने हेतु निर्देश दिए गए । वाहनों के आवागमन हेतु किये गये रूट डायवर्जन का कड़ाई से पालन कराया जाये तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# सड़क किनारे खड़ी कार में मिला देशी घी के व्यापारी का शव, हत्या का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। एमएफ हाईवे पर कंचनपुर गांव के पास शहर निवासी एक देशी घी के व्यापारी का शव उसी की कार में पड़ा मिला है। बृहस्पतिवार की शाम अलापुर थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच में व्यापारी की कार में पुलिस को एक नाइट्रोजन सिलिंडर मिला है। वहीं व्यापारी की पैंट की जेब में सल्फास की गोलियां एक डिब्बी में मिली है। कार से काफी दुर्गंध भी आ रही थी। मृतक की पहचान सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ब्राह्मपुरा के अमन (30) पुत्र बाबूराम के रूप में हुई। युवक देशी घी का व्यापार किया करता था। वह बृहस्पतिवार को घी के कारोबार के लिए अलापुर थाना क्षेत्र के किसी गांव में कार से गया था। शाम करीब 6:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एमएफ हाईवे पर गांव कंचनपुर के पास एक कार खड़ी है, उसमें एक युवक का शव दिख रहा है। सूचना मिलने ही इंस्पेक्टर माधोसिंह बिष्ट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। युवक को देखा तो उसकी जेब से सल्फास की डिब्बी और मोबाइल फोन मिला। पुलिस ने फोन से परिवार के लोगों को सूचना दी जिसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। उसको लेकर जिला अस्पताल आए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोग उसे जिंदा समझकर निजी अस्पताल ले गए, लेकिन वहां भी मृत बताया गया। परिजनों ने बताया कि अमन देशी घी का व्यापार करता था। सल्फास खिलाकर उसकी हत्या की गई है। उसका मुंह पॉलिथीन से बंधा मिला है। कार में एक नाइट्रोजन सिलिंडर भी मिला है। घटना की जानकारी पर परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। अलापुर क्षेत्र में कार में एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है,शव का पोस्टमार्टम कराया है, पीएम रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# न्याय की गूंज: बेटियों के सम्मान की रक्षा में एक और निर्णायक फैसला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंदौसी, सम्भल। उत्तर प्रदेश सरकार के ष्मिशन शक्ति के अंतर्गत आज एक महत्वपूर्ण निर्णय सामने आया, जिसने यह स्पष्ट कर दिया कि बेटियों की गरिमा पर आंच लाने वाले अपराधी अब किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे।

जनपद सम्भल की विशेष पॉक्सो न्यायालय ने नाबालिग बालिका के साथ लज्जा भंग करने के उद्देश्य से लैंगिक हमला किया गया करने के प्रकरण में अभियुक्त पुष्पेंद्र पुत्र रणवीर निवासी ग्राम इकौना थाना कैला देवी जिला संभल को दोषसिद्ध करार देते हुए धारा 452में 03 वर्ष का कारावास एवं 3000 अर्थदंड से दंडित किया। धारा 8 पॉक्सो एक्ट में 03 वर्ष का कारावास एवं 3000 अर्थदंड से दंडित किया। दोनों सजाए साथ साथ चलेंगी।

## अदालत का निर्णय: न्याय की अडिग प्रतिध्वनि

विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट, श्री अवधेश सिंह की अदालत ने विशेष सत्र परीक्षण संख्या 88/2022 (अपराध संख्या 208/2012, थाना कैला देवी) में यह फैसला सुनाते हुए कहा कि समाज में बालिकाओं की मर्यादा और सम्मान की रक्षा सर्वोपरि है। ऐसे कृत्य करने वाले अपराधी किसी सहानुभूति के पात्र नहीं हैं। यह निर्णय न केवल एक व्यक्ति के विरुद्ध दंडादेश है, बल्कि समाज के लिए एक सशक्त संदेश भी है कि न्यायपालिका बेटियों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह संवेदनशील और तत्पर है।

## अभियोजन की सशक्त भूमिका

इस मुकदमे की प्रभावी पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) श्री नरेन्द्र कुमार यादव द्वारा की गई। उन्होंने न्यायालय में तथ्यपरक, दृढ़ एवं साक्ष्य-आधारित दलीलें प्रस्तुत कीं। गवाहों के बयानों, चिकित्सीय प्रमाणों एवं अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों का संगठित विश्लेषण कर अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय को यह विश्वास दिलाया कि अभियुक्त दोषमुक्त नहीं हो सकता। श्री यादव की तथ्यनिष्ठ और संवेदनशील पैरवी के परिणामस्वरूप पीड़िता को न्याय मिला और समाज को यह भरोसा कि कानून हर बेटी के साथ खड़ा है।

## राज्य सरकार और प्रशासन की प्रतिबद्धता

यह निर्णय माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का जीवंत उदाहरण है।बेटियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए शासन, प्रशासन और अभियोजन विभाग सभी ने इस मुकदमे को गंभीरता, संवेदनशीलता और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ाया। जनपद सम्भल के जिलाधिकारी राजेन्द्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार एवं अभियोजन विभाग के वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार यादव सहित पूरी टीम ने पीड़िता को न्याय दिलाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

## समाज के लिए संदेश: न्याय जिंदा है!

यह फैसला केवल एक अभियुक्त की सज़ा नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी और प्रेरणा दोनों है। बेटियों की गरिमा पर प्रहार करने वाले अब कानून के शिकंजे से नहीं बच सकते। न्यायिक व्यवस्था अब त्वरित और परिणामकारी न्याय की दिशा में और अधिक सशक्त हो रही है। हर बेटी की सुरक्षा – शासन, प्रशासन और समाज – तीनों की संयुक्त ज़िम्मेदारी है।

## न्याय का संकल्प

यह निर्णय उस अडिग प्रतिज्ञा का प्रतीक है कि जहाँ भी बेटी पर अन्याय होगा, वहाँ कानून की आवाज़ सबसे पहले गूंजेगी।

## गांव में मिला जहरीला सांप, किया रेस्क्यू

संभल। धनारी सिरोरा काजी गांव में पर एक जहरीले सांप के निकलने से लोगों में हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना गांव वालों ने रेस्क्यू करने वाले जस्सी सर्पमित्र को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सर्पमित्र ने सांप का रेस्क्यू किया । गांव सिरोरा काजी धनारी में सूचना मिलने पर सांप को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

सम्भल में आस-पास ग्रामीण इलाकों में अक्सर सर्पमित्रों द्वारा सांपों के रेस्क्यू की खबरें आती रहती हैं। सूचना पर अक्सर ज़हरीले सांप (जैसे कोबरा या रसेल वाइपर) को रिहायशी इलाके या घरों से सुरक्षित पकड़ा जाता है। सर्पमित्र, क्षेत्र में सक्रिय रेस्क्यूअर के रूप में जाने जाते हैं, जो कोबरा जैसे ज़हरीले सांपों को सुरक्षित रेस्क्यू करते हैं।रेस्क्यू का प्रकार: सांपों को बिना नुकसान पहुँचाए, उन्हें पकड़कर बाद में जंगल (सुरक्षित स्थान) में छोड़ दिया जाता है।सावधानी: यदि आपके घर में सांप निकले, तो खुद पकड़ने की कोशिश न करें, तुरंत स्थानीय सर्पमित्र या वन विभाग को सूचित करें।

# विश्व क़े सबसे बड़े राजनीतिक दल को ढूंढे नहीं मिल रहा एक अदद जिलाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भार तीय जनतापार्टी को गोंडा जनपद में एक अदद जिलाध्यक्ष नहीं मिल पा रहा है। पढ़ने में खबर अटपटी जरूर लगेगी, लेकिन यह कड़वा सच है। मई माह में आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद जून में जिलाध्यक्ष अमर किशोर बमबम को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।तब से लेकर आज तक सारी बैठकें,आयो जन व अन्य कार्य बिना जिलाध्यक्ष की मौजूद गी के ही किए जा रहे हैं।बताते है कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन पिछले आठ महीने से बिना जिलाध्यक्ष के संचालित हो रहा है पार्टी का शीर्ष नेतृत्व नए जिलाध्यक्ष की तलाश कर रहा है।लेकिन आठ माह बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिल पाया है।

**जिलाध्यक्ष न होने से संगठन पर पड़ता है नकारात्मक प्रभाव..**

गोंडा में बीजेपी का जिलाध्यक्ष न होने से तमा म दिक्कतें आ रही हैं। इनमें स्थानीय स्तर पर संगठन का




### जिला प्रभारी के सहारे चल रहा है भाजपा संगठन का कार्य गोंडा में

कमजोर होना,चुनाव के मद्देनजर तैयारियां व प्रचार-प्रसार ठीक से न हो पाना, कार्यकर्ताओं का सही मार्गदर्शन और प्रबंधन न होना, स्थानीय मुद्दों को उठाने,निराकरण कराने में संगठन की कमी तथा जनता के साथ जुड़ाव का अभाव शामिल है।दरअसल, जिलाध्यक्ष ही पार्टी की स्थानीय इकाई को नेतृत्व देता है और जनता तथा पार्टी मुख्यालय के बीच एक महत्व पूर्ण कड़ी का काम करता है।अर्थात जिलाध्यक्ष एक राजनीतिक दल के लिए स्थानीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण स्तंभ होता है।जिलाध्यक्ष की नि युक्ति न होने से संगठन के कई महत्वपूर्ण कार्यों की गति धीमी पड़ गई है।जिलाध्यक्ष पद खाली होने के कारण संगठन के विभिन्न कार्य जिला प्रभारी के निर्देश पर अन्य पदाधिकारियों को सौंपे गए हैं।वही जिलाध्यक्ष की गैर मौजूदगी से संगठन के हर पहलू पर नकारात्म क प्रभाव प ड़ता है।आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियां भी प्रभावित हो रही हैं और जिलाध्य क्ष की अनुपस्थिति के कारण दावेदार भी साम ने नहीं आ रहे हैं। पार्टी के कार्यक्रमों को लेकर सोशल मीडिया पर भी सक्रियता कम देखी जा रही है। यह स्थिति तत्कालीन जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप के निष्कासन के बाद उत्पन्न हुई है।बीते 25 मई को उनका एक महिला के साथ आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुआ था।इस घ टना के 11 दिन बाद, 11 जून को भारतीय जन ता पार्टी ने उन्हें जिलाध्यक्ष पद से हटाते हुए पा र्टी से निष्कासित कर दिया था।तब से लेकर अ ब तक न तो किसी नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति हुई है और न ही किसी को कार्यवाहक जिला ध्यक्ष बनाया गया है। जनपद के जिला प्रभारी और विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठ क लगातार जिले का दौरा कर रहे हैं।वे कार्यक र्ताओं को जल्द ही नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति का आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन आठ महीने बीत जाने के बाद भी यह पद रिक्त है। जिला प्रभारी व विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने कहा कि नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति हो ग ई है अब जल्द ही गोंडा को नया बीजेपी का जि लाध्यक्ष मिल जाएगा। इसको लेकर की सारी प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है बस अंतिम समय में केवल नाम पर मंथन होना है।भारतीय जनता पार्टी में यह नहीं पता चलता है कि कब कौन अध्यक्ष बनेगा कई लोगों के नाम ऊपर भेजे गए हैं। जिनके नाम पर मोहर लग जाएगी वही गोंडा में बीजेपी का नया जिलाध्यक्ष होगा।

संगठन के सारे काम हो रहे हैं मेरे द्वारा सभी पदाधिकारी को अलग-अलग कामों को लेकर निर्देश दिया गया है कहीं संगठन के काम में को ई कमी नहीं है।भारतीय जनता पार्टी एक अल ग तरीके से पार्टी है यहां पर तुरंत जिलाध्यक्ष किसी को नहीं बनाया जाता है बल्कि बहुत कु छ सोच समझकर बनाया जाता है।

# इलाज में लापरवाही,बच्चे की मौत क़ेमामले में आर.डी.पांडेय मेमोरियल हॉस्पिटल सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में स्वास्थ्य विभाग ने इलाज में लाप रवाही के आरोप में एक निजी हॉस्पिटल स्वा स्थ्य विभाग ने सील कर दिया है,आरडी पांडेय मेमोरियल हॉस्पिटल एवं जच्चा बच्चा केंद्र कट रा बाजार में नवजात शिशु की मौत के बाद यह कार्रवाई की गई है।यह घटना तब सामने आया जब भगहरिया पूरे मिताई निवासी घनश्याम मौ र्य ने शिकायत दर्ज कराई,उन्होंने बताया कि चा र दिन पहले वह अपनी पत्नी सोनी मौर्या को डिलीवरी के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुबहा बाजार ले गए थे।वहां तैनात शीलू श्रीवास्तव ने उन्हें आर.डी.पांडेय मेमोरियल हॉस्पिटल कटरा

बजार में रेफर किया गया,जहां पर सोनी का ब ड़ा ऑपरेशन किया गया है। घनश्याम मौर्य के अनुसार, ऑपरेशन के बाद अस्पताल संचालक ने बताया कि बच्चे ने गंदा पानी पी लिया है औ र उसे ऑक्सीजन की जरूरत है।घनश्याम ने ब च्चे की हालत बिगड़ने पर गोंडा रेफर करने का अनुरोध किया, लेकिन अस्पताल ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया



कि अस्पताल में चार घंटे तक बच्चे का इलाज किया गया। जिस के बाद लापरवाही के कारण उनके नवजात ब च्चे की मौत हो गई।इस शिकायत के आधार प र गोंडा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डॉ. संतलाल ने मामले की जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए थे।एडिशनल सीएमओ डॉ.आदि त्य वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की और अस्पताल को सील कर दिया।डॉ वर्मा ने बताया कि जांच में नवजात बच्चे के इ लाज और डिलीवरी में लापरवाही पाई गई थी जिसके कारण उसकी मौत हुई।अस्पताल संचा लक को बिना कानूनी प्रक्रिया के ताला न खोल ने की हिदायत दी गई है,अन्यथा गंभीर कार्रवाई की जाएगी।आगे की जांच जारी है।लगातार पूरे जिले में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अभिया न चला करके इसी तरीके से कार्रवाई की जा रही है।

# इटियाथोक विसुही पुल पर जाने से पहले बीमा करवाए फिर पुल से जाएं : शिवम

एजेंसी

गोंडा । राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा विसुही पुल निर्माण को लेकर प्रदर्शन कि या जिसमें सातवें दिन अनोखे तरीके से छात्रों ने विरोध दर्ज किया इस बार राष्ट्रीय छात्र पंचाय त के कार्यकर्ताओं के द्वारा जो-जो यात्री इस पु ल से जा रहे थे उनका पहले बीमा किया गया और उनको बताया गया कि यह पुल 1912 में बना था इसकी ईंटें नीचे से गिर चुकी है तो यह कभी भी पुल गिर सकता है तो आप लोग पह ले राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वा रा अपना बीमा करवा लीजिए इस बीमा में बी स लाख की जीवन बीमा किया गया है क्योंकि अधिकारी व जनप्रतिनिधि सुन नहीं रहे हैं तो आप अपनी सुरक्षा स्वयं करें इस अवसर सोनू मिश्रा जी ने बताया मै यही का निवाशी हूँ मैं प्र तिदिन इस पुल से आता जाता हूँ पुल बहुत ज जर है मैने जीवन बीमा करवा लिया है सुधांशु त्रिपाठी का कहना है कि अगर




यह पुल गिर जा ता है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी और जनप्रतिनिधियों को यह पुल दिखाई नहीं दे रहा है इस वजह से हमने अपना जीवन बीमा करवा लिया है एवं विकाश द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्री य छात्र पंचायत के द्वारा उनका बीमा किया ग या है मैं इस पुल से रोज आता जाता हूँ मुझे रो ज इस पुल के गिरने का खतरा लगा रहता है त था आदित्य बिड़ला के इंप्लॉई हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह से हम बीमा कर रहे हैं और आज शाम तक बीमा करेंगे कार्यक्रम संयोजक युगांक मिश्रा ने बताया कि सातवें दिन तक 7821 लोगों ने हस्ताक्षर कर समर्थन किया है और हमारा अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कोई सक्षम अधिकारी वार्ता नहीं करता है इस अवसर पर राहुल यादव,सनत द्विवेदी,सरवन चौहान,हिमांशु तिवारी,विनय यादव,रुद्रांश ति वारी, अजय शर्मा,सत्यम गुप्ता, राज पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिला एवं बा लिका सुरक्षा,सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुदृ ढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद के राजपत्रित अधिकारियों एवं एण्टी रोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा आज विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। इस दौरान गांवों, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर स्थानीय महिलाओं एवं बालि काओं से सीधा संवाद स्थापित किया गया।टीम ने बाजार,सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वा ले इलाकों में महिलाओं एवं किशोरियों से संवा द किया और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण उपाय ब ताए।टीम के सदस्यों ने महिलाओं को छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी भी असामाजिक गतिविधि की



स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करने के लिए प्रेरित किया। उन्हें 112, 1090 (वूमेन पावर लाइन)और 1091 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई।यह भी बताया ग या कि ये सेवाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध हैं गोपनी यता बनाए रखते हुए त्वरित सहायता प्रदान क रती हैं।मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को सलाह दी कि वे अनजान व्य क्तियों से उचित दूरी बनाए रखें,किसी भी संदि ग्ध गतिविधि की अनदेखी न करें और आवश्य कता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त करें। इसके अतिरिक्त, अभिभावकों से भी अपील की गई कि वे अपनी बेटियों को जागरूक करें और उ न्हें आत्मरक्षा के लिए प्रेरित करें।अभियान के दौरान एंटी रोमियो टीम ने यह भी भरोसा दिला या कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की शिकायत पर तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस जागरूकता अभियान से कस्बे की महिलाओं में सुरक्षा के प्रति विश्वा स और जागरूकता में वृद्धि हुई है,वही टीमों क़े द्वारा यह भी बताया गया कि मिशनशक्ति अभि यान का उद्देश्य केवल महिला सुरक्षा सुनिश्चित करना ही नहीं,बल्कि महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे प्रत्येक परिस्थिति में अपने अधिकारों की रक्षा कर सके।

# मनकापुर तहसील परिसर में छुट्टा जानवरो का डेरा: गौ-प्रबंधन व्यवस्था पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । योगी सरकार छुट्टा पशुओं के संरक्षण औ र उन्हें गौशालाओं में सुरक्षित रखने के दावों के बीच तहसील मनकापुर परिसर में एक छुट्टा सांड का खुलेआम बैठना व्यवस्थाओं की पोल खोलता नजर आ रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह सांड उप जिलाधिकारी,एसडीएम मन कापुर के कार्यालय के ठीक सामने डेरा जमा कर बैठ रहा है,लेकिन उसे हटाने या पकड़वाने की एस डी एम द्वारा कोई प्रयास नही किया जा रहा है।तहसील परिसर में प्रतिदिन सैकड़ों फरि यादी,अधिवक्ता,कर्मचारी और आमजन आते-जाते हैं।ऐसे में एक आक्रामक प्रवृत्ति वाले सांड की मौजूदगी किसी भी समय खतरे का कारण बन सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि




परिसर में पहले भी छुट्टा पशु घूमते देखे गए हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।योगी सरकार ने छुट्टा पशुओं के लिए अस्थायी एवं स्थायी गौशालाओं की स्थापना,उनके भरण-पोषण और निगरानी के लिए बजट की व्यव स्था की है।बावजूद इसके,तहसील जैसे संवेदन शील प्रशासनिक केंद्र में सांड का खुलेआम बैठना कई सवाल खड़े करता है।क्या नगर पंचायत या संबंधित विभाग को इसकी जानका री नहीं है, या फिर व्यवस्थाएं कागजों तक सी मित हैं..? वकीलों और फरियादियों ने बताया कि पशु अक्सर वाहन पार्किंग स्थल और कार्या लय मार्ग के आसपास घूमते रहते हैं।यदि अचा नक कोई पशु उग्र हो जाए तो भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।खासकर बुजुर्ग और महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं।स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि तहसील परिसर समेत नगर क्षेत्र में घूम रहे छुट्टा पशुओं को तत्काल पकड़कर निकटवर्ती गौशाला में सुरक्षित रखा जाए।साथ ही संबंधित अधिकारि यों की जिम्मेदारी तय कर प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवा ही दोहराई न जाए।तहसील परिसर में बैठा यह सांड न केवल आमजन की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न है, बल्कि छुट्टा पशु प्रबंधन की जमीनी हकीकत भी बयां कर रहा है।

## दिव्यांगजनों के लाभार्थ आयोजित हुआ रोज़गार मेला

बहराइच । जिला उद्योग केन्द्र, जिला सेवायोजन कार्यालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं कौशल विकास मिशन बहराइच के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच में दिव्यांगजन के लाभार्थ रोज़गार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियो द्वारा प्रतिभाग करते हुए आठ दिव्यांगजनो को कम्पनियों के द्वारा जॉब ऑफर लेटर वितरित किया गया साथ ही छः दिव्यांगजनों का मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में पंजीकरण कराकर स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया गया। रोज़गार मेले में आये हुए दिव्यांगजनो को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई श्रीमती स्मृति शर्मा ने मेला आयोजन में सहयोग करने वाले विभागों का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि निरन्तर अन्तराल में शिक्षण संस्थान द्वारा ऐसे आयोजनों के माध्यम से दिव्यांगजनों को सेवायोजित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यदेशक श्रीमती अनुसूईया, जिला प्रबन्धक रवि पाठक, डी.पी.एम. भानु प्रताप, अनुदेशक अर्पित मौर्य, राहुल बाजपेयी व निरंजन लाल सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक 18 फरवरी को

बहराइच । जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों की व्यवस्था हेतु गठित जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक 18 फरवरी 2026 को सांय 05:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आहूत की गई है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नवनिर्मित एवं निर्माणाधीन अस्थाई गोआश्रय स्थलों के निर्माण की प्रगति/निराश्रित गोवंशों के संरक्षण की प्रगति, एस.एफ.सी. पूलिंग की अद्यतन प्रगति, हरा चारा उत्पादन व सी.सी. कैमरे संचालन इत्यादि की समस्त सूचनाओं के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## डाकघरों में प्रत्येक शनिवार को आयोजित होगा विशेष शिविर

आधार नामांकन के साथ होगा अपडेशन कार्य

बहराइच । अधीक्षक डाकघर, बहराइच मण्डल ने बताया कि बहराइच डाक मण्डल के अन्तर्गत बहराइच प्रधान डाकघर और उसके अधीनस्थ नानपारा, कैसरगंज, फखरपुर, कल्पीपारा, खैरीघाट, पयागपुर, मिहींपुरवा, रूपईडीहा, विशेश्वरगंज, रिसिया, मटेरा, भिनगा, गिलौला, इकौना, सिरसिया व बेड़नापुर उपडाकघरों में अब प्रत्येक शनिवार को आधार नामांकन एवं अद्यतन हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

# महाशिवरात्रि त्यौहार को लेकर पुलिस प्रशासन हुआ सतर्क

### डीएम व एसपी ने जनपद के प्राचीनतम शिवालयों का किया निरीक्षण

अमेठी । महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उददेश्य से जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से तहसील तिलोई की ग्राम पंचायत पीढ़ी स्थित तपेश्वर नाथ धाम तथा तहसील मुसाफिरखाना क्षेत्र के प्राचीनतम दण्डेश्वर नाथ धाम का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर में पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया तथा जनपदवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद उन्होंने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, आवागमन, पार्किंग तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिये कि महाशिवरात्रि पर संभावित भीड़ को देखते हुए पर्याप्त बैरिकेडिंग, साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था, अस्थायी



शौचालय एवं चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने का निर्देश दिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने को कहा। निरीक्षण के दौरान तिलोई के एसडीएम अमित सिंह,मुसाफिरखाना के एसडीएम अभिनव कन्नौजिया, तिलोई के सीओ दिनेश कुमार मिश्रथानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल,खण्ड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नकलविहीन बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक 122 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परिषदीय परीक्षा-2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं को सुचितापूर्ण वातावरण में सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से महाराजा सुहेल देव स्वःशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के आडिटोरियम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने केन्द्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मा.




मुख्यमंत्री जी व शासन के निर्देशानुसार जिले में नकलविहीन बोर्ड आयोजित कराने के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी की प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। डीएम श्री त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि सभी केंद्र व्यवस्थापक निर्भीक होकर अपने उत्तरदायित्वों का पालन करें। यदि कोई भी व्यक्ति परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा की एसओपी का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। एसडीएम व सीओ को निर्देश दिया गया कि संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में आने वाले परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले लें। बैठक के दौरान डीआईओएस सर्वदानन्द ने बताया कि बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए जनपद में कुल 122 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली प्रातः 08:30 बजे से पूर्वान्ह 11:45 बजे तक, द्वितीय पाली अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 05:15 बजे तक का समय निर्धारित है। बोर्ड परीक्षा में कुल 67097 परीक्षार्थी शामिल होंगे। हाईस्कूल की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 38103 तथा इण्टर में 28994 परीक्षार्थी हैं। बैठक के दौरान डीआईओएस ने जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केन्द्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापकों तथा अन्य सम्बन्धित को परीक्षा से पूर्व, परीक्षा के दौरान व परीक्षा के बाद की समस्त प्रकिया व शासन तथा बोर्ड के दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान की गई।

# पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम पूरा कर वापस लौटने पर हुआ भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, सुल्तानपुर के 40 विद्यार्थियों का दल, जो उत्तराखंड में आयोजित पांच दिवसीय शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट पर गया था, आज सकुशल विद्यालय लौट आया। विद्यार्थियों के आगमन पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। छात्रों का स्वागत जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी करम सिंह, सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार तिवारी एवं समस्त शिक्षकगण द्वारा बड़ी गर्मजोशी और आत्मीयता के साथ किया गया।

उल्लेखनीय है कि 8 फरवरी को इस शैक्षणिक दल को जिले के प्रतिष्ठित राजनीतिक एवं समाजसेवी, विधान परिषद सदस् शैलेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। विद्यार्थियों ने उत्तराखंड स्थित भारतीय वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून; भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की तथा पतंजलि विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह यात्रा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री की छात्र-केंद्रित एवं दूरदर्शी सोच को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक ज्ञान के साथ-साथ अन्य राज्यों की संस्कृति, इतिहास, भाषा, वैज्ञानिक उपलब्धियों और शैक्षणिक वातावरण से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। पांच दिनों तक चले इस भ्रमण में छात्रों ने विभिन्न प्रयोगशालाओं, अनुसंधान केंद्रों एवं शैक्षणिक परिसरों का अवलोकन किया तथा विशेषज्ञों से संवाद कर नई जानकारियां प्राप्त कीं। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह जी ने कहा कि अनुभवात्मक शिक्षा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार है। उप जिलाधिकारी करम सिंह ने छात्रों के अनुशासन और जिज्ञासा की सराहना की। प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार तिवारी ने मार्गदर्शी शिक्षकों पंकज कुमार एवं जयप्रकाश यादव के सफल नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह यात्रा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने इस शैक्षणिक भ्रमण को शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक और सराहनीय पहल बताया।

# हिन्दू महासभा ने पुलिस अधीक्षक को अवैध तरीके से चलाए जा रहे केबिन नुमा रेस्टोरेंट को बन्द कराने सहित सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं सामाजिक मर्यादा से जुड़े विभिन्न जनहित मुद्दों को लेकर अखिल भारत हिन्दू महासभा की ओर से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नवागत पुलिस अधीक्षक से शिष्टाचार भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत भी किया इस अवसर पर उन्हें गुलदस्ता एवं शिव दरबार की तस्वीर भेंट कर जिले में उन्हें उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की अग्रिम शुभकामनाएं दी गईं ज्ञापन में कहा गया कि संगठन को नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए निरीक्षण के आधार पर जिले में कुछ ऐसी व्यवस्थागत कमियां सामने आई हैं, जिन पर तत्काल ध्यान दिया जाना आवश्यक है संगठन ने अवगत कराया कि शहर के विभिन्न रेस्टोरेंटों में बंद कैविन संचालित किए जाने की शिकायतें मिल रही हैं, जिनमें संदिग्ध गतिविधियों की आशंका व्यक्त की जा रही है ऐसे प्रतिष्ठानों की सिविल ड्रेस में पुलिस टीम द्वारा जांच कर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की गई इसके अतिरिक्त प्रमुख बाजारों और चौराहों पर अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होने पर चिंता व्यक्त की गई संगठन ने यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए नियमित अभियान चलाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि हाल ही में भर्ती हुए कुछ पुलिस कर्मियों के व्यवहार को लेकर आम नागरिकों में असंतोष की शिकायतें सामने आई हैं पुलिस विभाग जनता के विश्वास का प्रतीक है, इसलिए सभी कर्मियों को विनम्र, संयमित एवं सहयोगात्मक व्यवहार के निर्देश देने तथा आवश्यकता पड़ने पर व्यवहारिक प्रशिक्षण आयोजित करने का अनुरोध किया गया साथ ही यह भी कहा गया कि पूर्व में विभिन्न मोहल्लों एवं गलियों में नियमित रूप से होने वाली रात्रि गश्त वर्तमान में शिथिल प्रतीत हो रही है,जिससे असामाजिक तत्व सक्रिय हो सकते हैं संगठन ने रात्रि गश्त को पुनः प्रभावी ढंग से प्रारंभ करने की मांग की। ज्ञापन में रात्रि के समय सार्वजनिक स्थानों, विशेषकर ठेलों के आसपास खुलेआम शराब सेवन तथा शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाओं पर भी चिंता जताते हुए सघन अभियान चलाकर कठोर वैधानिक कार्रवाई की अपेक्षा की गई जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर जनपद में शांति, सुरक्षा और सुव्यवस्था को सुदृढ़ करना है उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवागत पुलिस अधीक्षक जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेंगे इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, मीडिया प्रभारी डॉ प्रेम सागर शर्मा, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश कश्यप, जिला उपाध्यक्ष अमन संजोग, युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्निहोत्री, युवा जिला उपाध्यक्ष राहुल राठौर, दीपक रस्तोगी, वीरेंद्र कुमार, प्रतीक ठाकरे, अनूप शर्मा आदि सहित कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे हैं।

# नवागत पुलिस अधीक्षक से मिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल: व्यापारियों की सुरक्षा और सुगम यातायात पर हुई सकारात्मक चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, पीलीभीत के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने आज जनपद के नवागत पुलिस अधीक्षक श्री सुकीर्ति माधव मिश्रा जी से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य नवागत कप्तान का जनपद आगमन पर स्वागत करना और व्यापारियों व पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था।

प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अनिल महेंद्रू एवं जिला अध्यक्ष श्री एम. ए. जिलानी ने पुलिस अधीक्षक का अभिनंदन किया। बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने व्यापारियों की सुरक्षा और शहर की चरमराई यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की। जिला अध्यक्ष श्री एम. ए. जिलानी ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान बाज़ारों की सुरक्षा की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि, ''व्यापारी वर्ग अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। मुख्य बाज़ारों और थोक मंडियों में रात के समय पुलिस की गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है ताकि चोरी और लूट जैसी घटनाओं पर पूरी तरह अंकुश लग सके।'' उन्होंने पुलिस और व्यापारियों के बीच विश्वास का माहौल बनाने के लिए बीट स्तर पर नियमित बैठकों का भी सुझाव दिया।

वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अनिल महेंद्रू ने शहर के मुख्य चौराहों और बाज़ारों में लगने वाले भीषण जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि बेतरतीब पार्किंग और अतिक्रमण के कारण न केवल ग्राहक परेशान होते हैं, बल्कि व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित होता है। उन्होंने सुझाव दिया कि व्यापारियों के सहयोग से एक नया 'ट्रैफिक मास्टर प्लान' तैयार किया जाए।नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक ने नगर में पुलिस द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के नेटवर्क को और मज़बूत करने का आग्रह किया। युवा ज़िला अध्यक्ष शैली शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को गणेश जी की प्रतिमा देकर अभिवादन किया । नवागत पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन व्यापारियों के मान-सम्मान और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ''व्यापारी सुरक्षा सेल'' को और अधिक सक्रिय किया जाएगा और सीसीटीवी कैमरों के नेटवर्क को मजबूत करने में व्यापारियों का सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेंद्रू , जिला अध्यक्ष एम ए जिलानी,नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक ,सुनील वर्मा ,नाहिद ख़ान ,ललित अग्नानी,विक्रांत ,शैली शर्मा ,आशीष लोधी ,ऋषभ सिंह ,शेरपुर नगर अध्यक्ष सलमान ख़ान, विक्रांत मिश्रा, सुनील वर्मा, रशीद अंसारी, ललित,रविंद्र पाल टुटेजा, गौतम गोहा, प्रीतम शर्मा, मुस्तकीम मलिक, हरीश सिंह, राजा हसन, विनोद गुप्ता, शैली शर्मा, ऋषभ सिंह, उज्जवल वर्मा, शेर सिंह, ताबिश, अभिलाष गुप्ता, रजी अंसारी,आशीष लोधी, साबिर अंसारी, गौरव राणा, शुभम सक्सेना, गौरव दीक्षित, असलम सहित तमाम पदाधिकारी एवं व्यापारिक नेता उपस्थित रहे, जिन्होंने पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प दोहराया।

# एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की ली सलामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिये समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाये रखने के लिये ड्रिल करवाया गया।परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व जनपद के विभिन्न थानों व शाखाओं के अधिकारी,कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ सुथरी एवं अच्छी वर्दी धारण करने हेतु निर्देशित किया।पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस लाइन का मुआयना करते हुए बैरक, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय परिवहन शाखा व पीआरवी 112 आदि का निरीक्षण कर साफ सफाई व अभिलेखों के रखरखाव के संबंध में आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये।पुलिस लाइन में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में आगामी त्यौहारों शिवरात्रि, होली व रमजान आदि के दृष्टिगत किसी भी आकस्मिक अथवा प्रतिकूल परिस्थिति में तेज, वैज्ञानिक और प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता विकसित करने हेतु पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर पुलिस बल के द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया।पुलिस बल के द्वारा उन्नत दंगा नियंत्रण प्रशिक्षण का कौशल दिखाते हुये भीड़ नियंत्रण,तितर बितर करने की रणनीतियां, लाठी चार्ज, स्टॉपिंग लाइन एवं शील्ड पोजीशन, आंसू गैस के गोले, मिर्ची बम के संचालन, रबर बुलेट गन, एंटीराइट गन, टीयर गैस गन के प्रयोग का अभ्यास, हैंड ग्रेनेड, फायर ब्रिगेड आदि का अभ्यास किया गया । बलवाइयों पर कार्यवाही हेतु अलग अलग टीमों द्वारा वास्तविक स्थिति में लागू किए जाने वाले विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास करते हुये पुलिस की तैयारी और अधिक मजबूत की गयी।इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल की समन्वय क्षमता, तत्परता, अनुशासन और टैक्टिकल रेस्पॉन्स को और मज़बूत करना रहा।इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्वेताभ भास्कर, क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री दिनेश मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक अमेठी व अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# टीबी एवं कैंसर की जांच को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## मौके पर छः क्षयरोगियों की हुई पहचान




सुल्तानपुर। शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में जनपद में कल 100 कैंप टीबी एवं कैंसर का आयोजित किया जाना था, जिसके क्रम में आज डॉ. भारत भूषण के निर्देशन में रायबरेली रोड अमहट पुलिस चौकी के पास काशीराम कॉलोनी में एक कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. आरके कनौजिया, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता, एनसीडी क्लीनिक के चिकित्सा अधिकारी डॉ. इमरान युसूफ, डॉ.पवन कुमार गुप्ता की मौजूदगी में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में टीबी की जांच स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, मुख कैंसर की जांच, शुगर की जांच, हाइपरटेंशन की जांच आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ आभा आईडी भी बनाया गया। जिसमें कुल 73 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग किया गया, केंद्र सरकार से प्राप्त हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से डीआरए नाज़नीन के द्वारा सभी 73 व्यक्तियों का सीने का एक्सरे किया गया, जिसमें कुल 6 लोगों में टीबी के लक्षण पाए गए। जिनका बलगम का सैंपल लेकर जांच किया गया तथा शुगर के साथ लोग हाइपरटेंशन के 11 लोगों पाए गए। कैंप में मुख्य रूप से टीबी क्लीनिक के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सुरेश कुमार, अर्बन कोऑर्डिनेटर विकास यादव, रणवीर यादव एलटी, विकास पाण्डेय एल टी, ममता तिवारी एएनएम, शहनाज बानो, आंगनवाड़ी अंजली गुप्ता, आशा ममता, एवं दीपा श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहकर कैंप में उपस्थित रहे।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बच्चों में दिखा गजब का उत्साह

अमेठी । संजय गांधी पॉलिटेक्निक के क्रीड़ास्थल पर आयोजित वार्षिक खेलकूद एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न स्पर्धाओं का शुभारम्भ उत्साह और उमंग के साथ हुआ। छात्र छात्राओं ने खेल प्रतिस्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुये उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चार सौ मीटर दौड़, दो सौ मीटर दौड़ तथा लंबी कूद प्रतियोगिता में बालक वर्ग से शिवांश सिंह तथा बालिका वर्ग से पावनी कसेरा ने तीनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर दर्शकों की सराहना अर्जित की।भाला फेंक प्रतियोगिता में बालक वर्ग से सूरज कुमार गौतम एवं बालिका वर्ग से गुलिस्ता खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अनुराग तथा बालिका वर्ग में सावित्री ने अव्वल स्थान हासिल किया। वहीं ऊंची कूद प्रतियोगिता में अर्चित पाण्डेय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये प्रथम स्थान प्राप्त किया।इसी क्रम में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसका उद्घाटन प्रधानाचार्य राम रतन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का विषय था ळक्या खेलों का व्यवसायीकरण उनकी मूल भावना का हनन कर रहा है ? इस प्रतियोगिता में पक्ष में सूरज मौर्य तथा विपक्ष में हर्ष मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त स्टाफ ने प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में सहयोग करते हुये छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## नगर के मौहल्ले में किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, पाँच लोगों पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के एक मोहल्ले से किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को 8 फरवरी को बबलू पुत्र करनलाल निवासी ढाडिया नवाबगंज अपने भाई आकाश, अंकित तथा बहन सीमा देवी और पूजा की मदद से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। आरोप है कि घटना वाले दिन सभी आरोपी उसके घर आए थे और किसी बहाने से उसकी नाबालिग पुत्री को अपने साथ ले गए। काफी देर तक पुत्री के घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़िता की मां का कहना है कि जब उन्होंने आरोपियों से अपनी पुत्री को वापस भेजने की बात कही तो उन्हें धमकियां दी जाने लगीं। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक सहित पाँच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हजारा थाना क्षेत्र में बैंक खाता खुलवाने के बहाने नाबालिग साली को लेकर बहनोई फरार, मुकदमा दर्ज

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी तीन वर्ष पूर्व की थी, जिससे उसके दो बच्चे भी हैं। इसी रिश्तेदारी के चलते दामाद का उसके घर आना-जाना बना रहता था। आरोप है कि 8 फरवरी को दामाद ने महिला की 17 वर्षीय पुत्री को बैंक में खाता खुलवाने की बात कहकर बाइक से घर से ले गया था। शाम तक दोनों के घर न लौटने पर परिजनों ने संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन मोबाइल फोन बंद मिला। काफी तलाश के बावजूद दोनों का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि दामाद उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया और मामले में कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाजार घाट बैल्हा खेत मे मिला था युवक का शव, हत्या का आरोप मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा क्षेत्र के गांव विचित्र नगर निवासी रंजीत का शव 10 फरवरी को बाजार घाट बैल्हा के पास सड़क किनारे एक खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच के बाद परिजनों ने रंजीत की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। परिजनों का कहना था कि रंजीत की मौत सामान्य नहीं है और उसे साजिश के तहत मारकर शव खेत में फेंका गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शिकायत के आधार पर थाना सम्पूर्णानगर क्षेत्र के गिरछिया निवासी गोपी उर्फ गुरप्रीत और मुमताज के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच की जा रही हैं।

## सीएमओ ने पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण प्रसूताओं का जाना हाल

पूरनपुर ।पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएमओ आलोक शर्मा ने औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानी इस दौरान सीएचसी परिसर में जगह-जगह गंदगी होने और प्रसव कक्ष के बाहर पुरुषों के खड़ा होने पर कड़ी नाराजगी जताई उन्होंने महिला बार्ड में जाकर प्रसूताओं से भी देखभाल के संबंध में जानकारी की और व्यवस्थाओं के बारे मे जानकारी ली सीएमओ ने प्रसूताओं से यह भी पूछा कि किसी को रुपया तो नहीं दिया निरीक्षण से जिम्मेदारों में खलबली मची रही शुक्रवार को दोपहर 3 बजे अचानक सीएमओ डॉक्टर आलोक शर्मा सीएचसी आ पहुंचे उन्होंने डॉक्टरों के सभी चैंबरों में और दवा वितरण कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया मरीजों को कोई दिक्कत तो नहीं हो रही है इस संबंध में दवा वितरण काउंटर के सामने लाइन में लगे मरीजों से पूछताछ की दवा वितरण कक्ष मे पहुँच कर व्यवस्था चेक की महिला बार्ड में जाकर प्रसूताओं व उनके तीमारदारों से देखभाल की जानकारी की प्रसव कक्ष में पुरुषों की इंट्री और पूरे सीएचसी परिसर में गंदगी व दवा वितरण कक्ष के पास जला हुआ कूड़ा देखकर नाराजगी जताई निरीक्षण कर खामियों को दूर करने के निर्देश दिये इमरजेंसी कक्ष का भी निरीक्षण किया सीएमओ ने बताया कि कुछ खामियां सामने आई हैं जिनको दूर करने के निर्देश दिए है सीएचसी में स्टाफ मौजूद मिला।

## सीएचसी का सीएमओ ने किया निरीक्षण, गंदगी पर जताई नाराजगी, मरीजों से जाना हाल

पूरनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने महिला वार्ड में प्रसूताओ से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि किसी के द्वारा पैसे की मांग तो नहीं की गई और उन्हें समय पर दवाइयां व भोजन मिल रहा है या नहीं। महिलाओं से फीडबैक लेने के बाद सीएमओ ने वार्ड का जायजा लिया, जहां फैली गंदगी को देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। सीएमओ ने साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए और अस्पताल परिसर में तत्काल धुलाई कराए जाने के निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मनीष राज शर्मा को साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। सीएमओ ने कहा कि मरीजों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## चीनी मिल में तैनात सीसीओ पर किसानों से अभद्रता का आरोप, भाकियू ने हटाने की मांग

पूरनपुर। हाईवे पर स्थित किसान सहकारी चीनी मिल में तैनात सीसीओ अमित चतुर्वेदी के खिलाफ गन्ना किसानों ने गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल हटाने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह के नेतृत्व में किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन शुक्रवार शाम पाँच बजे तहसीलदार को सौपा है। ज्ञापन में आरोप है कि सीसीओ द्वारा किसानों से आए दिन अभद्र व्यवहार व मारपीट की जा रही है। पूर्व में भी विवादों के चलते वर्ष 2023 में उनका स्थानांतरण किया गया था, लेकिन पुनः तैनाती के बाद हालात बिगड़े हैं। किसानों का कहना है कि भारी इंडेंट जारी होने से मिल गेट पर 72S80 घंटे तक वाहन खाली कराने में लग रहे हैं, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है। किसानों ने प्रशासन से मामले में तत्काल कार्रवाई कर सीसीओ को हटाने की मांग की है।

# लुटेरी दुल्हन गैंग का पुलिस ने किया भण्डाफोड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कभी नीले ड्रम को चर्चा में लाने वाली मुस्कान की हरकतों ने विवाहिता जीवन जी रहे पतियों के चेहरे पर खौफ पैदा कर दिया था और देश में मुस्कान के कारनामों की चर्चा हो रही थी तो इसी बीच एसपी चारु निगम ने सुल्तानपुर का चार्ज लेते की एक सप्ताह के भीतर एक नई मुस्कान के गैंग का पर्दाफाश कर फिर से मुस्कान नाम को चर्चा में ला दिया है। दरअसल चारू निगम की टीम ने धनपतगंज थाने में दर्ज एक मामले में मुस्कान जोकि पकड़ी गई लुटेरी दुल्हन सुमन का उपनाम है उसके गैंग के अन्य सदस्यों को पकड़ा है। इस बार की मुस्कान नीले ड्रम की वजह से नहीं बल्कि लाल जोड़ो के वेशभूषा के लिए जानी जाएगी जो कि दुल्हन बनाकर युवकों को लूटने का काम करती थी। बकायदे मंदिर में शादी करती और प्लान के मुताबिक अपने गैंग की महिला और पुरुष सदस्यों को साथ लाकर बीच रास्ते में दूल्हे और उसके परिवार को लूटने का काम करती थी। मुस्कान के तीन बच्चे भी हैं और गिरोह में चार अन्य सदस्य भी है, फिलहाल धनपतगंज थाने की पुलिस ने इस गैंग को धर दबोचा है और गैंग के दो अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है लेकिन मुस्कान का नाम इस बार नीले ड्रम से नहीं बल्कि लाल जोड़े को पहन कर उसे बदनाम करने के लिए जाना जाएगा

## सम्पादकीय

# फर्जी की मर्जी पर अंकुश

डीपफ़ेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से झूठ को सच बनाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर केंद्र सरकार ने शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। इस तरह के भ्रमित करने वाली सामग्री प्रसारित करने वाले सोशल मीडिया को नियंत्रित करने वाले नियमों को सख्त बनाया जा रहा है। जिससे डिजिटल कंपनियों और प्लेटफॉर्मों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, खासकर डीपफ़ेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई से निर्मित सामग्री के संबंध में। दरअसल, ये नवीनतम बदलाव उन शिकायतों के बाद किए गए हैं जिसमें एआई बॉट द्वारा पथभ्रष्ट करने वाली उत्तेजक छवियों के निर्माण करने के आरोप लगे हैं। जिसके खिलाफ दुनिया के कई देशों ने भी सख्त कदम उठाए हैं। उल्लेखनीय है कि आईटी के नये नियम बीस फरवरी से लागू होंगे। इसके बाद एआई के जरिये निर्मित सामग्री पर इस बात का लेबल लगाना जरूरी होगा कि उसे कृत्रिम रूप से गढ़ा गया है। साथ ही प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को उपयोगकर्ताओं को भरोसा दिलाना होगा कि साझा की जा रही सामग्री एआई द्वारा निर्मित है या नहीं। ऐसे वक्त में जब लोगों की संवेदनाओं और भरोसे से खिलवाड़ का खेल द्रुत गति से जारी है, केंद्र सरकार की ओर से उठाया गया यह जरूरी कदम कहा जा सकता है। सरकार ने नये प्रावधानों में निर्देश दिया है कि किसी भी अवैध या भ्रामक एआई जनित सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना होगा या फिर ब्लॉक करना होगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले यह हटाने की समय सीमा 36 घंटे थी। हालांकि, इस तरह सख्त नियमों के जरिये सोशल मीडिया का नियमन खासा जटिल कार्य है। इस आदेश की जटिल कार्यप्रणाली के अतिरिक्त,यह सवाल भी विवाद का विषय बना हुआ कि ऑनलाइन आपत्तिजनक सामग्री किसे माना जाए। साथ ही यह भी कि क्या स्वीकार्य है? यदि हां तो किस आधार पर? वहीं दूसरी ओर इसके बहाने सरकारों द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने की चिंताएं भी बरकरार हैं। सही मायनों में, लोकतंत्र की अपरिहार्य शर्त स्वतंत्र अभिव्यक्ति से जुड़ी इन चिंताओं का निराकरण भी जरूरी है। निस्संदेह दुनिया में जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता डिजिटल क्षेत्र में अपना दायरा बढ़ाती जा रही है, वैसे-वैसे ही प्रभावी नियामक नियंत्रण स्थापित करना एक कठिन चुनौती बनता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर एआई उद्योग के लिये भी, अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी तकनीकों के विस्तार के साथ-साथ नैतिक ढांचों को बनाये रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य बनता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि एक प्रमुख कंपनी के सुरक्षा शोधकर्ता का विवादास्पद परियोजनाओं की अनियंत्रित गति से असहमति जताते हुए त्यागपत्र देना तकनीकी प्रगति की छलांग लगाती गति के दुष्परिणामों को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता जनित स्पर्धा के दौर में नैतिक दुविधा स्पष्ट है। साथ ही इसका कोई कारगर समाधान शीघ्र नजर भी नहीं आता। इस संकट से विकासशील देश ही नहीं, विकसित देश भी गहरे तक जूझ रहे हैं। आस्ट्रेलिया व फ्रांस आदि देशों में बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की न्यूनतम उम्र निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में इंस्टाग्राम और यूट्यूब के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की जांच के लिये एक ऐतिहासिक मुकदमा शुरू हो गया है। सोशल मीडिया कारोबार में दोनों हाथों से मुनाफा बटोरने वाली कंपनियों के देश अमेरिका में दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया कंपनियों पर लोगों को लत लगाने वाली मशीनें बनाने के आरोप लग रहे हैं। इस बाबत एक अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख विशेषज्ञ की टिप्पणी है- हम देख रहे हैं कि अधिकाधिक युवा न केवल मनोवैज्ञानिक बल्कि शारीरिक पीड़ा का भी अनुभव करते हैं, जब उनसे फोन आदि उपकरण ले लिए जाते हैं। कमोबेश यही स्थिति भारत समेत तमाम विकासशील देशों में भी बनी हुई है। इस संकट का कोई स्थायी समाधान विश्व भर के लिये प्रासंगिक हो सकता है।

# डीपफ़ेक का धोखा और डिजिटल सख्त नियमों की अनिवार्यता

वैश्विक परिदृश्य भी इसी संकट की ओर संकेत करता है। ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस जैसे देशों ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग की न्यूनतम आयु निर्धारित करने जैसे कदम उठाए हैं। अमेरिका में इंस्टाग्राम और यूट्यूब के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभावों की जांच के लिए ऐतिहासिक मुकदमे चल रहे हैं। वहाँ की बड़ी तकनीकी कंपनियों पर युवाओं को लत लगाने वाली संरचनाएँ विकसित करने के आरोप लगे हैं। विशेषज्ञों का मत है कि कई युवा जब अपने फोन से दूर किए जाते हैं तो वे मनोवैज्ञानिक ही नहीं, शारीरिक असहजता भी अनुभव करते हैं। यह स्थिति केवल विकसित देशों तक सीमित नहीं, भारत सहित विकासशील देशों में भी सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार सामाजिक और मानसिक संकट का कारण बन रहा है। एआई उद्योग स्वयं भी एक नैतिक दुविधा के दौर से गुजर रहा है। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में कंपनियाँ तकनीकी श्रेष्ठता की दौड़ में लगी हैं। इस दौड़ में सुरक्षा और नैतिकता के प्रश्न अक्सर पीछे छूट जाते हैं। हाल ही में एक प्रमुख कंपनी के सुरक्षा शोधकर्ता द्वारा विवादास्पद परियोजनाओं की अनियंत्रित गति पर असहमति जताते हुए त्यागपत्र देना इस तनाव का संकेत है। तकनीक की प्रगति जितनी तेज होगी, नियामक ढाँचे उतनी ही तेजी से अप्रासंगिक होते जाएँगे, यदि उन्हें समयानुकूल अद्यतन न किया जाए। इसलिए नियमन को केवल दंडात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी और सहभागी होना चाहिए।

डिजिटल युग में सूचना की गति जितनी तीव्र हुई है, उतनी ही तेजी से भ्रम, छल और दुष्प्रचार की संभावनाएँ भी बढ़ी हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डीपफ़ेक तकनीक ने इस चुनौती को और जटिल बना दिया है। अब केवल शब्दों से नहीं, बल्कि चेहरों, आवाजों और भाव-भंगिमाओं से भी झूठ को सच की तरह प्रस्तुत किया जा सकता है। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने डीपफ़ेक और एआई जनित सामग्री के नियमन के लिए आईटी नियमों को सख्त करने का निर्णय लिया है। बीस फरवरी से लागू होने जा रहे नए प्रावधानों के अनुसार एआई द्वारा निर्मित सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना अनिवार्य होगा और किसी भी अवैध या भ्रामक सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना या ब्लॉक करना होगा। पहले यह समयसीमा 36 घंटे थी। यह बदलाव केवल तकनीकी संशोधन नहीं, बल्कि डिजिटल नैतिकता और लोकतांत्रिक जवाबदेही की दिशा में एक गंभीर हस्तक्षेप है। पिछले कुछ वर्षों में डीपफ़ेक तकनीक का दुरुपयोग भयावह रूप से सामने आया है। राजनीतिक नेताओं के फर्जी वीडियो, अभिनेत्रियों की अश्लील रूप से परिवर्तित तस्वीरें, सांप्रदायिक तनाव भड़काने वाले ऑडियो क्लिप और आर्थिक धोखाधड़ी के लिए बनाए गए कृत्रिम संदेश-ये सब इस बात के प्रमाण हैं कि तकनीक तटस्थ नहीं रहती, उसका उपयोग और दुरुपयोग दोनों संभव हैं। जब सत्य को जूता जा रहा हो और झूठ को परिष्कृत तकनीक के सहारे प्रमाणिकता का आवरण पहनाकर प्रस्तुत किया जा रहा हो, तब समाज में अविश्वास का वातावरण बनना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा नियंत्रण की पहल आवश्यक प्रतीत होती है, क्योंकि यह केवल अभिव्यक्ति का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों की प्रतिष्ठा से जुड़ा विषय है। नए नियमों के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से बढ़ाई गई है। अब उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता को यह जानकारी मिले कि साझा की जा रही सामग्री एआई से निर्मित है या नहीं। इससे पारदर्शिता का एक न्यूनतम मानक स्थापित होगा। साथ ही, तीन घंटे की समयसीमा यह संकेत देती है कि सरकार डिजिटल अपराधों की गंभीरता को समझ रही है। डीपफ़ेक वीडियो के वायरल होने के बाद उसका खंडन अक्सर प्रभावहीन हो जाता है, इसलिए त्वरित कार्रवाई ही नुकसान को सीमित कर सकती है। परंतु यह भी सच है कि इतनी कम समय सीमा में सामग्री की सत्यता की जांच करना तकनीकी और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत जटिल कार्य है। इससे प्लेटफॉर्मों पर निगरानी तंत्र को अत्यधिक सुदृढ़ करना पड़ेगा, जो लागत और संचालन दोनों के स्तर पर चुनौतीपूर्ण होगा। यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि 'आपत्तिजनक' या 'भ्रामक' सामग्री की परिभाषा कौन और किस आधार पर तय करेगा। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मूलाधिकार है। यदि नियमन की प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत नहीं होगी, तो इसके दुरुपयोग की आशंकाएँ जन्म लेंगी। अतीत में भी यह देखा गया है कि जब-जब सोशल मीडिया पर नियंत्रण के प्रयास हुए, तब कुछ वर्गों ने इसे सरकारी अतिक्रमण के रूप में प्रस्तुत किया। इसलिए नियमन और स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि नियमों का प्रयोग असहमति को दबाने के लिए नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से दुष्प्रचार और अपराध को रोकने के लिए हो। इस दिशा में स्वतंत्र निगरानी तंत्र, न्यायिक समीक्षा और पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली अनिवार्य घटक हो सकते हैं। वैश्विक परिदृश्य भी इसी संकट की ओर संकेत करता है। ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस जैसे देशों ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग की न्यूनतम आयु निर्धारित करने जैसे कदम उठाए हैं। अमेरिका में इंस्टाग्राम और यूट्यूब के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभावों की जांच के लिए ऐतिहासिक मुकदमे चल रहे हैं। वहाँ की बड़ी तकनीकी कंपनियों पर युवाओं को लत लगाने वाली संरचनाएँ विकसित करने के आरोप लगे हैं। विशेषज्ञों का मत है कि कई युवा जब अपने फोन से दूर किए जाते हैं तो वे मनोवैज्ञानिक ही नहीं, शारीरिक असहजता भी अनुभव करते हैं। यह स्थिति केवल विकसित देशों तक सीमित नहीं, भारत




सहित विकासशील देशों में भी सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार सामाजिक और मानसिक संकट का कारण बन रहा है। एआई उद्योग स्वयं भी एक नैतिक दुविधा के दौर से गुजर रहा है। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में कंपनियाँ तकनीकी श्रेष्ठता की दौड़ में लगी हैं। इस दौड़ में सुरक्षा और नैतिकता के प्रश्न अक्सर पीछे छूट जाते हैं। हाल ही में एक प्रमुख कंपनी के सुरक्षा शोधकर्ता द्वारा विवादास्पद परियोजनाओं की अनियंत्रित गति पर असहमति जताते हुए त्यागपत्र देना इस तनाव का संकेत है। तकनीक की प्रगति जितनी तेज होगी, नियामक ढाँचे उतनी ही तेजी से अप्रासंगिक होते जाएँगे, यदि उन्हें समयानुकूल अद्यतन न किया जाए। इसलिए नियमन को केवल दंडात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी और सहभागी होना चाहिए। भारत के संदर्भ में यह विषय और भी संवेदनशील है। यहाँ डिजिटल क्रांति ने अभूतपूर्व विस्तार पाया है। करोड़ों नए उपयोगकर्ता प्रतिवर्ष ऑनलाइन आ रहे हैं। ऐसे में यदि असली और नकली के बीच का फर्क स्पष्ट न रहे तो लोकतांत्रिक विमर्श ही संदिग्ध हो जाएगा। चुनावी प्रक्रिया, सामाजिक सद्भाव, आर्थिक लेन-देन और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा-सभी पर डीपफ़ेक का खतरा मंडरा सकता है। इसलिए एआई जनित सामग्री पर लेबलिंग का प्रावधान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सूचना साक्षरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि लेबलिंग तभी प्रभावी होगी जब आम उपयोगकर्ता डिजिटल साक्षर हो। अन्यथा वह लेबल को समझे बिना ही सामग्री साझा करता रहेगा। आगामी ई-समिट और भारत के 'इंडिया एआई मिशन' के संदर्भ में यह और भी प्रासंगिक हो जाता है कि तकनीक का विकास पारदर्शिता, शुद्धता और प्रमाणिकता के मूल्यों के साथ हो। यदि भारत वैश्विक एआई नेतृत्व का दावा करना चाहता है, तो उसे नैतिक मानकों की स्थापना में भी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। केवल स्टार्टअप्स और नवाचार की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि एआई मानव गरिमा, गोपनीयता और लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करे। नियमन का उद्देश्य तकनीकी प्रगति को रोकना नहीं, बल्कि उसे उत्तरदायी बनाना होना चाहिए। अंततः यह समझना होगा कि डीपफ़ेक और एआई का संकट केवल तकनीकी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक भी है। कानून आवश्यक है, परंतु पर्याप्त नहीं। डिजिटल कंपनियों की जवाबदेही, सरकार की पारदर्शिता, न्यायपालिका की सतर्कता और नागरिकों की जागरूकता-इन सबका समन्वय ही इस चुनौती का स्थायी समाधान दे सकता है। यदि नियमन संतुलित और निष्पक्ष होगा तो वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने के बजाय उसे सुरक्षित करेगा, क्योंकि स्वतंत्रता तभी सार्थक है जब वह सत्य और जिम्मेदारी के साथ जुड़ी हो। झूठ को सच में बदलने की तकनीकी क्षमता जितनी बढ़ रही है, उतनी ही दृढ़ता से सत्य की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प भी आवश्यक है। यही डिजिटल युग की सबसे बड़ी नैतिक परीक्षा है, और यही लोकतांत्रिक समाज की अगली कसौटी भी। -ललित गर्ग

# माँ खालिदा की राह पर चले तारिक तो भारत को हो सकता है नुकसान

**अजय कुमार**

बांग्लादेश की राजनीति में बेगम खालिदा जिया का नाम एक महत्वपूर्ण अध्याय रहा है। उनकी सरकार के दौरान भारत के साथ संबंधों में अक्सर तनाव की स्थिति बनी रही, जबकि उनके बेटे तारिक रहमान के नेतृत्व में आने पर ये रिश्ते या तो वैसे ही रह सकते हैं या कुछ बदलाव दिख सकते हैं। बेगम खालिदा जिया ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेतृत्व में 1991 से 1996 तथा 2001 से 2006 तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। इस दौरान भारत के साथ उनके संबंधों को कई कारणों से खराब माना जाता है। सबसे पहले तो उन्होंने 1972 की भारत-बांग्लादेश मैत्री संधि को गुलामी की संधि करार दिया था, जिससे दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक समझौते पर ही सवाल उठ गए। उनकी सरकार ने चीन और पाकिस्तान के साथ गहरे संबंध बढ़ाए, खासकर 2002 में चीन के साथ बड़े रक्षा समझौते हुए, जिससे भारत ने इसे अपनी सुरक्षा के लिए खतरा माना। फरक्का बैराज को लेकर भी उन्होंने भारत की कड़ी आलोचना की और कहा कि इससे बांग्लादेश को गंगा का पानी नहीं मिल पाता। ट्रांजिट सुविधा के मुद्दे पर भी उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर भारत को बांग्लादेश के रास्ते जाने का विरोध किया, इसे अपनी संप्रभुता से जोड़कर देखा। इसके अलावा, खालिदा जिया के शासनकाल में भारत ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश पूर्वोत्तर के उग्रवादी गुटों को शरण दे रहा है, जिससे सीमा पर तनाव बढ़ा। हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों के मामले भी बढ़े, जैसे 1992 के बाबरी मस्जिद विवाद के बाद बांग्लादेश में हिंसा भड़की, जिसमें हजारों हिंदू प्रभावित हुए। 2005 में जमात-उल-मुजाहिदीन के 500 बम धमाकों ने भी स्थिति को और बिगाड़ दिया, क्योंकि भारत ने इसे अपने खिलाफ साजिश माना। इन सबके बावजूद 2012 में खालिदा जिया ने भारत यात्रा की और तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी तथा प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से मुलाकात की, जहां उन्होंने संबंध सुधारने की बात कही, लेकिन वापस लौटते ही उनका रुख फिर कड़ा हो गया। कुल मिलाकर, उनकी सरकार में संबंध सुलगते रहे, कोई गर्मजोशी नहीं दिखी। इसके विपरीत, शेख हसीना की सरकार ने भारत के साथ संबंधों को मजबूत किया, लेकिन इस बार अवामी लीग को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था। उन्होंने 1972 की संधि का सम्मान किया और कई समझौते किए। उदाहरण के लिए, 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ढाका यात्रा के दौरान भूमि सीमा समझौता हुआ, जिससे 162 छिटमहल सुलझ गए और हजारों लोगों को नागरिकता मिली। गंगा जल बंटवारे पर 1996 का समझौता हसीना ने मजबूती से लागू किया। ट्रांजिट सुविधा दी गई, जिससे पूर्वोत्तर राज्यों को लाभ हुआ। आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ा, खासकर उग्रवादियों को सौंपने के मामले में। व्यापार बढ़ा, बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना। कोविड महामारी में भारत ने टीके उपलब्ध कराए, जिसे हसीना ने सराहा। बुनियादी ढांचे परियोजनाओं जैसे माहेनगर रेल पुल और कुशियारा नदी पर पुल का निर्माण भारत की मदद से हुआ। सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी बढ़ा, जैसे संयुक्त सैन्य अभ्यास और सांस्कृतिक उत्सव। इन उदाहरणों से साफ है कि हसीना काल में संबंध ऐतिहासिक रूप से मजबूत हुए।अब सवाल है कि खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने से संबंध कैसे होंगे। तारिक बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं और मां की राजनीतिक विरासत संभाल रहे हैं। 17 साल बाद वे 2025 में बांग्लादेश लौटे, जहां उनकी लोकप्रियता बढ़ी है। तारिक का रुख भी राष्ट्रवादी है, वे भारत के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं। उन्होंने पूर्वोत्तर उग्रवादियों को शरण देने के आरोपों को खारिज किया, लेकिन पाकिस्तान और चीन के प्रति नरमी दिखाई। हालांकि, हाल के वर्षों में कुछ बदलाव दिखे हैं। खालिदा जिया की हालत खराब होने और उनकी मृत्यु के बाद तारिक ही पार्टी का चेहरा हैं। वे आर्थिक विकास और लोकतंत्र पर जोर देते हैं, जिससे भारत के साथ व्यापारिक संबंध बनाए रखने की जरूरत समझते होंगे। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था भारत पर निर्भर है, निर्यात का बड़ा हिस्सा भारत जाता है। वैश्विक दबाव में भी बदलाव संभव है। लेकिन पार्टी की विचारधारा के कारण संबंध वैसे ही तनावपूर्ण रह सकते हैं, जैसे अल्पसंख्यक सुरक्षा और सीमा विवाद पर। अगर तारिक सत्ता में आए, तो चीन-पाकिस्तान झुकाव बढ़ सकता है, जिससे भारत सतर्क होगा। फिर भी, कूटनीतिक यात्राओं से नरमी आ सकती है, जैसा 2012 में हुआ। कुल मिलाकर, पूरी तरह वैसा ही रहना मुश्किल, कुछ सकारात्मक बदलाव दिख सकते हैं यदि आर्थिक हित प्राथमिक हों।

## सेहत मंत्र

# जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द को कम करता है जायफल

जायफल रसोई में इस्तेमाल होने वाली एक महत्वपूर्ण स्पाइस है। इसे दुनियाभर में विभिन्न व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है। यह खाद्य पदार्थों में मिठास लाता है। जायफल न सिर्फ भोजन के स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि इससे खाने से काफी अच्छी महक आती है। यूं तो आप भी जायफल का इस्तेमाल अपने भोजन में करते होंगे, लेकिन क्या आप इससे होने वाले फायदों से वाकिफ हैं। अगर आप हर दिन अत्यधिक तनाव का सामना करते हैं तो आपको जायफल का सेवन अवश्य करना चाहिए। जायफल में मिरिस्टिसनि और एलिमिसिन पाया जाता है, यह कपांउड दिमाग को रिलैक्स करने का काम करते हैं। इतना ही नहीं, जायफल में मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन और डोपामाइन को बढ़ावा देने की क्षमता होती है। जिसके कारण आप तनाव व अवसाद से आसानी से बाहर आ सकते हैं। इसके लिए आप थोड़ा सा जायफल पाउडर लेकर उसे आंवला के रस में मिलाकर सेवन करें। जायफल का सेवन आपके मस्तिष्क की कार्यक्षमता को भी बेहतर बनाता है। दरअसल, जायफल में मिरिस्टिसनि और मैकलिगनन होता है, जो मानव के मस्तिष्क और उसकी मेमोरी पावर को बूस्टअप करने का काम करता है। इतना ही नहीं, जायफल एकाग्रता और ध्यान केन्द्रति करने की क्षमता में भी सुधार करता है। इसके लिए आप हर रात सोने से पहले एक गिलास गर्म पानी में जरा सा जायफल का पाउडर मिक्स करके इसका सेवन करें। जिन लोगों को रात में ठीक तरह से नींद न आने की समस्या होती है, उनके लिए जायफल किसी रामबाण से कम नहीं है। यह अनिद्रा के लिए एक नेचुरल रेमिडी है। दरअसल, जायफल में मैग्नीशियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। मैग्नीशियम मस्तिष्क में तंत्रिका तनाव को कम करने और सेरोटोनिन के उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसके लिए आप हर रात सोने से पहले एक गिलास दूध में चुटकी भर जायफल पाउडर, बादाम व इलायची डालकर सेवन करें।

## धर्म मंत्र

# यदि आप आर्थिक तंगी से हैं परेशान तो करें गुरुवार का व्रत

अगर आप आर्थिक तंगी से परेशान हैं या घर में किसी लड़की की शादी नहीं हो पा रही हैं तो ऐसे में गुरुवार का व्रत फायदेमंद होगा। तो आइए हम आपको गुरुवार व्रत का नियम, महत्व तथा उद्यापन विधि के बारे में बताते हैं। अगर आप अपनी परेशानी को कम करने के लिए गुरुवार का व्रत रखना चाहते हैं तो पौष मास को छोड़ कर किसी भी महीने के शुक्ल पक्ष के गुरुवार से व्रत प्रारम्भ कर सकते हैं। किसी भी शुभ काम की शुरूआत करने के लिए शुक्ल पक्ष उत्तम रहता है इसलिए गुरुवार का व्रत भी शुक्ल पक्ष से ही प्रारम्भ करें। गुरुवार का दिन भगवान विष्णु का होता है इसलिए विष्णु जी को प्रसन्न करने के लिए आप गुरुवार का व्रत रख सकते हैं। गुरुवार का व्रत बहुत आसान और प्रभावकारी होता है। इसके लिए बहुत कम सामान की जरूरत होती है। पूजा करने के लिए केले का पेड़, विष्णु भगवान की फोटो, चने की दाल, गुड़, हल्दी और हवन करने के लिए उपले इत्यादि। गुरुवार को सुबह जल्दी उठकर स्नान कर साफ कपड़े पहनें। उसके बाद पूजा घर की सफाई कर हाथ में चावल और पीले फूल लेकर 16 बृहस्पतिवार व्रत रखने का संकल्प करें। एक छोटा पीला कपडा विष्णु भगवान को चढ़ाएं और लोटे के जल में गुड़, चने की दाल डालकर विष्णु भगवान को स्नान कराएं। उसके बाद पीले फलों का भगवान को भोग लगाएं। इसके बाद कथा पढ़े और आरती करें। उसके बाद लोटे में बचे पानी को केले के पेड़ में डाल दें। साथ ही ध्यान रखें कभी भी बृहस्पतिवार के दिन केले का सेवन न करें। बचे हुए प्रसाद में गुड़ और चने की दाल गाय को खिलाएं इससे आपको बहुत पुण्य मिलेगा।

## पर्यटन



# दुनिया की सबसे बड़ी तोप जयबाण देख कर आप रह जाएंगे दंग

पहियों पर रखी हुई दुनिया की सबसे बड़ी तोप जयबाण देखनी है तो चले आये जयपुर के समीप जयगढ़ किले पर। मुझे कुछ दिन पूर्व इसे देखने का मौका मिला। मेरे साथ सैकड़ों सैलानी आश्चर्य के साथ इसे निहार रहे थे। एक फ्रांस के पर्यटक से पूछ लिया हाऊ यू फील तो बोला उठा क्याइट वन्डरफुल। यह तोप वास्तव में जयगढ़ दुर्ग की शान और पर्यटकों के आकर्षण का विशेष केंद्र है। लाखो पर्यटकों की पसंद जयबाण तोप का निर्माण 1720 ई. में जयपुर के मिर्ज़ा राजा जयसिंह द्वारा मुगल राजा मोहमद शाह के समय करवाया गया था। विश्व की सबसे बड़ी यह तोप जयगढ़ किले के डूंगर दरवाजे की बुर्ज पर स्थित है। अधिक बवजन होने से इसे कभी किले से बाहर नहीं ले जाया गया और न कभी यह किसी युद्ध में काम मे लाई गई। यह दुनिया में सबसे प्रसिद्ध तोप है। जयबाण एक दोपहिया गाड़ी पर स्थित है। पहियों व्यास में 4.5 फीट हैं। गाड़ी परिवहन के लिए दो हटाने योग्य अतिरिक्त पहिये लगाए गए हैं। इन पहियों का व्यास 9.0 फुट हैं। इस तोप से 100 किलोग्राम गनपाउडर से बना 50 किलोग्राम वजन का गोले दागा जा सकते था। तोप की बैरल की लंबाई 20.2 फीट है और इसका वजन 50 टन है। बैरल के आगे की ओर नोक के निकट परिधि 7.2 फीट है और पीछे की 9.2 फीट है। बैरल के बोर का व्यास 28 सेमी है और छोर पर बैरल की मोटाई 21.6 सेमी है। बैरल के पीछे की तरफ मोटाई धीरे-धीरे बढ़ जाती है। बैरल पर दो कड़ियाँ है जो कि एक क्रेन की सहायता से इसे उठाने के लिए उपयोग की जाती थीं। बैरल पर आगे की ओर पुष्प आकृति है और केंद्र में मोर की एक जोड़ी बनाई गई है। पीछे की ओर बतख की एक जोड़ी दिखाई देती है। इस तोप को एक बार ही परीक्षण-फायरिंग के लिए चलाया गया था तो जयपुर से करीब 35 किमी दूर स्थित चाकसू नामक कस्बे में गोला गिरने से एक तालाब बन गया था। इस तोप को बनाने के लिए जयगढ़ दुर्ग में ही एक कारखाना बनवाया गया था। इसकी नाल भी यहीं पर विशेष तौर से बनाए सांचे में ढाली गई थी। लोहे को गलाने के लिए भट्टी भी यहां बनाई गई। इसके प्रमाण जयगढ में आज भी मौजूद है। इस कारखाने में और भी तोपों का निर्माण हुआ। विजयदशमी के दिन इस तोप की विशेष पूजा की जाती है।

# सीएससी प्रभारी का निर्देश बने आयुष्मान कार्ड, ग्रामीण मुदित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह के निर्देश पर आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाने के लिए पांच गांवों में शिविर लगाए गए हैं। सीएचओ के नेतृत्व में इन शिविरों की शुरुआत शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र की पांच बड़ी ग्राम पंचायतों से की गई।शुक्रवार को ये शिविर रामपुर भवानीपुर, बदोसराय, मरकामऊ, किंतूर और मेलारायगंज में आयोजित किए गए। इन कैंपों में कोटेदारों, एएनएम, आशा बहुओं और आशा संगिनियों ने सहयोग किया, जिससे सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया।सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने इन शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने टीम को आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।डॉ. सिंह ने कहा कि 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लाभार्थियों और सूची में बचे हुए पात्र व्यक्तियों से संपर्क कर उनके कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने पर जोर दिया।डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि प्रत्येक गांव में शिविर लगाकर आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे, जिसकी शुरुआत इन पांच गांवों से की गई है।

# शिव विवाह प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता, झूमे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। नगर में आवास विकास कॉलोनी स्थित शिवयोग पीठम न्यास के भव्य परिसर में विराजमान भगवान विश्वनाथ मंदिर में चल रही संगीत मयी महाशिवपुराण कथा में शुक्रवार को श्रोता भक्ति में सराबोर दिखे। शिव और माता पार्वती के विवाह की कथा सुनाते हुए साध्वी श्रद्धा चैतन्य ने कहा कि 'रामचरित मानस' में आने वाले शिव विवाह की कथा में हिमवान की पत्नी मैना थी। जगज्जननी भवानी ने उनकी कन्या के रूप में जन्म लिया वह सयानी हुई। दंपती को इनके विवाह की चिंता हुई।इन्हीं दिनों नारद इनके यहां आए, जब दंपती ने अपनी कन्या के उपयुक्त वर के बारे में उनसे प्रश्न किया तो नारद ने कहा कि इसे बावला वर प्राप्त होगा, यद्यपि वह देवताओं द्वारा वंदित होगा। यह सुनकर दंपती को चिंता हुई। नारद ने इस दोष को दूर करने के लिए गिरिजा द्वारा शिव की उपासना का उपदेश दिया। गिरिजा शिव की उपासना में लग गई।माँ पार्वती ने भगवान शंकर को पाने के लिए कठिन तपस्या की।गिरिजा ने अपनी साधना के दौरान खाना पीना सब छोड़ दिया।पहले तो वे कंद मूल फल छोड़कर बेल के पत्ते खाने लगीं और फिर उन्होंने उसको भी छोड़ दिया ।''कछु दिन भोजन वारि बतासा'' में गोस्वामी तुलसीदास ने उनकी तपस्या का वर्णन किया है।उनके प्रेम की परीक्षा के लिए शिव ने बटु का वेष धारण किया और वे गिरिजा के पास गए। तपस्या का कारण पूछने पर गिरिजा की सखी ने बताया कि वह शिव को वर के रूप में प्राप्त करना चाहती हैं। यह सुनकर बटु ने शिव के संबंध में कहा कि वे भिक्षा मांगकर खाते-पीते हैं मसान में वे सोते हैं, पिशाच-पिशाचिनें उनके अनुचर हैं आदि। ऐसे वर से उसे क्या सुख मिलेगा किंतु गिरिजा अपने विचारों में अविचल रहीं । यह देखकर स्वयं शिव साक्षात प्रकट हुए और उन्होंने गिरिजा को कृतार्थ किया । इसके अनंतर शिव ने सप्तर्षियों को हिमवान के घर विवाह की तिथि आदि निश्चित करने के लिए भेजा और हिमवान से लगन कर सप्तर्षि शिव के पास गए। विवाह के दिन शिव की बारात हिमवान के घर गई। बावले वर के साथ भूत-प्रेतादि की वह बारात देखकर नगर में कोलाहल मच गया । मैना ने जब सुना तो वह बड़ी दुखी हुई और हिमवान के समझाने बुझाने पर किसी प्रकार शांत हुई। यह लीला कर लेने के बाद शिव अपने सुंदर और भव्य रूप में परिवर्तित हो गए और गिरिजा के साथ धूम-धाम से उनका विवाह हुआ।साध्वी ने कहा कि भगवान शिव ने भूत बेताल पिशाच आदि अमंगल सूचक लोगों को अपनी बारात में चलने का न्यौता दिया मानो इसके द्वारा वे संदेश देना चाहते हैं कि उपेक्षितों को भी साथ लेकर चलने से उनका मनोबल बढ़ता है।शिव विवाह प्रसंग के मध्य मधुर भजनों पर श्रोता झूमते रहे।कथा पांडाल श्रोताओं से भरा रहा।

न्यास अध्यक्ष स्वामी चेतनानंद परमहंस जी महाराज ने कथा श्रोताओं को आभार स्वरूप आशीर्वाद प्रदान किया। मेरी नाम देवी माताजी केरल प्रांत से पधारी साध्वी देवी माता जी ने भी माता पार्वती के चरित्र व्याख्यान किया।पावन अवसर में अपर जिला अध्यक्ष आर पी पांडेय जी,सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य राजकुमार तिवारी जी वरिष्ठ अधिवक्ता कौशल किशोर त्रिपाठी जी, जिला कारवाह सुधीर जी आदि गणमान्य समेत बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु सहभागी बने।

## मनरेगा एक योजना नही बल्कि गरीब श्रमिकों के आत्मसम्मान की गारंटी है : सिंघल

अमेठी । मनरेगा बचाओ संग्राम के तिलोई विधानसभा में अमेठी कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में शुक्रवार को विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा प्राचीनतम धार्मिक स्थल अहोरवा भवानी से प्रारंभ हुई जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ व स्थानीय नेता, कार्यकर्ता, मजदूर, किसान और ग्रामीण जन भारी उत्साह के साथ शामिल रहे।पदयात्रा के दौरान ''मनरेगा ने दिया सम्मान, चेहरे पर आई थी मुस्कानङ्क, ह्लहर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दोङ्क, मनरेगा में काम करेंगे, नहीं तो हम संग्राम करेंगेङ्क, ह्लनहीं चलेगा चालीस साठ, नब्बे दस पर होगी बातङ्क, ह्लघर से निकलो, आओ भाई, मनरेगा की लड़ो लड़ाईङ्क तथा ह्लमेहनतकश हो या मज़दूर, अपना हक़ हम लेंगे ज़रूर जैसे गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मनरेगा गरीब, मजदूर और किसान को सम्मान के साथ रोजगार देने की सबसे बड़ी सामाजिक गारंटी है।पदयात्रा अहोरवा भवानी पन्हौना होते हुये पूरे दत्ता से जयनगरा, बालनगर चौराहा, इन्हौना रोड, फत्तेपुर, राजापुर, इस्लामगंज, रामपुर कोची और रास्तामऊ में पदयात्रियों का भव्य स्वागत एवं जलपान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके उपरांत दो सौ बेड अस्पताल के पास आयोजित सभा को नेताओं ने संबोधित किया जहां पर तिलोई की वरिष्ठ महिला नेता सुनीता सिंह सैकड़ों महिलाओं के साथ मनरेगा बचाओ संग्राम में शामिल हुई। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं बल्कि गरीब, मजदूर और किसान के आत्मसम्मान की गारंटी है।तिलोई मुख्यालय बाजार से नारायणगंज तिराहा होते हुए मोहनगंज चौराहे पर पदयात्रा का समापन हुआ।कार्यक्रम में जगदीशपुर के पूर्व विधायक राधेश्याम कन्नौजिया, नगर पालिका परिषद जायस की अध्यक्ष मनीषा सिंह चौहान,श्रुति अवस्थी, सदाशिव यादव, विजय पासी, दिग्विजय सिंह, अर्जुन पासी, त्रियुगी नारायण, अनुराग सिंह, राम लखन शुक्ला, अनिल सिंह, चन्दन प्रधान, मोबीन, शत्रुहन सिंह, किरन देवी, अजहरूल हक बबलू, डॉ. नरेंद्र मिश्रा, राजीव सिंह कसारा, भोलानाथ त्रिपाठी, देवेंद्र सिंह गप्पू, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष ममता पाण्डेय, मतीन, श्रद्धा सिंह, त्रिभुवन पासी, गीता सिंह, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुमित तिवारी सहित विधानसभा प्रभारी एवं समस्त ब्लाक अध्यक्षों के कुशल प्रबंधन में यह ऐतिहासिक पदयात्रा संपन्न हुई।

# मनरेगा बचाओ संग्राम, सड़कों पर कांग्रेसियों का हुजूम, सरकार पर बरसे कांग्रेसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मनरेगा को कमजोर करने की साजिश को नहीं सफल होने देगी कांग्रेस : बीपी सिंह**

सुल्तानपुर। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सुल्तानपुर में कांग्रेसियों ने ह्लमनरेगा बचाओ संग्रामङ्क के तहत जोरदार पदयात्रा निकाली। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व ब्लॉक अध्यक्ष रामभवन पांडेय के नेतृत्व में सदर विधानसभा (जयसिंहपुर) क्षेत्र में निकली इस पदयात्रा में कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में मनरेगा श्रमिकों और महिलाओं की भागीदारी रही। पदयात्रा का शुभारंभ जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के बगिया चौराहे से हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जॉब कार्ड धारकों ने हाथों में मनरेगा बचाओ संग्राम का बैनर महात्मा गांधी की फ़ोटो और कांग्रेस का झंडा लेकर मनरेगा के समर्थन में नारेबाजी की। बगिया चौराहे से शुरू हुई यात्रा सदरपुर जयसिंहपुर गाँव कान्हापुर सुकुलबिजौली होते हुए जयसिंहपुर तहसील मुख्यालय पहुंची, जहां नुक्कड़ सभा के साथ पदयात्रा का समापन हुआ। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पश्चिम बंगाल स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य बीपी सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। जनपद की विधानसभा कादीपुर सुल्तानपुर व सदर विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेसियों ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पदयात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लिया। जगह-जगह ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया और मनरेगा योजना को कमजोर किए जाने के खिलाफ आवाज बुलंद की। सुल्तानपुर 188 विधानसभा की पदयात्रा जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से सुपर मार्केट डाकखाना चौराहा गन्दानाला अस्पताल चौराहा रोडवेज बस स्टेशन से विकास भवन के सामने से होते हुए पंत स्टेडियम होकर लाल डिग्गी चौराहे तक निकाली गई, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गरीबों के हक पर डाका डाल रही है। मजदूरों को समय पर भुगतान नहीं हो रहा, बजट में कटौती की जा रही है और काम के अवसर घटाए जा रहे हैं। कांग्रेस यह अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मनरेगा के साथ छेड़छाड़ बंद नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी इस आंदोलन को और तेज करेगी।

## सिद्धपीठ है सिद्धेश्वर महादेव मंदिर आस्था का केन्द्र बिन्दु

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर स्थित भगवान भोलेनाथ का श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर अपार श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र है?।और सदियों से अपने गौरवशाली इतिहास को संजोए अपनी महत्ता का बोध करा रहा है। मान्यता है कि भगवान भोले शिव के दरबार में सच्चे दिल से श्रद्धा पूर्वक माथा टेकने वाले श्रद्धालू भक्तजन कभी निराश नहीं होते और मनवांछित शुभ फल पाते हैं।इसी महत्ता को लेकर दूर दूर तक विख्यात भगवान भोले शिव का श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर अपार श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र है।

## दबंग काट लें गए नगर पंचायत के पेड़, ईओ ने दी तहरीर

बेलहरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी द्वारा पुलिस को लिखे गए एक पत्र में बताया गया है कि नगर पंचायत की सीमा अंतर्गत राजस्व ग्राम सौरंगा स्थित गाटा संख्या 476 जो कि बंजर श्रेणी की है और निकाय की संपत्ति है। उक्त भूमि पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों को लच्छीपुर वार्ड निवासी सिराज पुत्र स्व नियाज़ द्वारा अवैध रूप से कटवाकर हड़पने का प्रयास किया जा रहा था। जबकि उक्त भूमि और उसपर लगे पेड़ निकाय की संपत्ति है। सिराज द्वारा दबंगई के पर बल पर पेड़ो को कटवाये जाने की जानकारी मिलने पर उसे रुकवा दिया गया। कटे हुए पेड़ो की लकड़ी भी मौके पर पही ड़ी है लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है जिससे दबंग व्यक्ति के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि जब सरकारी संपत्ति को दबंग नुकसान पहुंचा सकते हैं तो निजी संपत्तियों को हड़पना उनके लिए कितना आसान होगा इसका अंदाजा इसी प्रकरण से लगाया जा सकता है।

## प्रधान व सचिव सुना ग्रामीणों की शिकायतें समस्याएं

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक सिरौली गौसपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत जगदीशपुर और भरथीपुर में आयोजित ग्राम चौपालों मे चौपालों में कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। चौपाल पंचायत सचिव राजेश कुमार के संयोजन और ग्राम प्रधान सुमन वर्मा की अध्यक्षता में हुई। यहां परिवार रजिस्टर से संबंधित एक शिकायत सामने आई, जिसे तत्काल हल कर दिया गया।इसी प्रकार, ग्राम पंचायत जगदीशपुर के पंचायत भवन में भी चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान रेखा रावत की अध्यक्षता और विवेक कुमार के संयोजन में आयोजित इस चौपाल में दो समस्याएं प्राप्त हुईं। इन दोनों समस्याओं का भी मौके पर ही समाधान कर दिया गया।इस अवसर पर जगदीशपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सतीश कुमार और भरथीपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजीत कुमार वर्मा सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं की हत्या के विरोध में तहसील बार का विरोध प्रदर्शन, ज्ञापन

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अधिवक्ताओं की दिन दहाडे हो रही निर्मम हत्याओं को लेकर फतेहपुर तहसील के अधिवक्ताओं ने खासा विरोध जताया। और तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ताओं ने नारेबाजी की, और सरकार से दोषियों को फांसी की सजा एवं दिव्यंगत अधिवक्ताओं को एक एक करोड का मुआवजा सरकार से दिलाये जाने से सम्बन्धित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर विरोध जताया। मालुम हो कि जिला रामपुर में की गयी अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या किये जाने का प्रकरण अभी शान्त नही हुआ था कि बाराबंकी जिला मुख्यालय पर शोएब किदवई की दिन दहाडे गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गयी। जिसपर शुक्रवार को स्थानीय बार पदाधिकारियों ने विरोध जताया और जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुरानी कचेहरी से विरोध प्रदर्शन करते हुए नवीन कचेहरी परिसर में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार वैशाली अहलावत को सौंपते हुए मांग की हैकि प्रदेश में हो रही अधिवक्ताओं की हत्याओं पर अंकुश लगाने के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जावे और मृतक अधिवक्ताओं के परिवार को एक एक करोड की आर्थिक सहायता करते हुए दोषियों को फांसी की सजा दी जाये। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, रामलाल वर्मा, इन्द्रेश शुक्ला, राजीव नयन तिवारी, हरनाम सिंह वर्मा, ओम प्रकाश यादव, गणेश शंकर मिश्रा, प्रदीप निगम, श्रवण वर्मा, प्रेमचन्द्र पाल, हरीश मौर्या, शिव प्रताप सिंह, कुबेर वर्मा, सतीश वर्मा, अमर सिंह वर्मा, प्रभात वर्मा, महेन्द्र सिंह, रमेशचन्द्र रावत, अनीत रावत, मनीष श्रीवास्तव, नितिन मुकेशराज रावत, अशोक यादव, मो.राहिल सहित काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नाम बदलने का रोना, अपने इतिहास से मुँह मोड़ती कांग्रेस

## मनरेगा का नाम बचाने सड़क पर निकली कांग्रेस, खुद की सरकार में खूब बदले अटल सरकार की योजनाओं के नाम




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मनरेगा बचाने के नाम पर कांग्रेस द्वारा निकाली गई पदयात्रा अब जनसंघर्ष कम और संगठन की नाकामी ढकने की कोशिश ज़्यादा मानी जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी और स्थानीय नेतृत्व पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं कि जब कांग्रेस ज़मीनी राजनीति में पूरी तरह हाशिये पर है, तब ऐसे मार्च जनता को क्या संदेश देते हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन की अगुवाई में मेहंदीपुर चौराहा से हरख के ताहीपुर तक निकाली गई इस पदयात्रा में कांग्रेस के पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया और प्रभारी नेता शामिल तो हुए, लेकिन मंच से निकले शब्दों में योजना से ज़्यादा राजनीति और समाधान से ज़्यादा आरोप दिखाई दिए। केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने और अधिकारों के हनन के आरोप लगाए गए, मगर यह नहीं बताया गया कि कांग्रेस ने बीते वर्षों में बाराबंकी के मजदूरों के लिए आख़िरी निर्णायक लड़ाई कब और कैसे लड़ी। कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से जोड़ते हुए भावनात्मक भाषण दिए, लेकिन ज़मीनी सच्चाई यह है कि जिले में मनरेगा से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस संगठन लंबे समय से निष्क्रिय और अदृश्य रहा है। भुगतान, जॉब कार्ड, भ्रष्टाचार या पंचायत स्तर की गड़बड़ियों पर कभी कोई ठोस आंदोलन नहीं दिखा, और अब अचानक सड़क पर उतरना जनता को रास नहीं आ रहा।

**नाम बदलने का आरोप, लेकिन आईना देखने से परहेज़**

बाराबंकी : राजनीतिक जानकारों का कहना है कि कांग्रेस द्वारा भाजपा पर योजनाओं के नाम बदलने का आरोप लगाना सबसे बड़ा राजनीतिक पाखंड है। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने स्वयं अनेक योजनाओं को नया नाम और नई पहचान देकर पेश किया, लेकिन आज वही रणनीति ह्लसंविधान पर हमलाङ्क बताई जा रही है। सवाल यह है कि क्या कांग्रेस का विरोध सच में मनरेगा के लिए है, या सिर्फ़ सियासी ज़मीन बचाने की आख़िरी कोशिश?

पदयात्रा के दौरान ह्लमनरेगा बचाओङ्क, ह्लगरीब किसान मजदूरों के अधिकार वापस करोङ्क और ह्लवोट चोर, गद्दी चोरङ्क जैसे नारों से शोर तो हुआ, लेकिन नीति, रोडमैप और भरोसे की कमी साफ़ दिखी। स्थानीय लोग खुलकर कह रहे हैं कि कांग्रेस का जिला नेतृत्व अब आंदोलनों से नहीं, जवाबदेही से डरता नज़र आ रहा है। कुल मिलाकर, बाराबंकी में निकली यह पदयात्रा कांग्रेस के लिए ताक़त का प्रदर्शन कम और राजनीतिक हताशा का सार्वजनिक इज़हार ज़्यादा बन गई। जनता अब नारों और स्मृतियों से नहीं, काम, निरंतरता और भरोसेमंद नेतृत्व से जवाब चाहती है और फिलहाल कांग्रेस जिला कमेटी इस कसौटी पर खरी उतरती नहीं दिख रही।

## चाइनीज मांझे की अवैध बिक्री पर प्रशासन सख्त, संयुक्त टीम ने की गहन जांच

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर क्षेत्र में चाइनीज मांझे की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से नगर पंचायत प्रशासन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने सख्त कार्रवाई की। अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा एवं नायब तहसीलदार अंकिता पाण्डेय के नेतृत्व में टीम ने कस्बे के मस्तान रोड स्थित दो दुकानों पर गहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान दुकानों में बिक रही पतंग, डोर एवं अन्य संबंधित सामग्री की बारीकी से पड़ताल की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चाइनीज मांझा प्रतिबंधित है और इससे आमजन, पशु-पक्षियों तथा दोपहिया वाहन चालकों को गंभीर खतरा हो सकता है। पूर्व में इस जानलेवा मांझे से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिसके चलते शासन द्वारा इसके निर्माण, भंडारण और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। संयुक्त टीम ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि भविष्य में यदि चाइनीज मांझे का भंडारण या बिक्री पाई गई, तो उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही केवल वैध एवं सुरक्षित सामग्री के विक्रय के निर्देश दिए गए। अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने बताया कि नगर क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है और आमजन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं नायब तहसीलदार अंकिता पाण्डेय ने कहा कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नगरवासियों से अपील की है कि वे चाइनीज मांझे का प्रयोग न करें। यदि कहीं इसकी बिक्री या उपयोग की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। इस कार्रवाई से दुकानदारों में प्रशासन की सख्ती का स्पष्ट संदेश गया है।

# मतदाता सूची, बीडीओ ने की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील सिरौलीगौसपुर सभागार में शुक्रवार को तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बीएलओ संग बैठक में एसआईआर मतदाता सूची में नाम और जन्मतिथि की त्रुटियों को सुधारने तथा छूटे हुए मतदाताओं की मैपिंग पर चर्चा की गई।बैठक में तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा के साथ रामनगर के तहसीलदार विपुल सिंह, नायब तहसीलदार अन्नू सिंह, दिनेश कुमार पान्डेय उपस्थित रहे। इसमें क्षेत्र के सभी बीएलओ मौजूद थे।तहसीलदार ने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे उन मतदाताओं को चिन्हित करें जिनकी मतदाता सूची में नाम या जन्मतिथि में त्रुटि है। ऐसे मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त, जिन मतदाताओं की अभी तक मैपिंग नहीं हो पाई है, उनसे संपर्क कर उन्हें सहायक निर्वाचन अधिकारी के पास भेजकर मैपिंग प्रक्रिया पूरी करवाई जाए।

# खेलकूद प्रतियोगिता, वार्षिकोत्सव का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी ।पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सहरी में विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और गणेश वंदना की प्रस्तुति के साथ हुई। मंच संचालन मनीष बैसवार ने किया। इस अवसर पर छात्रा प्रियांशी ने देवा श्री गणेश शिवानी और नरगिश ने राधा रानी तेरा श्याम दीवाना जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राथमिक विद्यालय किन्तुर द्वितीय की छात्राओं ने बाल विवाह और भुखमरी पर आधारित नाटक भी प्रस्तुत किए, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया।खेलकूद प्रतियोगिताओं में कबड्डी बालक वर्ग में हिमांशु प्रथम रहे। दौड़ प्रतियोगिता जूनियर बालक वर्ग में सूरज ने प्रथम अरुण ने द्वितीय और चंद्रेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक बालक वर्ग में फरहान प्रथम दिव्यांश द्वितीय और अंश तृतीय रहे। जूनियर बालिका वर्ग में निवेदिता प्रथम रश्मी द्वितीय और पारुल तृतीय रहीं। लंबी कूद में चाहत प्रथम अयान द्वितीय और अरुण तृतीय रहे, जबकि भाला फेंक में आदित्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सिरौलीगौसपुर फिजा मिर्ज़ा और विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाध्यापक सतगुरु शरण ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

# टी-20 वर्ल्ड कप में बड़ा उलटफ़ेर, जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया

एजेंसी




कोलंबो। आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में बड़ा उलटफ़ेर करते हुए जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी अपराजेय लय बरकरार रखी। ग्रुप बी के इस मुकाबले में जिम्बाब्वे ने 170 रन के लक्ष्य का सफल बचाव किया और ऑस्ट्रेलिया को 146 रन पर समेट दिया। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट पर 17 रन लिए, जबकि ब्रैड इवांस ने 3/23 के आंकड़े के साथ ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। मुजारबानी ने इस दौरान अपना 100वां टी-20 अंतरराष्ट्रीय विकेट भी पूरा किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने 2 विकेट पर 169 रन बनाए। युवा सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने 56 गेंदों में नाबाद 64 रन की पारी खेली। उनके साथ तादिवानाशे मारुमानी (35) ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। बाद में रयान बर्ल (35) और कप्तान सिकंदर रजा (नाबाद 25) ने उपयोगी योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही। मुजारबानी और इवांस की घातक गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया 4 विकेट पर 29 रन तक सिमट गया। जोश इंग्लिस, कैमरून ग्रीन और टिम डेविड सस्ते में आउट हो गए। कार्यवाहक कप्तान ट्रेविस हेड भी 17 रन बनाकर दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से आउट हुए। मध्यक्रम में मैथ्यू रेनशॉ (65) और ग्लेन मैक्सवेल (31) ने 77 रन की साझेदारी कर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। अंततः ऑस्ट्रेलियाई टीम अंतिम ओवर में 146 रन पर सिमट गई। यह टी-20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे की ऑस्ट्रेलिया पर दूसरी जीत है। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इससे पहले उसने 2007 में उद्घाटन संस्करण में ऑस्ट्रेलिया को हराया था। इस जीत के साथ जिम्बाब्वे ग्रुप बी तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए सुपर 8 की राह अब चुनौतीपूर्ण हो गई है।

# ओमान के खिलाफ आयरलैंड के कप्तान स्टर्लिंग को करना होगा प्रेरणादायी प्रदर्शन

एजेंसी

कोलंबो। आयरलैंड की लगातार दो हार के बाद सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं लेकिन शनिवार को यहां ओमान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में वह अपने कप्तान पॉल स्टर्लिंग से प्रेरणादायी प्रदर्शन की उम्मीद करके जीत हासिल करना चाहेगा। दोनों टीमों ने अब तक अपने दोनों मैच में हार का सामना किया है और वे टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब होंगी। आयरलैंड को सह-मेजबान श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया से क्रमशः 20 और 67 रन से हार का सामना करना पड़ा, वहीं ओमान को जिम्बाब्वे ने आठ विकेट से और श्रीलंका ने 105 रन से करारी शिकस्त दी। बड़े टूर्नामेंटों में खेलने के अनुभव के आधार पर आयरलैंड की टीम ओमान के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। ओमान की टीम में अधिकतर भारतीय और पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ी शामिल हैं। आयरलैंड को अच्छी तरह पता है कि टूर्नामेंट में बने रहने की अपनी धुंधली उम्मीद को बरकरार रखने के लिए उसे बड़ी जीत हासिल करनी होगी, जबकि ओमान दो करारी हार के बाद अपनी काबिलियत साबित करने की कोशिश करेगा। आयरलैंड की बल्लेबाजी कमजोर रही है और स्टर्लिंग अभी तक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। बड़ा स्कोर बनाने के लिए वह कप्तान की फॉर्म पर काफी हद तक निर्भर करेगा।

आयरलैंड के बल्लेबाजी विभाग को मजबूत करने के लिए रॉस एडायर, हैरी टेक्टर, लोरकान टकर और कर्टिस कैम्फर जैसे खिलाड़ियों को अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की जरूरत है। बाएं हाथ के स्पिनर जॉर्ज डॉकरेल अब तक टूर्नामेंट में आयरलैंड के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने किफायती गेंदबाजी करने के अलावा विकेट भी लिए हैं लेकिन उन्हें तेज गेंदबाज मार्क एडायर और बैरी मैकार्थी तथा स्पिनर मैथ्यू हम्फ्रीज और गैरेथ डेलानी जैसे गेंदबाजों से सहयोग की जरूरत है। दूसरी ओर ओमान के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है लेकिन आयरलैंड के खिलाफ जीत हासिल करना उसके लिए बड़ी उपलब्धि होगी। इन दोनों टीमों ने अब तक पांच मैच खेले गए हैं जिनमें आयरलैंड ने चार बार जीत हासिल की है, जबकि ओमान ने अक्टूबर 2019 में एक जीत दर्ज की थी। ओमान भी बल्लेबाजी में संघर्ष कर रहा है। उसने जिम्बाब्वे और श्रीलंका के खिलाफ क्रमशः 103 और नौ विकेट पर 120 रन बनाए। ओमान को जतिंदर सिंह, आमिर कलीम, हम्माद मिर्ज़ा और बड़े शॉट लगाने वाले विनायक शुक्ला जैसे बल्लेबाजों से दमदार प्रदर्शन करने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### तारिक का सामना करने के लिए अश्विन की भारत को सलाह, जब वह रुके तो बस क्रीज से दूर हट जाएं

**नयी दिल्ली।** दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक की अनूठी साइड आर्म एक्शन से की गई गेंदों का सामना करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों के लिए एक सरल सुझाव दिया है कि जब 'वह गेंद फेंकने से पहले रुके तो बस क्रीज से दूर हट जाएं। तीस वर्षीय तारिक की रुक-रुक कर गेंदबाजी करने की शैली काफी चर्चा में है। उन्होंने अब तक केवल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और प्रति ओवर छह रन से भी कम के इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले मैच में वह प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा, ''अगर गेंदबाज़ गेंद फेंकने से पहले थोड़ा रुक जाता है, तो बल्लेबाज़ को दूर हटने का अधिकार है। वह कह सकता है कि 'मुझे लगा कि वह रुक रहा है।' यह एक दिलचस्प मामला होगा और अंपायर के लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर देगा। उन्होंने कहा, ''अगर मैं वहां होता तो मैं भी यही करता। मैच जीतने के लिए नियमों के दायरे में रहकर हर संभव प्रयास करना चाहिए। मैं बस इतना कहता कि मुझे नहीं पता कि वह गेंद कब छोड़ेगा और मैं एक तरफ हट जाता। अगर मैं हट जाता हूं, तो यह अंपायर की जिम्मेदारी होगी। अश्विन ने कहा, ''मैच के बीच में उस्मान तारिक पर पड़ने वाले दबाव की कल्पना कीजिए। यह एक अविश्वसनीय रोमांचक अनुभव होगा। वह उनकी टीम का तुरुप का इक्का है। जरा सोचिए अगर बल्लेबाज इस तरह की प्रतिक्रिया करता है तो वह क्या कर सकता है। तारिक के अनोखे एक्शन को लेकर क्रिकेट जगत की अलग अलग राय है। अश्विन ने पहले उनका समर्थन किया था। पाकिस्तान तारिक का इस्तेमाल बहुत कम कर रहा है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने उनके गेंद फेंकने से पहले थोड़ी देर के लिए रुकने की शैली को अवैध करार दिया था जिसके बाद से वह क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

### इरास्मस से हैरान भारत को पाकिस्तान के खिलाफ एक और अपरंपरागत स्पिन चुनौती का सामना होगा

**नई दिल्ली।** नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस की अपरंपरागत स्पिन गेंदबाजी के सामने भारतीय बल्लेबाज कमजोर नजर आए और उन्हें अब रविवार को कोलंबो में होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक की इसी तरह की गेंदबाजी के खतरे से निपटने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। इरास्मस और तारिक दोनों ही मूल रूप से ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते हैं और उसमें असामान्य विविधताओं का इस्तेमाल करते हैं। इरास्मस ने गुरुवार रात को राउंड आर्म एक्शन से काफी गेंदें फेंकीं और उनकी स्टंप्स के काफी पीछे से फेंकी गई कुछ गेंदों ने भी भारतीय बल्लेबाजों को चकमा दिया। उन्होंने चार ओवरों में 20 रन देकर चार विकेट लिए। इरास्मस ने डेथ ओवरों में भी बेहतरीन गेंदबाजी की और भारतीय बल्लेबाजों पर भारी पड़े। दूसरी ओर तारिक गेंद फेंकने से पहले एक अजीबोगरीब विराम लेते हैं। वह गेंद फेंकने के दौरान इतने समय तक रुक जाते हैं कि उनकी गेंदबाजी की वैधता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। भारत को टी20 विश्व कप में सपाट विकेटों की उम्मीद थी, लेकिन मुंबई और दिल्ली की पिचों ने बल्लेबाजों की खूब परीक्षा ली। कोलंबो की पिच पारंपरिक रूप से धीमी मानी जाती है जिससे दोनों टीमों के स्पिनरों को काफी मदद मिल सकती है। नामीबिया के खिलाफ भारत की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में ईशान किशन भी शामिल थे और जीत के बाद उनसे पूछा गया कि क्या इरास्मस का सामना करना रविवार को तारिक और उनकी टीम के खिलाफ खेलने के लिए अच्छी तैयारी थी। किशन ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमने तैयारी पहले ही कर ली है। अब बस गेंद को देखना और अपना स्वाभाविक खेल खेलना बाकी है। इसलिए अगर गेंद सही जगह पर पड़ती है तो एक बल्लेबाज के रूप में हम बस आगे बढ़ना चाहते हैं क्योंकि यह एक टी20 मैच है। उन्होंने कहा, ''हम अच्छा स्कोर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हमें अपने मजबूत पक्षों पर भी भरोसा रखना होगा। तैयारी करने जैसी कोई बात नहीं है। मुझे लगता है कि इस स्तर पर हम बस कुछ वीडियो देखते हैं और हमें अंदाजा हो जाता है कि किस तरह की गेंद आने वाली है। इसलिए हम इसे सरल बनाए रख रहे हैं। किशन ने हालांकि स्वीकार किया कि अपरंपरागत एक्शन से गेंदबाजी करने वाला कोई गेंदबाज बल्लेबाज के दिमाग पर असर डाल सकता है। उन्होंने कहा, ''हां, कुछ गेंदों के लिए यह बात आपके दिमाग में चल सकती है, लेकिन मुझे लगता है कि इस स्तर पर आपको अपनी मजबूती पर भी भरोसा रखना होगा। भले ही वह कुछ करने की कोशिश कर रहा हो, हम छक्के या चौके लगा सकते हैं। जब गेंदबाज कुछ अलग करने की कोशिश कर रहा होता है, तो उस समय हम कैसे सोच रहे होते हैं, यह काफी मायने रखता है।

### टी20 विश्व कप से बाहर हुए ब्रेंडन टेलर, हैमस्ट्रिंग चोट बनी वजह

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर हैमस्ट्रिंग चोट के कारण चल रहे टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकन्दर रजा ने शुक्रवार को कोलंबो में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से पहले टॉस के दौरान इसकी पुष्टि की। 40 वर्षीय टेलर को टूर्नामेंट के पहले मैच में ओमान के खिलाफ खेलते समय चोट लगी थी। वह 30 गेंदों पर 31 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। इससे पहले उन्होंने विकेट के पीछे तीन कैच भी लपके थे। जिम्बाब्वे टीम ने फिलहाल टेलर के स्थान पर किसी आधिकारिक रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है। हालांकि टीम के टूर्नामेंट में कम से कम दो और मैच बाकी हैं, ऐसे में जल्द ही नए खिलाड़ी के नाम का ऐलान होने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में तादिवानाशे मरुमानी विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, जबकि ऑलराउंडर टोनी मुन्योंगा को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है। टीम प्रबंधन को पहले से आशंका थी कि टेलर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के लिए पूरी तरह फिट नहीं हो पाएंगे। इसलिए उन्हें जोखिम में डालने के बजाय शेष मुकाबलों के लिए फिट रखने का फैसला किया गया। ब्रेंडन टेलर ने जुलाई 2025 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। उन्होंने आईसीसी के भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन के कारण साढ़े तीन साल का प्रतिबंध झेला था, जो 25 जुलाई 2025 को समाप्त हुआ। वापसी के बाद उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया गया था। कमबैक के बाद उन्होंने दो टेस्ट, दो वनडे और 14 टी20 मुकाबले खेले, जिसमें कुल 282 रन बनाए। सितंबर 2025 में टी20 विश्व कप क्वालीफायर में बोत्सवाना के खिलाफ 123 रनों की शानदार पारी भी खेली थी। अब टेलर के बाहर होने से जिम्बाब्वे को बड़ा झटका लगा है, खासकर ऐसे समय में जब टीम को टूर्नामेंट के अहम मुकाबले खेलने हैं।

# ग्रुप में बादशाहत बनाने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड

एजेंसी

अहमदाबाद। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका का सुपर आठ में पहुंचना तय है और ऐसे में शनिवार को यहां जब दोनों टीम आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल करने की अपनी कोशिशों को अमली जामा पहनाना होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। अफगानिस्तान को छह विकेट पर 186 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने टिम सीफर्ट के 65 रन तथा ग्लेन फिलिप्स (42), मार्क चैपमैन (28) और डैरिल मिशेल (नाबाद 25) के योगदान की बदौलत 17.5 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर दिया। इससे पहले सीफर्ट और फिन एलन के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था। उसने केवल 15.2 ओवरों में 174 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए अपनी आक्रामक क्षमता का बेहतरीन नमूना पेश किया है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ चार विकेट पर 213 रन बनाए, जिसमें कप्तान एडन मार्क्रम ने 32 गेंदों में 59 रन, डेविड मिलर (नाबाद 39) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 34) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बाद गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी के 31 रन पर चार विकेट की मदद से उसने आसानी से जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका को हालांकि अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर ओवर तक खिंचे मैच में जीत हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगानी पड़ी। क्विंटन डीकॉक (59) और रयान रिकेल्टन (61) की शानदार पारियों की मदद से उसने छह विकेट पर 187 रन बनाए लेकिन रहमानुल्लाह गुरबाज के 84 और रन की बदौलत अफगानिस्तान ने मुकाबला टाई कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने एक रोमांचक डबल सुपर ओवर में जीत हासिल की, जिसमें मिलर और स्टब्स ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। दक्षिण अफ्रीका ने अपने दोनों मैच इसी मैदान पर खेले हैं और वह यहां की पिच और परिस्थितियों से अच्छी तरह परिचित हैं जिसका उसे फायदा मिल सकता है। अहमदाबाद की पिच पर अच्छी उछाल मिली है जिससे स्ट्रोक खेलने में मदद मिली है। इसके साथ ही तेज गेंदबाजों को भी मदद मिली है। कैगिसो रबाडा और एनगिडी की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका का तेज गेंदबाजी आक्रमण पहले ही परिस्थितियों के अनुकूल ढल चुका है और उसके बल्लेबाजों ने विभिन्न मैच परिस्थितियों का अच्छी तरह से सामना किया है।

सीफर्ट और फिन एलन की आक्रामक शुरुआत ने मैच का माहौल बना दिया है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका का नई गेंद का आक्रमण उन्हें शुरुआत में ही कड़ी चुनौती देगा।

दूसरी तरफ न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन पावरप्ले में डीकॉक और रिकेल्टन पर अंकुश लगाने की कोशिश करेंगे।

न्यूजीलैंड की रणनीति रही है कि वह पहली गेंद से ही आक्रामक खेल खेले। रबाडा की तेज उछाल पैदा करने की क्षमता और एनगिडी की बैक ऑफ लेंथ गेंदबाजी उस आक्रामकता की परीक्षा लेगी।

मैट हेनरी का नई गेंद पर नियंत्रण और शुरुआती ओवरों में गेंद को स्विंग कराने की क्षमता इस मुकाबले को रोमांचक बनाती है। मिचेल सैंटनर ने बीच के ओवरों में नियंत्रण बनाए रखा है। मार्क्रम उनकी इस लय बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। अगर मैच लंबा खिंचता है, तो दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को आखिरी ओवरों में लॉकी फर्ग्यूसन की तेज गेंदबाजी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड अंतिम ओवरों में ग्लेन फिलिप्स और डैरिल मिशेल पर निर्भर है।

अगर ओस पड़ती है तो लक्ष्य का पीछा करना फिर से फायदेमंद साबित हो सकता है।

टीम इस प्रकार हैं:

न्यूजीलैंड: मिचेल सैंटनर (कप्तान), टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), फिन एलन, डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, माइकल ब्रैसवेल, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, ट्रेंट बोल्ट, जैकब डफी और ईश सोढ़ी।

दक्षिण अफ्रीका: एडेन मार्क्रम (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन, रीजा हेंड्रिक्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), मार्को यानसन, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे, केशव महाराज, तबरेज शम्सी और ब्योर्न फोर्टुइन।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

**04054/04053 नई दिल्ली - बरौनी जं. - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 30 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04054 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04053 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:50 | नई दिल्ली | 03:50 | --- |
| 22:00 | --- | बरौनी जं. | --- | 00:45 |

**चलने के दिन: 04054 नई दिल्ली से** दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04053 बरौनी जं.** से दिनांक 22.02.2026 से 08.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जंक्शन, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जंक्शन और शाहपुर पटोरी स्टेशन।

**04060/04059 नई दिल्ली - सुपौल - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 30 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04060 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04059 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 21:35 | नई दिल्ली | 16:10 | --- |
| 04:00 | --- | सुपौल | --- | 07:00 |

**चलने के दिन: 04060 नई दिल्ली से** दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04059 सुपौल** से दिनांक 22.02.2026 से 08.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सिमरी बख्तियारपुर और सहरसा जं. स्टेशन।

**04066/04065 आनन्द विहार (ट.) - खोरधा रोड जं. - आनन्द विहार (ट.) आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04066 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04065 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 00:30 | आनन्द विहार (ट.) | 08:15 | --- |
| 12:30 | --- | खोरधा रोड जं. | --- | 15:30 |

**चलने के दिन: 04066 आनन्द विहार (ट.) से** दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026 (प्रतिदिन) और **04065 खोरधा रोड जं.** से दिनांक 28.02.2026 से 04.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, चंद्रपुरा, बोकारो स्टील सिटी, पुरुलिया जं., बराभूम, चाण्डिल जं., टाटानगर जं., घाटशिला, हिजली, बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर केन्दुझर रोड, कटक और भुवनेश्वर स्टेशन।

**04070/04069 आनन्द विहार (ट.) - शेखपुरा - आनन्द विहार (ट.) आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (द्वि-साप्ताहिक)** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04070 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04069 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 00:20 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | --- |
| 20:30 | --- | शेखपुरा | --- | 22:30 |

**चलने के दिन: 04070 आनन्द विहार (ट.) से** और **04069 शेखपुरा** से दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार) तक।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.
**ठहराव:** गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्रनगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बिहार शरीफ जं., अस्थावाँ और बरबीघा स्टेशन।

**04081/04082 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 32 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04081 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04082 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:00 | --- |
| 12:00 | --- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | --- | 21:20 |

**चलने के दिन: 04081 नई दिल्ली से** दिनांक 21.02.2026 से 08.03.2026 (प्रतिदिन) और **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 22.02.2026 से 09.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** पानीपत, कुरुक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन।

**04010/04009 दिल्ली जं. - सीतामढ़ी - दिल्ली जं. आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04010 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04009 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:05 | दिल्ली जं. | 23:20 | --- |
| 22:30 | --- | सीतामढ़ी | --- | 23:55 |

**चलने के दिन: 04010 दिल्ली जं. से** दिनांक 26.02.2026 एवं 05.03.2026 (गुरूवार) और **04009 सीतामढ़ी** से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026 (शुक्रवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. और बैरगनिया स्टेशन।

**04014/04013 आनन्द विहार (ट.) - लौकहा बाजार - आनन्द विहार (ट.) आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04014 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04013 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:40 | आनन्द विहार (ट.) | 03:40 | --- |
| 20:15 | --- | लौकहा बाजार | --- | 21:30 |

**चलने के दिन: 04014 आनन्द विहार (ट.) से** दिनांक 27.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04013 लौकहा बाजार** से दिनांक 28.02.2026 से 07.03.2026 (प्रतिदिन तक।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, शीशो, सकरी जं. और झंझारपुर जं. स्टेशन।

**04022/04021 नई दिल्ली - गोरखपुर - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04022 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04021 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 14:00 | नई दिल्ली | 23:10 | --- |
| 05:00 | --- | गोरखपुर | --- | 07:00 |

**चलने के दिन: 04022 नई दिल्ली से** दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (शुक्रवार) और **04021 गोरखपुर** से दिनांक 21.02.2026 से 07.03.2026 (शनिवार) तक।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं. और बस्ती स्टेशन।

**04203/04204 लखनऊ - नई दिल्ली - लखनऊ आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04203 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04204 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 08:05 | लखनऊ | 06:35 | --- |
| 18:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 20:20 |

**चलने के दिन: 04203 लखनऊ से** और **04204 नई दिल्ली** से दिनांक 23.02.2026 एवं 02.03.2026 (सोमवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**04209/04210 वाराणसी - दिल्ली जं. - वाराणसी आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 22 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04209 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04210 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:30 | वाराणसी | 09:40 | --- |
| 13:30 | --- | दिल्ली जं. | --- | 19:25 |

**चलने के दिन: 04209 वाराणसी से** दिनांक 24.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04210 दिल्ली जं.** से दिनांक 25.02.2026 से 07.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, रायबरेली जं., लखनऊ, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**04213/04214 अयोध्या कैंट - आनन्द विहार (ट.) - अयोध्या कैंट आरक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04213 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04214 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:20 | अयोध्या कैंट | 22:00 | --- |
| 06:00 | --- | आनन्द विहार (ट.) | --- | 09:00 |

**चलने के दिन: 04213 अयोध्या कैंट से** दिनांक 24.02.2026, 26.02.2026, 01.03.2026, 03.03.2026 एवं 05.03.2026 और **04214 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 25.02.2026, 27.02.2026, 02.03.2026, 04.03.2026 एवं 06.03.2026 को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** बाराबंकी, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**04227/04228 वाराणसी - चण्डीगढ़ - वाराणसी आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04227 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04228 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 14:50 | वाराणसी | 01:20 | --- |
| 07:45 | --- | चण्डीगढ़ | --- | 09:30 |

**चलने के दिन: 04227 वाराणसी से** दिनांक 21.02.2026 एवं 28.02.2026 (शनिवार) और **04228 चण्डीगढ़** से दिनांक 22.02.2026 एवं 01.03.2026 (रविवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी और अंबाला कैंट स्टेशन।

**04604/04603 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - वाराणसी - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा आरक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04604 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04603 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:15 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | --- |
| 19:00 | --- | वाराणसी | --- | 05:00 |

**चलने के दिन: 04604 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 22.02.2026, 26.02.2026, 02.03.2026 एवं 06.03.2026 और **04603 वाराणसी** से दिनांक 24.02.2026, 28.02.2026, 04.03.2026 एवं 08.03.2026 को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली जंक्शन और माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन।

**04514/04513 चण्डीगढ़ - गोरखपुर - चण्डीगढ़ आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04514 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04513 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:35 | चण्डीगढ़ | 14:10 | --- |
| 17:35 | --- | गोरखपुर | --- | 22:05 |

**चलने के दिन: 04514 चंडीगढ़ से** दिनांक 26.02.2026 एवं 05.03.2026 (गुरूवार) और **04513 गोरखपुर** से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026 (शुक्रवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा और बस्ती स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा—हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारतीय पर्यटन की सबसे बड़ी चुनौती सही जानकारी और प्रभावी व्याख्या की कमी : संसदीय समिति

एजेंसी

नई दिल्ली। परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी संसद की स्थायी समिति ने अपने 386वें प्रतिवेदन में कहा है कि भारत के पर्यटन क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती अवसंरचना नहीं, बल्कि सही जानकारी और प्रभावी व्याख्या की कमी है। समिति का मानना है कि देश ने विश्वस्तरीय कॉरिडोर और सुविधाएं बनाई हैं, अब जरूरत प्रशिक्षित और जानकार गाइडों की है, जो भारत की विरासत को सही तरीके से समझा सके। समिति के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा द्वारा शुक्रवार को प्रस्तुत इस प्रतिवेदन में पर्यटन को केवल सेवा उद्योग नहीं, बल्कि ज्ञान-आधारित पेशा बनाने की सिफारिश की गई है। प्रमुख सिफारिशें- पर्यटन नीति को केवल पर्यटकों की संख्या और राजस्व तक सीमित न रखकर इस बात पर ध्यान दिया जाए कि पर्यटक भारत को कितना समझते हैं और यहां से सकारात्मक अनुभव लेकर लौटते हैं



या नहीं। काशी, अयोध्या, उज्जैन और चार धाम जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों पर केवल दर्शन ही नहीं, बल्कि वहां की संस्कृति, दर्शन, वास्तुकला और इतिहास की बेहतर जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। प्रशिक्षित गाइड, सांस्कृतिक व्याख्याकार और डिजिटल विशेषज्ञों का एक नया पेशेवर संवर्ग बनाया जाए, जिसमें स्पष्ट करियर मार्ग और सम्मानजनक अवसर हों। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विश्वविद्यालयों को पर्यटन शिक्षा और शोध का केंद्र बनाया जाए। छात्रों के लिए कम से कम 24 सप्ताह का अनिवार्य फील्ड प्रशिक्षण भी हो। पर्यटन शिक्षा में भारतीय दर्शन, संस्कृति, कला, पर्यावरण के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विदेशी भाषाएं और संकट प्रबंधन जैसे विषय जोड़े जाएं।

स्थानीय गाइड, शिल्पकार और समुदाय के अनुभवी लोगों को दंडित करने के बजाय प्रशिक्षण और प्रमाणन देकर औपचारिक व्यवस्था में शामिल किया जाए।

होमस्टे लाइसेंस देने से पहले परिवार के कम से कम एक सदस्य को स्थानीय गाइड का बुनियादी प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए, ताकि पर्यटकों को सही जानकारी मिल सके। एक राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया जाए, जहां पर्यटक प्रमाणित गाइड की सीधे बुकिंग कर सकें और बिचौलियों की भूमिका खत्म हो। गाइडों के लिए आचार संहिता और सख्त अनुशासन व्यवस्था लागू की जाए। अनैतिक आचरण पर लाइसेंस निलंबन या रद्द करने का प्रावधान हो। होटल प्रबंधन संस्थानों को अलग-अलग देशों की संस्थाओं से जोड़ा जाए। सीमावर्ती, ग्रामीण, आध्यात्मिक, वन्यजीव और मेडिकल पर्यटन जैसे नए क्षेत्रों के लिए विशेष कौशल विकास किया जाए। समिति ने महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति और वंचित वर्गों के लिए विशेष प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति की भी सिफारिश की है। साथ ही नए बड़े निकाय बनाने के बजाय मौजूदा संस्थानों के बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया है। समिति का मानना है कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता है और पर्यटन के माध्यम से इसे प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करना समय की मांग है।

# कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन कल

एजेंसी

नई दिल्ली । महिला एवं बाल विकास मंत्रालय शनिवार को यहां के विज्ञान भवन में 'कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एसएचई-बॉक्स)' का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के साथ समिति के अध्यक्षों और सदस्यों, नोडल अधिकारियों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, उद्योगपतियों, नागरिक समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार इस कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन, शी-बॉक्स लोगो का अनावरण, राष्ट्रव्यापी पोश प्रशिक्षण वीडियो, सूचना एवं संचार एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईईसी) सामग्री और कर्मयोगी भारत पर उपलब्ध पोश प्रशिक्षण तक प्रत्येक नागरिक की पहुंच शामिल होगी।

सम्मेलन का उद्देश्य कार्य क्षेत्र में महिलाओं के लिए सुरक्षित, गरिमापूर्ण और उत्पीड़न-मुक्त कार्यस्थलों के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के कार्यान्वयन को मजबूत करना है।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी सभी को राष्ट्रीय कार्यस्थल सुरक्षा की शपथ दिलाएंगी। प्रमुख सत्रों में कार्यस्थल सुरक्षा अनुपालन और संस्कृति को सुदृढ़ करने पर एक राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन शामिल होगा, जिसमें असंगठित क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा, कार्यस्थल सुरक्षा पर वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और बहुपक्षीय संस्थानों के साथ एक अंतर्राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 29 अगस्त 2024 को शी-बॉक्स पोर्टल को एक सुरक्षित, उपयोगकर्ता के अनुकूल, बहुभाषी एकल-खिड़की प्लेटफॉर्म के रूप में शुभारंभ किया, जिसमें सख्त गोपनीयता बरती जाती है। यह ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने संबंधित आंतरिक या स्थानीय समिति को स्वचालित रूप से अग्रेषित करने और वास्तविक समय में ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करता है, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाया जा सके और हितधारकों को पोश अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायता मिल सके। यह पोर्टल एक संसाधन केंद्र के रूप में भी कार्य करता है और कार्यस्थलों को समिति के विवरण, वार्षिक रिपोर्ट और जागरूकता एवं प्रशिक्षण पहलों सहित अनुपालन संबंधी जानकारी अपलोड करने में सक्षम बनाता है।

# पेज एक का शेष

## सेवा तीर्थ...

का प्रतीक है। यहां लिए जाने वाले निर्णय किसी सम्राट की इच्छा नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की अपेक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के पहले क्वार्टर के पूर्ण होने के साथ यह आवश्यक है कि विकसित भारत की झलक केवल नीतियों और योजनाओं में ही नहीं, बल्कि कार्यस्थलों और भवनों में भी दिखाई दे। नई तकनीकों के तेजी से विस्तार के बीच पुरानी इमारतें अपर्याप्त हो रही थीं। उन्होंने बताया कि करीब 100 वर्ष पुरानी इमारतों में स्थान की कमी और संरचनात्मक सीमाएं थीं तथा वे भीतर से जर्जर हो रही थीं।

उन्होंने कहा कि आज भी केंद्र सरकार के कई मंत्रालय दिल्ली में 50 से अधिक स्थानों से संचालित हो रहे थे, जिन पर प्रतिवर्ष लगभग 1,500 करोड़ रुपये किराये के रूप में व्यय होते थे। प्रतिदिन हजारों कर्मचारियों के एक स्थान से दूसरे स्थान तक आने-जाने में अतिरिक्त लॉजिस्टिक खर्च होता था। सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन के निर्माण से इन खर्चों में कमी आएगी, समय की बचत होगी और कार्यक्षमता बढ़ेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पुराने भवन देश के इतिहास का अमर हिस्सा हैं और उन्हें 'युगे युगेन भारत संग्रहालय' के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी देश की विरासत से प्रेरणा ले सके। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति आवश्यक है। उन्होंने उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री आवास की सड़क का नाम पहले रेस कोर्स रोड था, जिसे बदलकर लोक कल्याण मार्ग किया गया। राष्ट्रपति भवन तक जाने वाली सड़क, जिसे पहले राजपथ कहा जाता था, उसे कर्तव्य पथ के रूप में विकसित किया गया। शहीद सैनिकों के सम्मान में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और पुलिस बलों के सम्मान में पुलिस स्मारक का निर्माण भी इसी सोच का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नाम परिवर्तन केवल शब्दों का बदलाव नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत की स्वतंत्र पहचान स्थापित करने का प्रयास है। नए संसद भवन के निर्माण के बाद पुराने भवन को 'संविधान सदन' की पहचान दी गई। मुगल गार्डन का नाम 'अमृत उद्यान' किया गया।

उन्होंने कहा कि सेवा तीर्थ केवल एक नाम नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प है। ल्लसेवा परमो धर्म:ङ्क की भावना ही शासन की आत्मा है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे प्रत्येक निर्णय को 140 करोड़ नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से लें।

प्रधानमंत्री ने कहा, ल्लहम यहां अधिकार दिखाने नहीं आए हैं, हम यहां जिम्मेदारी निभाने आए हैं।ङ्क उन्होंने कहा कि जब शासन सेवाभाव से चलता है तो परिणाम असाधारण होते हैं और इसी भावना से करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं तथा देश की अर्थव्यवस्था ने नई गति प्राप्त की है।

उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि अधिकारों की भव्य इमारत कर्तव्य की नींव पर ही खड़ी होती है। विकसित भारत 2047 केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि राष्ट्र का संकल्प है और सेवा तीर्थ तथा कर्तव्य भवन इस दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों और वरिष्ठ अधिकारियों सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री...

राष्ट्रपति जिया उर्रहमान और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे हैं। करीब 17 साल के निर्वासन के बाद तारिक पत्नी जुबैदा रहमान और बेटी जाइमा लंदन से पिछले साल 25 दिसंबर को बांग्लादेश लौटे थे।

## 'विश्व रेडियो...

सभी लोगों के प्रयासों को स्वीकार करने का दिन है।

अपने लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने रेडियो के साथ अपने जुड़ाव को साझा किया। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' के जरिए उन्होंने रेडियो की उस अद्‌भुत क्षमता का प्रत्यक्ष अनुभव किया है, जो देश की सामाजिक शक्ति को एकजुट और उजागर कर सकती है।

इस महीने का 'मन की बात' कार्यक्रम रविवार, 22 फरवरी को प्रसारित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव विभिन्न माध्यमों (जैसे नमो ऐप या माईजीओवी) पर साझा करने की अपील की।

## कानून ...

उत्तर प्रदेश में है। नोएडा में देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट बन रहा है, जो 12 हजार एकड़ में फैला हुआ है और यहां पांच रनवे बन रहे हैं। आज यूपी की पहचान एक्सप्रेस वे और एयरपोर्ट से हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार आगामी सालों में होने वाले कॉमनवेल्थ और ओलंपिक खेलों को देखते हुए प्रदेश के खिलाड़ियों को तैयार करने का काम किया जा रहा है। स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय बन चुका है और निजी खेल एकेडमियों को भी आर्थिक मदद दी जा रही है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश सरकार एशियाड और ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दे रही है। खेलों के लिए प्रदेश सरकार के पास बजट की कमी नहीं है। हम खेलो इंडिया के साथ इसे जोड़ते हैं और आगे बढ़ाते हैं। प्रदेश में ब्लाक से लेकर जिला मुख्यालय और मंडल मुख्यालय तक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारने पर काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को नौकरियां दी हैं। बीते नौ साल में नौ लाख सरकारी नौकरियां दी गई हैं जिनमें से एक लाख 75 हजार महिलाओं की संख्या है। इसके साथ ही पुलिस भर्ती में भी महिलाओं को बड़ी संख्या में मौका दिया गया है। पीएसी की तीन महिला वाहनियां बनाई है और तीन अभी और बनाई जाएंगी। पुलिस और पीएसी में वर्ष 2017 से पहले के मुकाबले तीन गुना महिला कर्मियों की नियुक्तियां की गई हैं।

विपक्ष दलों को जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के बारे में हर कोई अच्छा सोचता है। 2017 के पहले यूपी को लोग गलत निगाहों से देखते थे। आज यूपी की अर्थव्यवस्था 36 लाख करोड़ हो गई है। हमने टैक्स चोरी को रोका है। टैक्स चोरी रोकना भ्रष्टाचार पर सरकार का प्रहार है। बीते नौ साल में जनता पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है फिर भी हमने वित्तीय अनुशासन कायम रखा है।

## वाराणसी...

मिली है। सूचना के बाद जिला न्यायाधीश ने पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी दी। सुरक्षा कारणों से कचहरी परिसर को खाली कराया गया है। कचहरी में आज जो मुकदमे रहे, उनमें सामान्य तिथि घोषित की गई है। अधिवक्ताओं की चौकियां खाली हो चुकी हैं और तलाशी अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि कचहरी परिसर में पूर्व में भी आतंकी विस्फोट हो चुका है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए।

## वाराणसी...

अयोध्या कचहरी में बम होने की सूचना मिली। मौके पर पुलिस के तमाम अधिकारी, फोर्स के साथ पहुंच गये। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड के साथ गहन छानबीन की लेकिन कोई विस्फोटक सामान नहीं मिला है। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लेकर कचहरी परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसके अलावा मीरजापुर कहचरी को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। जिला जज ने डिस्ट्रिक्ट बार को मामले से अवगत कराया। धमकी के बाद न्यायालय क्षेत्र में पहुंचे भारी पुलिस बल ने गहन तलाशी की लेकिन कोई भी संदिग्ध चीजें नहीं मिली है।

इससे पहले जनपद वाराणसी में कचहरी परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी जिला जज के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर बीती रात करीब 1:30 बजे भेजी गई थी। पूर्वाह्न में जिला जज ने इस संबंध में सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिंह गौतम को जानकारी दी। डीसीपी वरुणा प्रमोद कुमार और कैंट थाना प्रभारी के नेतृत्व में पूरे कचहरी परिसर की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। चप्पे-चप्पे की जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

कचहरी परिसरों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा जांच एजेंसियां सतर्क हो गई है। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि यह मैसेज तमिलनाडु से आया है। लेकिन कहीं से कुछ भी वस्तु न मिलने पर ?यह किसी विक्षिप्त या फिर शरारती तत्वों की हरकत प्रतीत हो रही है। हालांकि धमकी को पूरी गंभीरता से लेकर कचहरी परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सर्विलांस और साइबर सेल की मदद से धमकी देने वालों की तलाश की जा रही है।

## बाराबंकी ...

नहीं रहा। बाबी का परिवार काफी संपन्न रहा है। एक बहन का विवाह हो चुका है एक भाई विदेश में चिकित्स और दूसरा यही रहता है।सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी समेत भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और हमलावरों की तलाश में टीमें गठित कर दी गई हैं। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## कानून...

का भी आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि 2027 चुनाव को देखते हुए विपक्ष ने अभी से आक्रामक रुख अपना लिया है। विभिन्न जिलों में नेताओं के लगातार दौरे और जनसभाएं इसी रणनीति का हिस्सा माने जा रहे हैं।

## प्रत्येक...

शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। जब हमारे विचार आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित होते हैं, तब हम स्वार्थ से ऊपर उठकर समस्त समाज के कल्याण के बारे में सोच पाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि ब्रह्‌माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग की शिक्षा देता है, जो केवल एक स्थान पर बैठकर आत्मचिंतन करने तक सीमित नहीं है बल्कि कर्मयोग इसका अभिन्न अंग है। कर्मयोग का अर्थ है उच्च आध्यात्मिक सिद्धांतों का पालन करते हुए अपने सभी दायित्वों का निर्वहन करना। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि ब्रह्‌माकुमारी संस्था से जुड़े लाखों लोग नियमित रूप से कर्मयोग का अभ्यास कर सार्थक जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मयोग के माध्यम से प्रत्येक नागरिक भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ मूल्य-आधारित जीवन का विश्व के लिए आदर्श समाज बनाने में योगदान दे सकता है।

## राज्यसभा...

नीतियों की आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के नाते यह उनका दायित्व है। खरगे ने अपने पांच दशक से अधिक लंबे संसदीय अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने सदन की मर्यादा, नियमों और परंपराओं का हमेशा पालन किया है तथा उनके वक्तव्य में कोई असंसदीय या मानहानिकारक शब्द नहीं था और न ही नियम 261 का उल्लंघन किया गया था। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 105(1) के तहत सांसदों को प्राप्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देते हुए हटाए गए अंशों को बहाल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे हटाए गए अंशों को जनता के बीच साझा करने को बाध्य होंगे। इस पर सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि कार्यवाही से हटाए गए हिस्से को सार्वजनिक रूप से साझा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, ल्लआप वरिष्ठ सदस्य हैं, आप ऐसा कैसे कह सकते हैं? जो भी हिस्सा कार्यवाही से हटा दिया गया है, वह हटा दिया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सभापति के निर्णय पर प्रश्न उठाने की आलोचना करते हुए कहा कि नियम 261 के तहत यदि सभापति की राय में कोई शब्द या वक्तव्य अपमानजनक या असंसदीय हो तो उन्हें हटाने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि सभापति पर प्रधानमंत्री को बचाने का आरोप लगाना नेता प्रतिपक्ष को शोभा नहीं देता। इस मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों ने प्रक्रिया संबंधी प्रश्न उठाने का प्रयास किया, किंतु सभापति ने इसकी अनुमति नहीं दी और प्रश्नकाल की कार्यवाही प्रारंभ कर दी।

संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में शुक्रवार को शून्यकाल में विभिन्न दलों के सदस्यों ने चुनाव सुधार, पत्रकारों को रेल रियायत, अग्निवीर योजना, युवाओं के लिए न्यूनतम आय गारंटी और नागरिक शिष्टाचार जैसे मुद्दे उठाए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य ईरण्ण कडाडी ने चुनाव सुधारों का मुद्दा उठाते हुए जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों को मतदान का अधिकार देने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश की जेलों में करीब 4.9 लाख से अधिक कैदी बंद हैं, जिनमें लगभग 77 प्रतिशत यानी 3.8 लाख से अधिक अंडर ट्रायल हैं। कानून की नजर में उनका दोष सिद्ध नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रावधानों के तहत जेल में बंद व्यक्ति को मतदान का अधिकार नहीं है, जबकि बेल या पैरोल पर बाहर आए व्यक्ति को मतदान की अनुमति है। इसके अलावा नजरबंदी में रखे गए व्यक्तियों को पोस्टल बैलेट की सुविधा प्राप्त है तथा जेल से चुनाव लड़ने की भी अनुमति है। कडाडी ने कहा कि कई बार गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति अंडर ट्रायल के दौरान जमानत राशि नहीं भर पाने के कारण जेल में रहते हैं जबकि उसी अपराध का आरोपित संपन्न व्यक्ति बाहर रहकर वोट दे पाते हैं। उन्होंने इसे संविधान के अनुच्छेद 326 की भावना के विपरीत बताते हुए जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 62(5) में संशोधन की मांग की।

उन्होंने सुझाव दिया कि 7 वर्ष से कम सजा वाले अपराधों में आरोपित विचाराधीन कैदियों को मतदान का अधिकार दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे की समीक्षा करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले दिनों कई अप्रासंगिक कानूनों को खत्म किया इसलिए इस विसंगति को भी दूर किया जाना चाहिए। इससे लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होंगी। कंाग्रेस के राज्यसभा सदस्य नीरज डांगी ने पत्रकारों को रेल यात्रा में मिलने वाली 50 प्रतिशत रियायत को बहाल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय रेल द्वारा पत्रकारों को दी जाने वाली रियायतें स्थगित कर दी गई थीं, जो उस समय की परिस्थितियों में अस्थायी निर्णय था। लेकिन सामान्य स्थिति बहाल होने के बावजूद यह सुविधा पुनः लागू नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि पत्रकार दूरदराज और संवेदनशील क्षेत्रों में जाकर निष्पक्ष रिपोर्टिंग करते हैं, ऐसे में यह रियायत विशेषाधिकार नहीं बल्कि उनके कार्य निष्पादन में सहायक सुविधा है। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार की अग्निवीर योजना के तहत भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद युवाओं को नियुक्ति पत्र नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने सेवादारी प्रथा समाप्त करने की भी मांग की। आम आदमी पार्टी की स्वाति मालीवाल ने देश में बढ़ती गंदगी और सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासनहीनता पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि समस्या केवल सरकार की नहीं बल्कि नागरिकों की मानसिकता से भी जुड़ी है। उन्होंने स्कूलों में सिविक सेंस की शिक्षा अनिवार्य करने और सार्वजनिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना तथा सख्त कार्रवाई की मांग की।

लोकसभा में बजट सत्र का पहला चरण शुक्रवार को संपन्न हो गया। पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने सदन की कार्यवाही 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। अब बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा।

लोकसभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने पर कंाग्रेस और अन्य विपक्षी दल के सदस्यों ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफ़े की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। इसके चलते कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। जब 12 बजे कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने बताया कि कई सदस्यों ने कार्यस्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है, जिसे नामंजूर कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम पुकारा। प्रधान ने अपने मंत्रालय से संबंधित प्रश्नों के उत्तर सदन के पटल पर रखे। इसके बाद केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल, आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव, वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने अपने-अपने मंत्रालयों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर सदन के पटल पर रखे।

लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने बताया कि औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को 12 फरवरी को राज्यसभा ने भी बिना किसी संशोधन के पारित कर दिया है। इससे पहले यह विधेयक लोकसभा में पारित हो चुका है। ।

इसके बाद पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने सदन की कार्यवाही 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी।

उल्लेखनीय है कि संसद का बजट सत्र 28 जनवरी को शुरू हुआ और 01 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया गया था।

## संसद ...

मनोबल को कम करने का काम किया है। उन्होंने सेना को लेकर ऐसे-ऐसे बयान दिए हैं जिससे उनका मनोबल हमेशा कम हुआ है। पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे की किताब के मामले में भी उन्होंने झूठ बोला। जब प्रकाशक और लेखक ने खुद ही बयान दिया कि किताब छपी नहीं तो संदेह कहां रह जाता है, फिर भी राहुल झूठा नैरेटिव बनाते रहे। संसद के अंदर झूठ बोलना, लोकतंत्र को कमजोर करते देखना बेहद पीड़ादायक है।भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी हिन्दुस्तान को जरा भी नहीं समझते। आज कल उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर डर लगने लगा है। राहुल के साथ पंडित नेहरू, इंदिरा, राजीव गांधी भी संघ की आलोचना करते थे। संघ आज दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। कंाग्रेस तीन चुनाव से हार रही है, जिसकी कुंठा उनमें साफ देखी जा सकती है।वंदे मातरम गीत को सभी सरकारी कार्यक्रमों में अनिवार्य करने को लेकर प्रसाद ने कंाग्रेस से उसका रुख स्पष्ट करने को कहा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम गीत को लेकर तृणमूल कंाग्रेस सहित उनके कई सहयोगी दल विरोध कर रहे हैं। कंाग्रेस ने अभी तक सरकार के इस फैसले के बारे में अपना पक्ष साफ नहीं किया है। साफ है कंाग्रेस वोट बैंक की राजनीति कर रही है।-

## राहुल गांधी .....

के पीटी जॉन, बीकेयू क्रांतिकारी के बलदेव एस जीरा, प्रोग्रेसिव फार्मर्स फ्रंट के आर नंदकुमार, बीकेयू शहीद भगत सिंह के अमरजीत एस मोहरी, ऑल इंडिया किसान कंाग्रेस के अखिलेश शुक्ला, आम किसान यूनियन के केदार सिरोही, किसान कंाग्रेस पंजाब के किरनजीत एस. संधू, गुरप्रीत एस संगा (राज्यसभा), किसान मजदूर मोर्चा-इंडिया के गुरमनीत एस. मंगट, जम्मू-कश्मीर ज़मींदारा फोरम के हमीद मलिक, केएमएम के तेजवीर सिंह, हरियाणा किसान संघर्ष समिति के धरमवीर गोयत, कृषक समाज के ईश्वर सिंह नैन और दक्षिण हरियाणा किसान यूनियन के सतबीर खटाना शामिल रहे।

# बिहार विधानसभा में पारा मेडिकल एएनएम, जीएनएम और फार्मेसी कोर्स में दाखिल छात्राओं का मामला उठा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के नौवें दिन शुक्रवार को 11 बजे कार्यवाही शुरु हुयी।

बिहार विधानसभा की कार्यवाही शुरू होती है सदन में पारा मेडिकल एएनएम, जीएनएम और फार्मेसी कोर्स में दाखिल छात्राओं का मामला उठा। जदयू विधायक मंजीत कुमार सिंह ने सरकार से पूछा कि, 2023 -24 और 2024 25 सत्र में दाखिल 500 संस्थानों में 50,000 छात्रों की अब तक परीक्षा नहीं हुई है। ऐसे में उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि, 2023 -24 की परीक्षा इसी साल मार्च में हो जाएगी और 2024- 25 की परीक्षा भी जल्द ही करा लिया जाएगा, यह निर्देश दे दिया गया है और आगे भी नियमित परीक्षा हो इसका भी निर्देश दिया गया है। राजद के वारिसलीगंज से विधायक अनिता देवी ने विधानसभा में सिंचाई के लिए बिजली का मुद्दा उठाया। उन्होने कहा कि किसानों के लिए 24 घंटा बिजली उपलब्ध होना चाहिए। सरकार की ओर से विभागीय मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने जबाव देते हुए कहा कि किसानों को सिचाई की सुविधा के लिए 14 घंटे बिजली दी जा रही है। किसान दिन रात पटवन नहीं करते हैं। इस पर वामदल के विधायक अजय कुमार ने कहा कि 24 घंटे बिजली किसानों की मिलनी चाहिए। इस पर मंत्री बिजेन्द्र यादव ने सधा सा उत्तर देते हुए कहा कि लिख कर दें कि इसका दुरुपयोग नहीं होगा तब इसपर विचार किया जाएगा। दूसरी ओर विधान परिषद में सदन की कार्यवाही शुरु होते ही विपक्ष का हंगामा जारी है। राबड़ी देवी ने कहा, प्रतिदिन महिलाओं के साथ हो रहा बलात्कार छात्राओं की हत्या हो रही है। उन्होंने सवाल पूछा कि सरकार सदन में मौन क्यों है। सदन में सरकार को जवाब देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि बीते 02 फरवरी से विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई है और 27 फरवरी तक बजट सत्र चलेगा। विपक्ष की ओर से कानून व्यवस्था, बेरोजगारी, शिक्षा की बदहाली और किसान के मुद्दे पर लगातार प्रदर्शन भी हो रहा है लेकिन लंबे अरसे के बाद विधानसभा में प्रश्न काल बिना रोक-टोक के चल रहा है। जिससे सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पिछले तीन दिनों से सदन में नहीं आए हैं और इसके कारण सत्ता पक्ष के लोगों को विपक्ष पर हमला करने का मौका भी मिल रहा है।



# पूर्णिया सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, परिसर पुलिस छावनी में तब्दील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया। पूर्णिया सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार की सुबह पूरे शहर में हड़कंप मच गया। एहतियातन कोर्ट परिसर को पूरी तरह पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। सिविल कोर्ट आने-जाने वाली मुख्य सड़क को अस्थायी रूप से सील कर दिया गया है तथा आम लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात्रि लगभग 12 बजे के बाद सिविल कोर्ट की आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ, जिसमें कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और तत्काल सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। मौके पर पूर्णिया सदर डीएसपी के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। बम स्क्वायड टीम और श्वान दस्ते द्वारा परिसर के चप्पे-चप्पे की सघन तलाशी ली जा रही है। कई थानों के प्रभारी एवं सैकड़ों पुलिस जवान सुरक्षा घेरा बनाए हुए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर कोर्ट परिसर को खाली कराया गया और आसपास के रास्तों को भी अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। फिलहाल कोर्ट का नियमित कामकाज बाधित है। परिसर में स्वाभाविक रूप से भय का माहौल देखा जा रहा है, हालांकि वकीलों और कर्मचारियों की सीमित मौजूदगी बनी हुई है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश तिवारी ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में विभिन्न स्थानों पर ईमेल के जरिए इस प्रकार की धमकियां मिलने की घटनाएं सामने आई हैं। यदि यह धमकी फर्जी साबित होती है तो यह भी गंभीर विषय है कि आखिर ऐसी हरकतें कौन और क्यों कर रहा है। उन्होंने सरकार से मामले में सख्त संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।



# सांसद पप्पू यादव को पटना सिविल कोर्ट से तीन मामलों में मिली जमानत, रिहाई का रास्ता साफ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में पूर्णिया से लोकसभा सांसद पप्पू यादव को शुक्रवार को बड़ी कानूनी राहत मिली है। पटना सिविल कोर्ट ने उन्हें तीन अलग-अलग मामलों में जमानत दे दी है। इनमें बुद्धा कॉलोनी थाना, कोतवाली थाना और पूर्णिया से जुड़े मामले शामिल हैं। जमानत मिलने के बाद उनकी रिहाई का रास्ता साफ हो गया है।

इससे पहले धोखाधड़ी कर मकान किराये पर लेने और कब्जा करने से जुड़े एक पुराने मामले में उन्हें जमानत मिल चुकी थी, लेकिन अन्य मामलों में राहत नहीं मिलने के कारण उन्हें बेऊर जेल में रहना पड़ रहा था। शुक्रवार को बुद्धा कॉलोनी थाना में दर्ज सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। इसके अलावा कोतवाली थाना में वर्ष 2017 में दर्ज एक अन्य मामले में भी अदालत ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए राहत प्रदान की। उधर, जमानत की खबर मिलते ही उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने इसे न्याय की जीत बताया है। राजनीतिक गलियारों में भी इस फैसले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। जमानत की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जेल प्रशासन उनकी रिहाई की प्रक्रिया शुरू करेगा। उल्लेखनीय है कि पप्पू यादव को 7 फरवरी की रात पटना के मंदिरी स्थित आवास से पुलिस ने गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी गर्दनीबाग थाना में दर्ज 31 वर्ष पुराने मामले के सिलसिले में की गई थी। गिरफ्तारी के दौरान समर्थकों और पुलिस के बीच नोंकझोंक भी हुई, जिसके बाद बुद्धा कॉलोनी थाना में एक और मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तारी के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) ले जाया गया। बाद में उन्हें पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) भेजा गया।

# मुजफ्फरपुर कोर्ट ने दयानिधि मारन को किया तलब, उत्तर भारतीय महिलाओं पर टिप्पणी मामले में समन जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले की एक अदालत ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री दयानिधि मारन के खिलाफ दर्ज परिवाद पर संज्ञान लेते हुए उन्हें समन जारी किया है। यह समन उत्तर भारतीय महिलाओं पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में जारी किया गया है।

मुजफ्फरपुर के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (एसीजेएम-1, पश्चिम) की अदालत ने समन 13 फरवरी को पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजा है। अदालत ने मारन को 23 फरवरी 2026 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। दरअसल, यह विवाद चेन्नई में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान मारन द्वारा दिए गए कथित बयान से जुड़ा है। आरोप है कि उन्होंने हिंदी भाषी राज्यों और तमिलनाडु की तुलना करते हुए कहा था कि उत्तर भारत की महिलाएं और लड़कियां केवल खाना बनाने और बच्चे पैदा करने तक सीमित हैं, जबकि तमिलनाडु की महिलाएं अधिक शिक्षित और प्रगतिशील हैं। मारन के इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद देशभर, विशेषकर उत्तर भारत में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। कई संगठनों और लोगों ने इसे महिलाओं और उत्तर भारतीय समाज का अपमान बताया। इस मामले में स्थानीय अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने मुजफ्फरपुर की अदालत में परिवाद दायर किया था। उन्होंने अपनी याचिका में कहा कि एक सांसद द्वारा इस तरह की टिप्पणी महिलाओं की गरिमा के खिलाफ है और इससे क्षेत्रीय विद्वेष तथा सामाजिक विभाजन को बढ़ावा मिल सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को देश के किसी क्षेत्र, वर्ग या समुदाय का अपमान करने का अधिकार नहीं है। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत संज्ञान लिया है। इनमें धारा 74, 75 और 79 (महिला की गरिमा के अपमान से संबंधित), धारा 192 और 298 (धार्मिक या क्षेत्रीय भावनाओं को ठेस पहुंचाने से संबंधित) तथा धारा 352 और 251(2) (शांति भंग करने के उद्देश्य से अपमान और उकसावे से संबंधित) शामिल हैं। अदालत की ओर से समन जारी किए जाने के बाद अब मामले की अगली सुनवाई 23 फरवरी को होगी। उस दिन मारन की उपस्थिति के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया तय की जाएगी।



## कैप्टन अमरिंदर सिंह को नोटिस जारी करने वाले ईडी अधिकारी का जालंधर से चेन्नई तबादला

चंडीगढ़। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह व उनके बेटे को बुधवार की रात नोटिस जारी करने वाले ईडी अधिकारी का शुक्रवार को तबादला हो गया है। जालंधर स्थित प्रवर्तन निदेशालय के संयुक्त निदेशक रवि तिवारी ने बुधवार की रात अमरिंदर सिंह व उनके बेटे रणइंदर सिंह को समन जारी किया था। इसके बाद पंजाब की राजनीति गरमा गई थी। गुरुवार को पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल ने अमरिंदर सिंह की कांग्रेस में वापसी को लेकर चर्चा शुरू कर दी थी। पंजाब के कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल ने गुरूवार को कहा कि कैप्टन अगर कांग्रेस में आना चाहें, तो हाईकमान विचार कर सकता है। कैप्टन अमरिंदर सिंह की बेटी व पंजाब भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष जय इंदर कौर ने कल ही लुधियाना में कहा कि कैप्टन कहीं नहीं जा रहे हैं। वह भाजपा में हैं और भाजपा में ही रहेंगे।

## मोहाली में आम आदमी पार्टी का कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन, माफी की मांग की

मोहाली। पंजाब के मोहाली में आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कंग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कंग्रेस नेताओं के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए सार्वजनिक माफी की मांग की।

आप कार्यकताओं को यह विरोध हाल ही में कंग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा द्वारा पार्टी के एक मंत्री पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में किया जा रहा है। आप का आरोप है कि उक्त बयान न केवल अनुचित है, बल्कि इससे पार्टी की छवि को भी नुकसान पहुंचा है। इसी मुद्दे को लेकर पार्टी कार्यकर्ता पिछले कुछ दिनों से कंग्रेस नेताओं और विधायकों के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# आईजी ने हल्द्वानी में किया निरीक्षण, खामियों पर जताई नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। कुमाऊं परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत देर रात्रि पुलिस महानिरीक्षक (कुमाऊं) रिद्धिम अग्रवाल ने हल्द्वानी क्षेत्र के विभिन्न नाकों, पुलिस बैरियरों और चौकी क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं वाहनों की जांच की, संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन की प्रक्रिया परखी तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की समीक्षा की। नाकों और बैरियरों पर आगंतुकों एवं वाहनों की आवाजाही से संबंधित रजिस्टरों की जांच में कई प्रविष्टियां अधूरी पाई गईं। इस पर संबंधित थाना प्रभारियों को सभी अभिलेख तत्काल अद्यतन कर एक दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कुछ चौकी क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे खराब पाए गए, जिनकी सूचना उच्चाधिकारियों को नहीं दी गई थी। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी कैमरों को तत्काल दुरुस्त कर अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। गश्ती कर्मचारियों के पास बीट बुक अथवा ई-बीट बुक एवं वायरलेस सेट उपलब्ध न होने पर भी कड़ी आपत्ति दर्ज की गई। निर्देशित किया गया कि प्रत्येक गश्ती कर्मचारी के पास बीट बुक/ई-बीट बुक अनिवार्य रूप से हो तथा क्षेत्र में किए गए सत्यापन और संदिग्ध गतिविधियों का विवरण नियमित रूप से दर्ज किया जाए। निरीक्षण के दौरान कई ओवरलोड वाहनों को सीज भी किया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने स्पष्ट किया कि नाके, बैरियर, सीसीटीवी निगरानी और बीट प्रणाली पुलिसिंग की अहम कड़ियां हैं तथा इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कुमाऊं परिक्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए।



# चिकित्सकों ने खोला मोर्चा,निजी क्लिनिक में ओपीडी और इमरजेंसी सेवा रही बंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। फारबिसगंज रेफरल रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम में छापेमारी के क्रम में धावा दल और चिकित्सक के बीच हाथापाई को लेकर शुक्रवार को निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने आर पार की लड़ाई छेड़ दी है।आईएमए और भाषा की गुरुवार शाम को हुई मीटिंग में लिए गए निर्णय के आलोक में शुक्रवार को नर्सिंग होम,पैथोलॉजी सेंटर, अल्ट्रासाउंड सेंटर के साथ दवा दुकानदारों ने दुकानें बंद रखकर प्रदर्शन किया। इस दौरान चिकित्सकों ने रेफरल रोड में मार्च भी किया,जो पुनः अनुमंडलीय अस्पताल परिसर स्थित लायंस चिल्ड्रन पार्क में नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गई।इधर भाषा के आह्वान पर सरकारी चिकित्सकों ने घटना के विरोध में काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी की। गुरुवार शाम रेफरल रोड में आईएमए और भाषा से जुड़े चिकित्सकों की मीटिंग हुई।जिसमें जांच के नाम पर एडीएम द्वारा चिकित्सक के ऊपर थप्पड़ जड़ने की घटना की निंदा की।चिकित्सकों ने आईएमए राज्य इकाई के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को फारबिसगंज के सभी निजी क्लिनिक बंद रखने के साथ ओपीडी और इमरजेंसी सेवा दोनों सेवा को बंद रखने का निर्णय लिया। बैठक में सरकारी सेवा से जुड़े भाषा के चिकित्सकों ने काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी किया। आईएमए ने स्पष्ट रूप से मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए अररिया जिला प्रशासन को अपनी गलती मानकर चिकित्सक से माफी मांगने की मांग की है।साथ ही चिकित्सक के खिलाफ दर्ज केस को वापस लेने की मांग की। आईएमए फारबिसगंज इकाई ने स्पष्ट निर्णय लेते हुए कहा कि कहीं भी कोई डेलिगेशन नहीं जाएगा,जिला प्रशासन को आकर बात करनी होगी।

# अवसरों को मजबूत और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाली तकनीक का फायदा उठाना चाहिए : विजेंद्र गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के युग में एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। हमारा उद्देश्य होना चाहिये कि ऐसी तकनीक का लाभ उठायें और अवसरों को मजबूत करे। साथ ही निष्पक्षता की रक्षा करे और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा दे। ये विचार गुप्ता ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह कॉलेज के शैक्षणिक सभागार में 'चुनौतियां और अवसर : एक आर्थिक परिप्रेक्ष्य' विषय पर आयोजित तीसरे राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। इस सेमिनार में दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के निदेशक और मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य प्रो. राम सिंह के साथ-साथ शिक्षा और उद्योग जगत के अन्य गणमान्य वक्ता भी उपस्थित रहे। कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, उद्योग विशेषज्ञों और छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विजेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक संरचनात्मक आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित हो चुकी है, जो उत्पादकता, श्रम बाजार, पूंजी आवंटन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को नया आकार दे रही है। उन्होंने गौर किया कि दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं अब डेटा, एल्गोरिदम और कम्प्यूटेशनल क्षमता के इर्द-गिर्द पुनर्गठित हो रही हैं। एआई आज वित्तीय प्रणालियों, विनिर्माण, भविष्य कहने वाली विश्लेषिकी (प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स) के माध्यम से कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रसद (लॉजिस्टिक्स) और सार्वजनिक प्रशासन को गहराई से प्रभावित कर रहा है। भारत को सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से एक बताते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि देश का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और युवा जनसांख्यिकीय प्रोफाइल इस वैश्विक संक्रमण में भारत को एक रणनीतिक बढ़त दिलाता है। उन्होंने जोर दिया कि एआई कई क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाकर, बेहतर क्रेडिट मूल्यांकन के माध्यम से वित्तीय समावेशन को मजबूत करके और नवाचार को बढ़ावा देकर बड़े आर्थिक अवसर प्रदान करता है। उन्होंने यह भी कहा कि एआई से जुड़ी भूमिकाओं में वेतन और नौकरी की गुणवत्ता बेहतर हो रही है, जो भारत के युवाओं के लिए सार्थक अवसर है। गुप्ता ने कहा कि एआई को अपनाने के व्यापक व्यापक-आर्थिक (मैक्रोइकॉनोमिक) निहितार्थ हैं जो वेतन संरचना, कराधान प्रणाली और दीर्घकालिक रोजगार पैटर्न को प्रभावित करते हैं। उन्होंने छात्रों को तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य में खुद को ढालने, विश्लेषणात्मक क्षमता विकसित करने और नैतिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।



# मुख्यमंत्री ने 51 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों किया शुभांरभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को 51 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का दक्षिण दिल्ली के फतेहपुर बेरी गांव से शुभांरभ किया। उन्होंने कहा कि जो काम कंग्रेस की सरकार 15 वर्षों और आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार 11 वर्षों में नहीं कर सकीं, हमारी सरकार ने एक वर्ष में कर दिया। मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने मात्र एक वर्ष में दिल्ली में 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि यह हमारी सरकार की गति और स्केल का प्रमाण है। आरोग्य मंदिरों का सबसे बड़ा लाभ दिल्लीवासियों को मिल रहा है, जिन्हें अब अपने ही क्षेत्र में जांच, उपचार और आवश्यक दवाइयों की सुविधा सुलभ हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार जल्द ही 1100 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करने के अपने लक्ष्य को भी पूरा करेंगे, ताकि हर नागरिक को उसके अपने क्षेत्र में भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में फ्री टेस्ट, निःशुल्क दवाइयां, उन्नत डायग्नोस्टिक सेवाएं, कैंसर स्क्रीनिंग, टीकाकरण और मातृ-शिशु देखभाल की सुविधाएं उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दक्षिणी दिल्ली में करोड़ों रुपये की परियोजनाएं चल रही है। इससे यहां गांवों का भी विकास हो रहा है। क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों होने का फायदा भी इस क्षेत्र को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी व्यक्तियों को इलाज मिले। इसके लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को पूरा करने के लिए दिल्ली सरकार काम कर रही है। इस अवसर पर सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, विधायक करतार सिंह तंवर, निगम पार्षद सुंदर सिंह तंवर उपस्थित रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063